GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 11-03-2023

# सकुशल होली सम्पन्न कराने में चौकीदारों की भूमिका अहम

**बेलघाट (एसएनबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र में होली व सबेरात त्योहार सकुशल सम्पन्न कराने के लिये डियूटी में लगे होमगार्ड व चौकी दारो ने अहम भूमिका का निर्वहन किया



जिससे क्षेत्र में शान्ति पूर्वक दोनो पर्व मनाये जाने पर थानाध्यक्ष कमलेश कुमार ने थाना क्षेत्र के चौकीदारों की एक बैठक कर उनके कर्तव्य निष्ठा की सराहन की तथा प्रशस्ति पत्र देकर होमगार्ड एवं चौकीदारों का उत्साह वर्धन किया। इस मौके पर रमेश चंद कुशवाहा अजीत यादव ब्रह्म देव पांडे रूप नारायण सिंह विकास नाथ सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# पब्लिक ने दिए वोट, थानों की घटी-बढ़ी रेटिंग

**गोरखपुर (एसएनबी)।** पुलिस की कार्यप्रणाली सुधारने के लिए एडीजी ने पीएआर सिस्टम शुरू जरूर किया लेकिन अभी तक न तो अच्छे थानों को कोई सम्मान मिला है, ना ही खराब परफार्मेंस वाले थानेदार पर एक्शन हुआ हैं। फिलहाल जनवरी माह की गोरखपुर के सभी थानों की रेटिंग जारी कर दी गई है। जनवरी माह में जनता ने झगहां, चौरीचौरा, तिवारीपुर, शाहपुर और उरूवा बाजार थाने की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। जिससे ये थाने रेटिंग में नीचे पायदान पर घिसकने के साथ ही बाटम में शामिल हो गए हैं। अब देखना है कि साल 2023 में यह सिस्टम कितना असरदार साबित होता है।

**जनता को नहीं पंसद आए पांच थाने**

**जनवरी माह का जारी हुआ पब्लिक अप्रुवल रेटिंग**

### बटम में आए पांच थानों की रैंकिंग

बटम आए पांच थानों में झंगहा 28, चौरीचौरा 27, तिवारीपुर 26, शाहपुर 25 और उरूवा बाजार 24 वें पायदान पर है। इन थानों को बटम लिस्ट में डाला गया है।बटम में लगातार तीन बार आने पर थानेदार पर कार्रवाई हो सकती है। इसलिए फरवरी माह में इन थानों को अपनी रैंकिंग में सुधार लाना होगा।

### ये हैं टॉप 5 थाने

जनवरी माह में पांच थाने टॉप पर हैं। पीएआर सिस्टम से मिले पब्लिक के फीडबैक के आधार पर पहले स्थान पर कोतवाली थाने ने जगह बनाई है। दूसरे नंबर पर कैंपियरगंज, तीसरे पर कैंट, चौथे पर बेलघाट और पांचवें नंबर पर गगहा थाना है।

### टॉप 5 थानों की पब्लिक अप्रुवल रेटिंग

| थाना | रेटिंग |
|---|---|
| कोतवाली | 86.89 परसेंट |
| कैंपियरगंज | 85. 12 परसेंट |
| कैंट | 83.69 परसेंट |
| बेलघाट | 82.58 परसेंट |
| गगहा | 75.57 परसेंट |

### मिले जनता के वोट

पीएआर की रैंकिंग में भले ही कोतवाली नंबर 1 पर है लेकिन सबसे अधिक वोट पाने वाला थाना बेलघाट है बेलघाट को 3213, झंगहा 2908, कैंपियरगंज 1696, कैंट 1124 और कोतवाली थाना को केवल 997 वोट ही मिले हैं।

### पांच पिलर्स पर लिए जाते हैं वोट

पीएआर सिस्टम के तहत पांच पिलर्स पर पब्लिक का वोट लिया जाता है इसमे आईजीआरएस, एफआईआर, टविटर पोल, डाएरेक्ट पोल, पासपोर्ट और कैरेक्टर सर्टिफिकेट के मद में पब्लिक से वोट मांग जाते हैं जिसमे पब्लिक अपना अलग-अलग फीडबैक देती है।

### अपराध घटा और टाप में आए थाने

नंबर वन पर जगह बनाने वाले थाने कोतवाली में अपराध का ग्राफ सबसे नीचे है इसी तरह कैंपियरगंज, कैंट, बेलघाट और गगहा अपराध के बाद खुलासा करने में तेज हैं जिससे पब्लिक ने इन्हें टाप पर पहुंचाया है।

टाप 5 थानों की लिस्ट तैयार है, उनके थानेदारों को सम्मानित किया जाएगा पब्लिक से फीडबैक लेने का फायदा ये रहा कि सभी थाने की कार्यप्रणाली में सुधार आया है।

**अखिल कुमार, एडीजी**

# किशोरी बरामद, अपहरणकर्ता गिरफ्तार

**हरपुर-बुदहट (एसएनबी)।** थाना क्षेत्र एक गांव में बृहस्पतिवार की रात में दो पक्षो में जमकर लाठी डंडे चले। जिसमे दोनो पक्ष से लगभग आधा दर्जन लोग घायल हो गए। मारपीट की घटना से गांव में अफरा तफरी मच गयी। सूचना पर पहुंची हरपुर बुदहट पुलिस ने घायलों को इलाज के लिये अस्पताल भिजवाया। थाना क्षेत्र के एक गांव की एक महिला ने थाना पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसकी 15 वर्षीय लड़की जो अपनी भाभी के साथ बृहस्पतिवार रात 8 बजे शौच के लिये खेतो की तरफ गयी थी। गांव का ही एक युवक अपने दोस्त की मदद उसे जबरन अपनी मोटरसाइकिल पर बिठा लिया और लेकर चला गया। भाभी ने सारी बात घर आकर किशोरी की मां को बताई तो किशोरी की मां आरोपी युवक के पिता गुरुप्रसाद के घर उलाहना देने पहुंच गई। किशोरी की अपहरण की बात सुनकर विपक्षीगण हमलावर हो गए और किशोरी की मां और उनके सहयोगियों पर प्राणघातक हमला कर दिया। जिससे दो महिलाओं समेत पांच घायल हो गए। किशोरी की मां की तहरीर पर अपहरण करने वाले युवक कन्हैया पुत्र गुरुप्रसाद उसके साथी नागेंद्र पुत्र दयाराम, श्रीकिशुन, अमरजीत, गुरुप्रसाद और दो अज्ञात पर बलवा, गैर इरादतन हत्या के प्रयास, अपहरण, धमकी देने कि धाराओ में पुलिस ने केस दर्ज किया। वही दूसरे पक्ष से किसमती पत्नी संतराम ने पुलिस को तहरीर दिया कि लड़की की मां और पिता उसके दरवाजे पर लड़का लड़की के मामले को लेकर मारपीट कर रहे थे। जब वह मना करने गयी तो लड़की की मां सहित उनके सहयोगियों ने उनपर और उनके लड़के अमरजीत पर लाठी डंडे से हमला कर दिया जिससे वह सभी गम्भीर रूप से घायल हो गया। पुलिस किस्मती देवी की तहरीर पर विपक्षियों पर मारपीट का केस दर्ज किया। शौच के लिये निकली किशोरी को जबरिया अपहरण करने वाले अभियुक्त कन्हैया पुत्र गुरुप्रसाद को मुखबिर की सूचना पर शुक्रवार को पुलिस ने पकड़ा और उसके कब्जे से किशोरी को मुक्त कराया।

# छेड़छाड़ व पॉक्सो एक्ट का आरोपित गिरफ्तार

**बरहुआं (एसएनबी)।** गीडा पुलिस ने छेड़छाड़ और पॉक्सो एक्ट के मामले में आरोपित व फरार चल रहे आरोपित को गिरफ्तार किया। एसआई अजय कुमार श्रीवास्तव एवं आरक्षी सुमंत यादव, राजाराम वर्मा ने आरोपित को मुखबिर की सूचना पर पकड़ा। उसने अपना नाम विजय सिंह उर्फ खोडे पुत्र स्व0 सत्यनरायण निवासी ग्राम गाहासाड़ थाना गीडा जनपद गोरखपुर बताया। पुलिस ने आरोपित को आईपीसी की धारा 354ख भादवि व 11/12 पाक्सो एक्ट थाना गीडा जनपद गोरखपुर के तहत कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# बेटे की प्रेमिका को चप्पल से पीटा, छीना मोबाइल

**सहजनवां (एसएनबी)।** बेटे की शादीशुदा व बच्चे वाली प्रेमिका को मां ने चप्पलों से पीटा। इतना ही नहीं प्रेमिका को घर में रखने से इनकार करते हुए उसका मोबाइल भी छीन लिया। मामला सहजनवा थाने तक पहुंचा। दोनो के बालिग होने की बात कहकर स्थानीय पुलिस ने अपना पिंड छुड़ाया। काफी देर तक दोनो पक्ष में थाने के बाहर समझौते का प्रयास हुआ लेकिन विफल रहा। सहजनवां थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 23 वर्षीय युवती शादीशुदा है। वह एक बच्चे की माँ भी है। वर्तमान समय मे विशेष समुदाय की युवती अपने मायके में रहती है। उसका पड़ोस के गांव के एक युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। करीब तीन दिन पूर्व प्रेमी युगल फरार हो गये। गुरुवार को युवक अपनी प्रेमिका को लेकर घर पहुंचा तो परिजनों ने उसे घर में घुसने नही दिया। इसके बाद दोनो के परिजन प्रेमी युगल को लेकर थाने पर पहुँचे। युवती एक विशेष समुदाय की थी जिसको लेकर युवक के परिजन घर मे रखने से इंकार कर रहे थे। दोनो परिजन के बीच समझौते की कोशिश होती रही लेकिन बात नही बनी। इस दौरान युवक की मां युवती को चप्पलों से पीटते हुए उसका मोबाइल भी ले लिया। घर में रखने से इंकार कर दिया।

# कीचड़ फेकने से मना करने पर किशोर का सिर फोड़ा

**डोहरिया बाजार (एसएनबी)।** चिलुआताल थाना के मजनू चौकी अन्तर्गत काजीपुर गांव में होली के दिन कीचड़ फेकने से मना करने पर ईंट पत्थर चला जिससे एक किशोर का सिर फट गया। परिजनों ने किशोर को इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित किशोर की मां की तहरीर पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। काजीपुर गांव निवासी राधा देवी पत्नी पंकज गौड़ ने चिलुआताल थाने पर लिखित तहरीर देकर बतायी कि मेरा लड़का अंश होली के दिन घर से दुकान जा रहा था। कुछ दूर जाने के बाद गाँव के लोग कीचड़ वगैरह फेक रहे थे। कुछ कीचड़ हमारे बेटे के ऊपर भी फेक दिये। मना करने पर उक्त लोग गाली देने लगे। एकजुट हुए संजय,किशन,योगी पुत्रगण गब्बू यादव ने उसके बेटे को मारपीट कर घायल कर दिये। मारपीट के दौरान बच्चे का सिर फट गया।

# वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**गोला (एसएनबी)।** घर में घुसकर मारपीट करने के आरोपित रजत पुत्र रामा प्रसाद को शुक्रवार को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से स्टील का ब्लेड बरामद किया। पुलिस आरोपित को दर्ज मुकदमे की धाराओं के तहत कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष अश्वनी कुमार तिवारी ने बताया कि बेवरी गांव नरसिंह व रामा के घर से पुरानी रंजिश है। सायंकाल होली के हुड़दंग में गाली गलौज शुरू हो गई और धीरे-धीरे मारपीट हो गई। जिसमें नरसिंह के पुत्र शैलेश को गंभीर रूप से चोट लग गई। शुक्रवार को पुलिस ने रजत को श्याम घाट से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। आरोपित के विरूद्ध धारा 147, 148, 324, 504, 506, 352 व 307 आईपीसी में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। गुडवर्क टीम में एसआई गुरू प्रसाद, आरक्षी दीपक भारती एवं रामनयन शामिल रहे।

# जालसाजी कर भूमि का बैनामा कराने वाले दो गिरफ्तार

**गोरखपुर (एसएनबी)।** जालसाजी व कूटरचना कर जमीन का बैनामा करने वाले फरार चल रहे दो अभियुक्तों को चिलुआताल पुलिस ने गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक चिलुआताल जयंत कुमार सिंह ने एसआई वीरेंद्र बहादुर सिंह, एसआई हरिशंकर यादव, कांस्टेबल राघवेंद्र कन्नौजिया व अंकित कन्नौजिया के सहयोग से दोनों को पकड़ा। पूछताछ में अभियुक्तों ने अपना नाम रामसजन निषाद पुत्र स्व. हरिद्वार निषाद निवासी सियारामपुर कुन्दरिहा थाना गुलरिहा,जनपद गोरखपुर व अर्जुन निषाद पुत्र भुअर निषाद निवासी गायघाट टोला पनेली थाना पीपीगंज जनपद गोरखपुर बताया। पुलिस आरोपितों को आईपीसी की धारा 406, 419, 420, 467, 468, 471, 504, 506,120 बी के तहत कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

# एटीएम बदलकर उड़ाया 40 हजार रुपए

**ककरही (एसएनबी)।** गोला थाना क्षेत्र में एटीएम बदलकर ठगी करने की घटना रुकने का नाम नहीं ले रही है। शुक्रवार को गोला स्थित यूपी बड़ौदा बैंक के एटीएम पर गगहा के गजहड़ा निवासी दयानंद शाही पुत्र लालजी शाही का एटीएम कार्ड बदलकर जालसाजों ने उनके खाते से 40 हजार रुपए निकाल लिया। गोला क्षेत्र में एटीएम कार्ड बदलकर जालसाजों द्वारा रुपए उड़ाए जाने की एक माह में तीसरी घटना है। पुलिस इसके पहले की दो घटनाओं का भी अभी तक खुलासा नहीं कर सकी है।

> गोला क्षेत्र में एक महीने के अंदर तीसरी घटना
>
> खुलासे के लिए थाने का चक्कर काट कर थक चुके है पीड़ित

गगहा के गजहड़ा निवासी दयानंद शाही पुत्र लालजी शाही ने पुलिस को तहरीर दिया कि वह गोला बाजार किसी कार्य से आये हुए थे। तकरीबन 11 बजे जरूरत पड़ने पर वह यूपी बड़ौदा बैंक के एटीएम मशीन पर पैसा निकालने के लिए गये। अंदर जाकर एटीएम कार्ड के द्वारा पैसा निकालने की कोशिश कर रहे थे तभी पीछे खड़े दो जालसाजों ने पैसा निकालने में मदद करने के लिए कह कार्ड बदल दिया।फोन आने का बहाना कर के वहां से फरार हो गये। उन्होंने कार्ड को लगाकर पैसा निकालने की कोशिश किया तो पता चला की कार्ड ब्लॉक है। जब कार्ड को निकाल कर देखा तो कार्ड बदला जा चुका था। जब तक पीड़ित पुलिस और एसबीआई शाखा पर शिकायत करता तब तक खाते से चालीस हजार निकालने का मैसेज आ गया।

### एक महीने के अंदर तीसरी घटना

एक महीने के अंदर ही तीन घटनाओं को अंजाम देकर एक लाख रूपये की ठगी कर चुके जालसाजों को पुलिस अभी तक पकड़ पायी है। बीते



दयानंद शाही | बिन्द्रावती राय | पूनम प्रजापति

13 फरवरी को बेवरी स्थित स्टेट बैंक के एटीएम पर पैसा निकलने पंहुची सुरदापार राजा निवासिनी बिन्द्रावती राय पत्नी स्व मृत्युंजय राय के एटीएम को बदलकर जालसाजों ने 3000 हजार रूपये उड़ा दिया था। बिन्द्रावती राय ने बताया कि घटना के समय से मैं कई बार थाने पर जा चुकी हूं लेकिन कार्रवाई के नाम पर हमें केवल फोटो दिखाया जाता है। 20 फरवरी को बेवरी स्थित स्टेट बैंक गोला में 30 हजार रूपये जमा करने आयी बेलसड़ा निवासनी पूनम प्रजापति पत्नी राम सिंगार प्रजापति से जालसाज पैसा लेकर चंपत हो गये थे।

# झूठी सूचना देने पर शांति भंग में चालान

**GULRIHA:** गुलरिहा थाना क्षेत्र के जंगल हरपुर में होली खेल रहे युवक का गांव के ही युवकों द्वारा कपड़ा फाड़ने पर एक व्यक्ति ने पुलिस को दस हजार रुपए की छिनैती होने की तहरीर दी थी. जांच में पता चला कि तहरीर देने वाले व्यक्ति की पत्नी ने कपड़े फाड़ने से नाराज होकर छिनैती की सूचना देने की बात कही थी. इस प्रकरण मे प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि जांच में छिनैती की सूचना झूठी निकली है. डीजे पर डांस कर रहे कुछ युवकों ने उसके कपड़े फाड़ दिए थे. इस मामले में चंद्रिका निषाद एवं राजू चौहान के विरुद्ध शांति भंग की कार्रवाई की जा रही है.

# विधायक के फटकार पर गुलरिहा पुलिस लौटायी पैसा

**भटहट (एसएनबी)।** छत लगवाने के लिए सड़क के किनारे गिट्टी गिरवाना एक वृद्ध को भारी पड़ गया। आरोप है कि स्थानीय पुलिस ने गाली-गुप्ता देकर घंटेभर चौकी में बैठाया और 15 सौ रुपए रिश्वत लेकर उसे छोड़ दिया। पीड़ित ने जब इसकी शिकायत क्षेत्रीय विधायक से की तो विधायक ने फटकार लगायी। फटकार के फौरन बाद एक कांस्टेबल को भेजकर पुलिस ने पैसा वापस लौटा दिया। पीड़ित द्वारा सीएम पोर्टल और एसएसपी को पत्र भेज कर दोषी पुलिसकर्मियों के विरूद्ध कार्रवाई की गुहार लगाई है।

**घंटाभर चौकी में बैठाने के बाद वसूल लिया था 15 सौ रुपए**

भटहट कस्बा निवासी वृद्ध मुख्तार निर्माणाधीन घर का छत लगवाने के लिए भटहट पनियरा रोड के किनारे अपने दरवाजे पर गिट्टी गिरवा कर सटरिंग का कार्य करा रहे हैं। वृद्ध द्वारा आइजीआरएस के शिकायती पत्रक में लिखा गया है कि गुरुवार की शाम को स्थानीय पुलिस द्वारा रोड पर अतिक्रमण होने की सूचना देकर चौकी बुलवाया गया। पहुंचते ही मां बहन की गाली गुप्ता देते हुए बैठा लिया गया। केस दर्ज कर जेल भेजने की धमकी दिया जाने लगा और दो हजार रुपये की मांग की। घंटाभर बैठाने के बाद उनसे 1500 रुपया वसूली करके छोड़ दिया गया।

वृद्ध ने शुक्रवार को इसकी शिकायत क्षेत्रीय विधायक महेन्द्र पाल सिंह से की। उन्होंने स्थानीय पुलिस को फोन पर कड़ी फटकार लगाई तो वृद्ध का पैसा वापस कर दिया गया। पुलिस की इस करतूत से क्षेत्र में वर्दी की बेइज्जती हो रही है।

इस संबंध में भटहट चौकी इंचार्ज से उनके मोबाइल पर बात करने का प्रयास किया गया लेकिन उन्होंन कॉल डिस्कनेक्ट कर दिया।

# सेमरडाड़ी में पहुंचे सीओ घटना की जानकारी ली

## सहजनवां थाना क्षेत्र के सेमरडाड़ी गांव में गुरुवार को विवाद में चले थे ईंट-पत्थर

**SAHJANWA (10 March):** थाना क्षेत्र के सेमरडाड़ी गांव में दो पक्षों में हुए विवाद के मामले में शुक्रवार को सीओ कैंपियरगंज श्यामदेव बिंद पुलिसबल के साथ गांव पहुंचे और ग्रामीणों से बात कर हकीकत जांची. उधर, एक पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने 17 नामजद व अज्ञात के विरुद्ध हत्या का प्रयास व एससी-एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है. बता दें कि गुरुवार की देरशाम गांव में दो पक्षों में विवाद के बाद जमकर ईंट-पत्थर चले थे और मनबढ़ों ने पुलिस पर भी पथराव किया था.

सेमरडाड़ी में होली के दिन दो बिरादरी के युवकों में विवाद के बाद गुरुवार की रात दोनों पक्षों के लोग आपस में भिड़ गए थे. दोनों तरफ से जमकर पत्थरबाजी हुई थी. सूचना पर पहुंची घघसरा पुलिस पर भी ईंट व पत्थर फेंके गए. विवाद बढ़ता देख बड़ी संख्या में पुलिसबल के साथ पहुंचे थानेदार ने दोनों पक्षों को शांत कराया था. इसमें तीन लोग घायल हुए थे और एक बाइक भी क्षतिग्रस्त हुई थी. उधर, शुक्रवार की सुबह सीओ कैंपियरगंज ने गांव पहुंचकर ग्रामीणों से जानकारी ली. ग्रामीणों ने बताया कि पुराने मामले को लेकर विवाद बढ़ा था. वहीं, पुलिस ने राम सिंहासन की तहरीर पर दुर्गा निषाद, पुराने, बुलबुल, प्रदीप, मुकेश, गोविंद, चंदे, प्रेमचंद, अनीश, सुनील, घनश्याम, त्रिभुवन, रमेश, रंजीत निषाद, सुरेंद्र निषाद, जिलाजीत निषाद व महेंद्र की पत्नी तथा अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है. क्षेत्राधिकारी श्यामदेव बिंद ने बताया कि जांच चल रही है. गांव में शांति है. जल्द ही आरोपित गिरफ्तार कर लिए जाएंगे.

# पीएआरः झंगहा, चौरीचौरा, उरुवा बाजार थाने की परफॉर्मेंस खराब

### जनवरी की पब्लिक अप्रूवल रेटिंग जारी

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (10 March):** पुलिस की कार्यप्रणाली सुधारने के लिए एडीजी की ओर से जारी पब्लिक अप्रूवल सिस्टम (पीएआर) में पांच थानों की रिपोर्ट खराब आई है. जनवरी माह में पब्लिक ने झंगहा, चौरीचौरा, तिवारीपुर, शाहपुर और उरूवा बाजार थाने की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं, जिससे ये थाने रेटिंग में नीचे पायदान पर खिसकने के साथ ही बॉटम में शामिल हो गए हैं. हालांकि, अभी तक जिन थानों की अच्छी परफॉर्मेंस आई है. उन्हें न तो पुरस्कार मिला है आर न ही बॉटम-5 थानों पर कोई एक्शन हुआ है. ऐसे में अब देखना है कि साल 2023 में यह सिस्टम कितना असरदार साबित होता है.

### बॉटम में आए पांच थानों की रैंकिंग

बॉटम आए पांच थानों में झंगहा 28, चौरीचौरा 27, तिवारीपुर 26, शाहपुर 25 और उरूवा बाजार 24 वें पायदान पर है. इन थानों को बॉटम लिस्ट में डाला गया है. बॉटम में लगातार तीन बार आने पर थानेदार पर कार्रवाई हो सकती है. इसलिए फरवरी माह में इन थानों को अपनी रैंकिंग में सुधार लाना होगा.



बेहतर पुलिसिंग की अफसर देते हैं जानकारी.

### टॉप 5 थानों की पब्लिक अप्रूवल रेटिंग

| थाना | रेटिंग |
|---|---|
| कोतवाली | 86.09 परसेंट |
| कैंपियरगंज | 85.12 परसेंट |
| कैंट | 83.69 परसेंट |
| बेलघाट | 82.58 परसेंट |
| गगहा | 75.57 परसेंट |

### ये हैं टॉप 5 थाने

जनवरी माह में पांच थाने टॉप पर है. पीएआर सिस्टम से मिले पब्लिक के फीडबैक के आधार पर पहले स्थान पर कोतवाली थाने ने जगह बनाई है. दूसरे नंबर पर कैंपियरगंज, तीसरे पर कैंट, चौथे पर बेलघाट और पांचवें नंबर पर गगहा थाना है.



"टॉप 5 थानों की लिस्ट तैयार है. उनके थानेदारों को सम्मानित किया जाएगा. पब्लिक से फीडबैक लेने का फायदा ये रहा कि सभी थाने की कार्यप्रणाली में सुधार आया है.

**अखिल कुमार**, एडीजी जोन

**तिवारीपुर, शाहपुर समेत 5 थाने पब्लिक को नहीं पंसद**

### मिले पब्लिक के वोट

पीएआर की रैंकिंग में भले ही कोतवाली नंबर 1 पर है. लेकिन सबसे अधिक वोट पाने वाला थाना बेलघाट है. बेलघाट को 3213, झंगहा 2908, कैंपियरगंज 1696, कैंट 1124 और कोतवाली थाना को केवल 997 वोट ही मिले हैं.

### पांच पिलर्स पर लिए जाते हैं वोट

पीएआर सिस्टम के तहत पांच पिलर्स पर पब्लिक का वोट लिया जाता है. इसमे आईजीआरएस, एफआईआर, टविटर पोल, डाएरेक्ट पोल, पासपोर्ट और कैरेक्टर सर्टिफिकेट के मद में पब्लिक से वोट मांग जाते हैं. जिसमे पब्लिक अपना अलग-अलग फीडबैक देती है.

### अपराध घटे और टॉप में आए थाने

नंबर वन पर जगह बनाने वाले थाने कोतवाली में अपराध का ग्राफ सबसे नीचे है. इसी तरह कैंपियरगंज, कैंट, बेलघाट और गगहा अपराध के बाद खुलासा करने में तेज हैं. जिससे पब्लिक ने इन्हें टॉप पर पहुंचाया है.

# अवैध हॉस्पिटल को एसडीएम ने किया सील

**SIKRIGANJ:** सिकरीगंज में शुक्रवार को राजेश हाईटेक हॉस्पिटल को एसडीएम ने सील कर दिया गया. सील करने से एक हफ्ते पहले हॉस्पिटल को कागज बनवाने की चेतावनी दी गई थी. मगर चेतावनी के बाद भी कागज ना बनवाने पर डीएम के आदेश पर एसडीएम ने पुलिस बल के साथ पहुंचकर उक्त कार्यवाही की. कार्रवाई के बाद क्षेत्र में बिना मान्यता एवं डिग्री के चल रहे अस्पतलो में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है. एसडीएम सिद्धार्थ पाठक ने बताया लगातार छापेमारी चलती रहेगी और अवैध रूप से चल रहे हॉस्पिटल और पैथोलॉजी के ऊपर कड़ी कार्रवाई की जाएगी.

# शादी का झांसा देकर किशोरी से दुष्कर्म, केस दर्ज




gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (10 March):** गुलरिहा थाना क्षेत्र के एक गांव में किराये पर रह रही किशोरी को शादी का झांसा देकर गोरखनाथ थाना क्षेत्र का युवक दुष्कर्म करता रहा. शुक्रवार को पीड़िता ने पुलिस को आरोपित के विरुद्ध तहरीर दी. पुलिस ने तहरीर के आधार पर धोखाधड़ी, दुष्कर्म, पाक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है. 17 वर्षीय किशोरी ने तहरीर में बताया कि वह अपनी मां के साथ एक गांव में किराये पर रहती है. पड़ोस में गोरखनाथ थाना क्षेत्र के रसूलपुर निवासी शाहिद अली भी अपने भाई के साथ रहता है. किशोरी ने आरोप लगाया कि शाहिद पहले से विवाहित है और उसके दो बच्चे हैं. बावजूद यह बात छिपाकर आरोपित शादी का झांसा देकर उसके साथ पांच माह से संबंध बनाता रहा. पीड़िता ने बताया कि आरोपित की पत्नी और बच्चे की जानकारी होने के बाद उससे दूरी बना ली. इसके बाद आरोपित उसके साथ संबंध बनाने का दबाव बनाने लगा. विरोध पर जानमाल की धमकी दे रहा है. थाना प्रभारी मनोज कुमार पाण्डेय ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तलाश की जा रही है.

# युवक पर दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट का केस

गोरखपुर। गुलरिहा थानाक्षेत्र के एक गांव में किराए के मकान में रह रही 17 वर्षीय किशोरी के साथ पड़ोस में रहने वाला शादीशुदा युवक पांच माह से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करता रहा। पीड़िता की तहरीर पर गुलरिहा पुलिस ने धोखाधड़ी, दुष्कर्म एवं पॉक्सो एक्ट में केस दर्ज किया है। पुलिस आरोपित की तलाश कर रही है।

क्षेत्र के एक गांव में अपनी मां के साथ किशोरी किराए पर एक मकान लेकर रहती है, वहीं पड़ोस में गोरखनाथ थाना क्षेत्र के रसूलपुर निवासी युवक शाहिद अली अपने भाई नदीम के साथ किराये पर रहता है। शाहिद शादीशुदा है और उसके दो बच्चे हैं। आरोप है कि यह बात छुपाकर वह बहला फुसलाकर पांच माह से शादी का झांसा देकर किशोरी से सम्बन्ध बनाता रहा।

# किशोरी को घर से उठा ले गया शोहदा, केस दर्ज




**16 वर्षीय किशोरी के अपहरण का मामला**

■ भाई व पिता पर अपहरण और धमकी का केस दर्ज

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। चिलुआताल इलाके की एक कॉलोनी से 16 वर्षीय किशोरी के अपहरण का मामला सामने आया है। आरोप है घर के पास ही रहने वाला शोहदा परेशान करता था और गुरुवार को किशोरी को धमकी देकर अपहरण कर लिया।

पुलिस ने आरोपी युवक चंद्रमोहन तिवारी, उसके पिता वशिष्ठ तिवारी और भाई आनन्द तिवारी के खिलाफ अपहरण और धमकी देने की धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।

जानकारी के मुताबिक, किशोरी के पिता ने दी तहरीर में लिखा है कि उनकी बेटी की जन्मतिथि 2007 है। शास्त्रीपुरम का रहने वाला चंद्रमोहन तिवारी उसे बार बार धमकी देता था और परेशान करता था। कई बार उसे डांटा भी गया, लेकिन उसकी शिकायत घर पर करने पर उसके पिता वशिष्ठ तिवारी और उनके बड़े भाई आनन्द तिवारी बार बार धमकी देते रहे हैं।

गुरुवार को बच्ची घर में अकेली थी। इसका फायदा उठाकर आरोपी घर से डरा धमका कर अपहरण कर फरार हो गए। घटना से पूरा परिवार डरा है, बच्ची को जान का खतरा है। पुलिस तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# एसडीएम ने निजी अस्पताल को सील किया

सिकरीगंज। डीएम के निर्देश पर एसडीएम ने देहात के अस्पतालों में इंतजामो की पड़ताल की। सिकरीगंज में जुटी टीमो ने क्षेत्र में बिना पंजीकरण अस्पताल संचालित करने वाले संचालकों के खिलाफ कार्यवाही की। कुछ तो टीम देख भाग निकले। एसडीएम सिद्धार्थ पाठक ने राजेश हाईटेक अस्पताल पहुंचे जांच के दौरान अस्पताल का पंजीकरण न मिलने से अस्पताल को सील कर दिया।

# गांव का लिया जायजा 18 पर दर्ज कराया केस

घघसरा। सहजनवा थाना क्षेत्र के सेमरडाड़ी में गुरुवार को दो बिरादरी के लोग पुराने विवाद को लेकर भिड़ गए थे। रात को देखते ही देखते दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर पथराव शुरू कर दिया। विवाद बढ़ता देख थानेदार मौके पर पहुंचे और किसी तरह से दोनों पक्षों को शांत कराया। वहीं एक पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने दूसरे पक्ष के 18 लोगों पर केस दर्ज किया है।

# 73 तमंचे व 112 कारतूस बरामद, स्रोत नामालूम

■ विवेक पांडेय

## कार्रवाई

- छह तमंचे तो पब्लिक के वीडियो वायरल करने पर पुलिस ने किए बरामद
- तमंचा और कारतूस के साथ पकड़े गए 76 बदमाश, स्रोत का पता नहीं लगा

## कुशीनगर में भी बड़ी कार्रवाई

ऑपरेशन तमंचा 2.0 में सबसे ज्यादा गोरखपुर में 20 तमंचा और 31 कारतूस बरामद हुए। उसके बाद नम्बर कुशीनगर का रहा यहां से 11 तमंचा और 22 कारतूस मिले। उसके अलावा अन्य जिलों का आंकड़ा इससे नीचे ही रहा है। देवरिया में पांच, महराजगंज में चार, बस्ती में सात, सिद्धार्थनगर में एक, गोंडा में 11 बहराइच में आठ और श्रावस्ती में पांच तमंचे बरामद हुए। खास बात यह रही है कि पिछले दो महीने में संतकबीरनगर व बलरामपुर पुलिस को एक भी अवैध तमंचा नहीं मिला। जितनी भी बरामदगी हुई है इन सभी में पुलिस अफसरों का दावा है कि स्रोत का पता लगाया जा रहा है।

गोरखपुर। गोरखपुर जोन की पुलिस ने पिछले दो महीने में जोन के अलग-अलग थानों से 73 तमंचा और 112 कारतूस बरामद किया है। इनके साथ 76 बदमाश भी पुलिस के शिकंजे में आए हैं। हालांकि यह तमंचा और कारतूस कहां से आया है इसके बारे में पुलिस के पास कोई जानकारी नहीं।

जनवरी 2023 के पहले सप्ताह में गोरखपुर पुलिस ने खोराबार के एक ग्राम प्रधान को वायरल वीडियो के आधार पर पकड़कर उसके पास से अवैध कार्बाइन बरामद किया था। इस मामले में पुलिस ने एक छात्रनेता को भी तमंचे के साथ गिरफ्तार किया था। दावा था कि कुशीनगर के एक युवक ने उन्हें तमंचा बेचा था पर पुलिस आज तक उस युवक तक नहीं पहुंच पाई। लिहाजा कार्बाइन कहां से आया इसका स्रोत नहीं पता चल पाया है।

इस घटना के बाद एडीजी अखिल कुमार ने छह जनवरी 2023 से ऑपरेशन तमंचा 2.0 अभियान शुरू किया। इससे गोरखपुर जोन सहित अन्य जिलों में गोलियां चलनी बंद हो गई थीं लेकिन अभियान की सुस्ती के बाद इधर फिर घटनाएं बढ़ी थीं। हालांकि पहले अभियान में भी स्रोत पर प्रहार नहीं हुआ था लिहाजा इस बार एडीजी ने यह निर्देश दिया था कि न सिर्फ अवैध तमंचा बरामद कर उसे रखने वालों को पकड़ा जाए बल्कि यह तमंचा कहां से आ रहे हैं उसके जड़ पर भी प्रहार किया जाए। करीब दो महीने से यह अभियान चल रहा है इस दौरान गोरखपुर जोन की पुलिस ने 76 बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके पास से 73 तमंचे और 112 कारतूस बरामद किया।

सबसे ज्यादा बरामदगी गोरखपुर में हुई यहां की पुलिस ने 20 से ज्यादा तमंचे बरामद किया है। यही नहीं लोगों ने खुद छह बदमाशों के पास अवैध तमंचे के बारे में सूचना देकर गिरफ्तार कराया है।

# किशोरी को बाइक सवार ने किया अगवा

हरपुर बुदहट। मझौरा निवासी महिला ने आरोप लगाया कि उसकी 15 वर्षीय बेटी भाभी के साथ शौच के लिए गई थी। गांव का ही एक युवक दोस्त की मदद उसे बाइक पर बिठाकर चला गया। महिला की तहरीर पर आरोपी युवक कन्हैया, साथी नागेंद्र, श्रीकिशुन, अमरजीत, गुरुप्रसाद और दो अज्ञात पर केस दर्ज किया है। वहीं दूसरे पक्ष से मझौरा निवासिनी किसमती की तहरीर पर उनके विपक्षी सुरेंद्र, अशोक, वीरेंद्र पर मारपीट धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपी कन्हैया को पुलिस ने पकड़ लिया।

# एटीएम कार्ड बदल 40 हजार उड़ाए

गोलाबाजार, हिन्दुस्तान संवाद। गोला कस्बे में एटीएम कार्ड बदलकर ठगी करने वाले जालसाज सक्रिय हैं। शुक्रवार को गगहा थानाक्षेत्र के गजहड़ा निवासी दयानंद शाही का एटीएम बदल कर जालसाजों ने 40 हजार रुपये उड़ा लिए। एक महीने के अंदर यह तीसरी घटना है।

गगहा क्षेत्र के गजहड़ा निवासी दयानंद शाही पुत्र लालजी शाही गोला बाजार कुछ सामान लेने गए थे। 11 बजे जरूरत पड़ने पर वह यूपी बड़ौदा बैंक गोला के एटीएम से रुपये निकालने के लिए गए। इसी दौरान पीछे खड़े दो जालसाजों ने रुपये निकालने में मदद के बहाने कार्ड बदल लिया और फोन आने का बहाना कर फरार हो गए। जब दयानंद ने दोबारा कार्ड से पैसा निकालने की कोशिश की तो पता चला की कार्ड ब्लॉक है। कार्ड देखा तो पता चला कि कार्ड बदला जा चुका था।

## एक महीने के अंदर जालसाजी की तीसरी घटना

एक महीने के अंदर ही तीन घटनाओं को अंजाम देकर जालसाज एक लाख रुपये की ठगी कर चुके हैं। 13 फरवरी को बेवरी स्थित स्टेट बैंक के एटीएम पर पैसा निकलने पंहुची सुरदापार राजा निवासनी बिन्द्रावती राय पत्नी स्व मृत्युंजय राय का एटीएम कार्ड बदलकर जालसाजों ने 30 हजार रुपये उड़ा लिए। बिन्द्रावती ने बताया कि कई बार थाने पर जा चुकी लेकिन कोई परिणाम नहीं निकला। 20 फरवरी को बेवरी स्थित स्टेट बैंक गोला में 30 हजार रुपये जमा करने आई बेलसड़ा निवासनी पूनम प्रजापति पत्नी राम सिंगार प्रजापति के रुपये लेकर जालसाज फरार हो गए थे।

# साले व उसके साथियों ने हड़पे रुपये, केस

**धोखाधड़ी**

- जमीन दिलाने के नाम पर की धोखाधड़ी
- कूटरचित दस्तावेज तैयार कर झांसे में लिया

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता । गुलरिहा थानाक्षेत्र के हीरागंज निवासी व्यक्ति ने कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जमीन दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले अपने सगे साले और उसके दो साथियों के खिलाफ केस दर्ज कराया है।

गुलरिहा थानाक्षेत्र के नरायनपुर नंबर दो टोला हीरागंज निवासी अफ़ज़ल ख़ान के भाई का सगा साला अब्दुल मोबिन निवासी शेखपुरवां थाना चिलुआताल ने अपने बहनोई को बताया कि ध्यानचंद सोनकर निवासी बरगदवा की मोहरीपुर में एक जमीन है। जिसकी कुल कीमत पैंसठ लाख साठ हजार रुपये है। आरोप है कि कुछ दिनों बाद रजिस्ट्री कराने की बात कहकर भाई का साला अब्दुल मोबिन उसके साथी अशोक कुमार और ध्यानचंद सोनकर ने साजिश रचकर कूटरचित दस्तावेज के आधार पर अफ़ज़ल और उनके भाइयों शहबाज, शोहराब खान से 40 लाख 50 हजार रुपये बतौर एडवांस ले लिया। जब पीड़ित ने जमीन के बारे में पता लगाया तो पता चला कि ध्यानचंद सोनकर के नाम से कोई जमीन ही नहीं है। पीड़ित जब रुपये मांगने लगा तो तीनों ने धमकी देनी शुरू कर दी। पीड़ित ने तीनों के खिलाफ एसएसपी से शिकायत की। एसएसपी के आदेश पर गुलरिहा पुलिस ने शुक्रवार को तीनों आरोपित अब्दुल मोबिन, अशोक कुमार, ध्यानचंद सोनकर के खिलाफ केस की है। प्रभारी निरीक्षक गुलरिहा मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# बार्क के वैज्ञानिक को पड़ोसी ने दी जान से मारने की धमकी

- होली पर घर आए हैं शहर के रहने वाले वैज्ञानिक
- शाहपुर पुलिस ने केस दर्ज कर शुरू की जांच

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। भाभा परमाणु अनुसंधान (बार्क) कोलकाता स्थित शोध संस्थान के वैज्ञानिक को होली के दिन उनके पड़ोसी ने जान से मारने की धमकी भी दी। वैज्ञानिक ने शाहपुर थाने में तहरीर देकर अपने पड़ोसी के खिलाफ धमकी का केस दर्ज कराया है। साक्ष्य के तौर पर कुछ रिकार्डिंग भी उपलब्ध कराई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

शहर के शाहपुर थानाक्षेत्र के राप्तीनगर फेज एक ईडब्ल्यूएस निवासी रत्नेश पांडेय भाभा परमाणु अनुसंधान संस्थान कोलकाता स्थित शोध संस्थान में वैज्ञानिक हैं। वह होली की छुट्टी में घर आए हैं। तहरीर में उन्होंने कहा है कि उनके पड़ोसी ओमप्रकाश मिश्र ने होली के दिन उन्हें और उनके पिता गोपाल प्रसाद पाण्डेय को गाली और जान से मारने की धमकी दी। पड़ोसी ने इससे पहले भी कई बार माता-पिता को धमकी और गालियां दी हैं। उन्होंने साक्ष्य के रूप में कुछ रिकॉर्डिंग भी पुलिस को उपलब्ध कराई है। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

# होली में हुड़दंग पर 65 का चालान

गोरखपुर। होली में हुड़दंग व मारपीट करने वालों से पुलिस सख्ती से पेश आई है। त्योहार के रंग में भंग डालने के 65 आरोपितों का पिपराइच थाना पुलिस ने शुक्रवार को शांतिभंग में चालान किया।

आरोपितों को पुलिस एसडीएम सदर के न्यायालय में ले गई जहां से सभी जमानत मिल गई। एसएसपी ने सभी थानेदारों को निर्देश दिए थे कि होली में हुड़दंग व मारपीट करने वालों को चिन्हित कर निरोधात्मक कार्रवाई करने के साथ ही त्योहार रजिस्टर में उनका नाम दर्ज करें। एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने बताया कि शुक्रवार को पिपराइच थाना पुलिस ने 65 लोगों का शांति भंग में चालान किया।

## कुल्हाड़ी से युवक पर हमले में दंपति पर केस

सहजनवा। थानाक्षेत्र के भिटिया गांव में बुधवार शाम को गाड़ी खड़ी करने के विवाद को लेकर वीरेंद्र और इंद्रदेव से विवाद हो गया था, जिसपर इंद्रदेव और उसकी पत्नी ने वीरेंद्र पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया था। पुलिस ने आरोपी दंपति पर केस दर्ज किया है।

## गाली देने से मना किया तो युवकों ने पीटा

चौरीचौरा। थानाक्षेत्र के आमकोल निवासी महंथ यादव पुत्र स्व. बृजलाल यादव ने चौरीचौरा पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि आमकोल निवासी लालाबाबू यादव पुत्र उत्तम यादव शराब के नशे में धुत होकर गाली गलौज कर रहा था।

# चोरी करने के दो आरोपित गिरफ्तार

गोरखपुर। अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस ने धारा 379 और 411 के तहत केस दर्ज कर अल्तमस निवासी बिछिया हनुमान मंदिर थाना शाहपुर और राज खां उर्फ रौशन उर्फ अयान निवासी मोहद्दीपुर पॉवर हाउस कालोनी थाना कैंट को गिरफ्तार कर अन्य बरामदगी के आधार पर कार्रवाई की है।

# नाबालिग से छेड़खानी का आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में गीडा पुलिस ने छेड़खानी और 11/12 पाक्सो एक्ट के तहत आरोपित विजय सिंह उर्फ खोडे निवासी ग्राम गाहासाड़ को गिरफ्तार कर कार्रवाई कर रही है।

# तीन के विरुद्ध मारपीट व बाइक तोड़ने का मुकदमा

सहजनवां : क्षेत्र के सेमरडाड़ी निवासी रणजीत ने तीन लोगों पर मारने पीटने और बाइक क्षतिग्रस्त करने का मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर में पीड़ित ने बताया कि बुधवार को बाइक से जा रहा था। शिवेंद्र, आकाश और धीरने ने रोक लिया और मारने पीटने लगे। बाइक भी क्षतिग्रस्त कर दी। (जासं)

# चोरी की तीन बैट्री के साथ दो बदमाश गिरफ्तार

**जासं, गोरखपुर** : कैंट थाना पुलिस ने चोरी की तीन बैट्री व 1250 रुपये के साथ शुक्रवार की सुबह तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया। दोपहर बाद उन्हें न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक थाना कैंट शशिभूषण राय ने बताया कि पकड़े गए आरोपितों की पहचान शाहपुर के बिछिया हनुमान मंदिर निवासी अल्तमस और मोहद्दीपुर पावर हाउस कालोनी निवासी राज खां उर्फ रौशन के रूप में हुई।

# धारदार हथियार से हमले में एक घायल, आरोपित गिरफ्तार

**जासं, गोला** : थाना क्षेत्र के बेवरी गांव में बुधवार की शाम पुरानी रंजिश में दो पक्षों में मारपीट हो गई। इसमें धारदार हथियार से हमले में एक युवक घायल हो गया। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट, हत्या के प्रयास और बलवा का मुकदमा दर्ज कर मुख्य आरोपित रजत को गिरफ्तार कर लिया। बता दें कि होली के दिन बेवरी गांव में नरसिंह व रामा के बीच पुरानी रंजिश में मारपीट हुई थी। पीड़ित पक्ष से शारदा देवी ने तहरीर में बताया कि रामा व उसकी पत्नी मीना व बेटों ने धारदार हथियार से हमला कर पुत्र शैलेश को घायल कर दिया। उसे गंभीर चोटें आई हैं। थाना प्रभारी अश्वनी तिवारी ने बताया कि मुख्य आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से जेल भेज दिया गया है। अन्य की तलाश की जा रही है।

# टीका लगने से मृत बच्चे के स्वजन ने किया प्रदर्शन, केस दर्ज करने की मांग

**नाराजगी**

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर** : करीम नगर, चरगांवा के ग्रीन लैंड हास्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में नियमित टीका लगने के बाद हुई बच्चे की मौत के मामले में स्वजन ने शुक्रवार को डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया। स्वजन के अनुसार जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हास्पिटल के खिलाफ कार्रवाई का निर्देश दिया है, लेकिन अभी तक मुकदमा पंजीकृत नहीं किया गया।

स्वजन ने आरोप लगाया है कि ग्रीन लैंड हास्पिटल मेडिकल कालेज के डा. सुधीर गुप्ता का है। इसी हास्पिटल में पांच जनवरी को बच्चे को टीका लगाया गया था, इसके बाद उसकी तबीयत खराब हुई और मेडिकल कालेज में उपचार के दौरान मौत हो गई। उन्होंने मांग की कि हास्पिटल का सीसीटीवी फुटेज निकाल जाए और मामले की न्यायिक जांच कराई जाए तथा डा. सुधीर गुप्ता के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया जाए। मृत बच्चे के पिता सौरभ कुमार राय ने बताया कि इस मामले को लेकर हम लोग मुख्यमंत्री से भी मिले थे, उन्होंने उच्चाधिकारियों को हास्पिटल के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। बावजूद इसके अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई, जबकि चिलुआताल थाने में तहरीर दी जा चुकी है।



निजी नर्सिंग होम में टीका लगने के बाद हुई बच्चे की मौत के बाद जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन करते स्वजन ● जागरण

"ग्रीन लैंड हास्पिटल से मेरा कोई संबंध नहीं है। मैं मेडिकल कालेज का डाक्टर हूं और वहीं पर अपनी सेवाएं देता हूं। मेरे द्वारा हास्पिटल के संचालन का आरोप बेबुनियाद है।"

-डा. सुधीर गुप्ता

### जांच के लिए बनाई गई पांच सदस्यीय समिति

टीका लगने के बाद बच्चे की मौत मामले की जांच अभी तक केवल जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. नंदलाल कुशवाहा कर रहे थे। अब सीएमओ डा. आशुतोष कुमार दूबे ने पांच सदस्यीय जांच समिति का गठन कर दिया है। इसमें जिला प्रतिरक्षण अधिकारी के अलावा एसीएमओ डा. एके चौधरी, डिप्टी सीएमओ डा. एके सिंह, बाल रोग विशेषज्ञ डा. गौरव गणेश और जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी केएन बरनवाल शामिल हैं। टीम ने शुक्रवार को ग्रीनलैंड हास्पिटल का निरीक्षण किया। संचालक, निदेशक, प्रबंधक और टीका लगाने के दौरान मौजूद रहीं जीएनएम का बयान लिया।

**यह और अन्य खबरें देखें-**

https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html



पुलिस की हिरासत में होली के दिन हुड़दंग मचाने वाले लोग • जागरण

# हुड़दंग मचाने वाले 65 लोगों का चालान

## कार्रवाई

**जासं., गोरखपुर** : होली में हुड़दंग व मारपीट करने के 65 आरोपितों का पिपराइच थाना पुलिस ने शुक्रवार को शांतिभंग में चालान किया। आरोपितों को दो बस से पुलिस एसडीएम सदर के न्यायालय में ले गई जहां से सभी को जमानत मिल गई। एसएसपी ने सभी थानेदारों को निर्देश दिए थे कि होली में हुड़दंग व मारपीट करने वालों को चिह्नित कर निरोधात्मक कार्रवाई करने के साथ ही त्योहार रजिस्टर में उनका नाम दर्ज करें। एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने बताया कि शुक्रवार को पिपराइच थाना पुलिस ने 65 लोगों का शांतिभंग में चालान किया।

# दो वाहनों की टक्कर के बाद आपस में भिड़े लोग, छह हिरासत में

**जासं, मुंडेरा बाजार :** भोपा बाजार में शुक्रवार की शाम दो वाहनों में टक्कर हो गई। इसके बाद लोग आपस में भिड़ गए। मामले में छह लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया है।

झंगहा थाना क्षेत्र के ग्राम ब्रह्मपुर निवासी सुनीता साहनी के लड़के का तरकुलहा देवी में मुंडन कार्यक्रम था। वह रिश्तेदारों के साथ मुंडन कराकर चार पहिया वाहन से वापस घर जा रहे थे। वहीं, दूसरा पक्ष गाजीपुर जिले के थाना बीरनो के ग्राम अरकपुर के रितेश भी परिवार के साथ मुंडन व पूजा अर्चना करके वापस घर जा रहे थे। आरोप है कि भोपा बाजार में दोनों की गाड़ी एक-दूसरे से टकरा गई।

# सेमरडाड़ी पहुंचे सीओ, ग्रामीणों से ली घटना की जानकारी

**फालोअप**



सहजनवां थाना क्षेत्र के सेमरडाड़ी में पथराव के बाद शुक्रवार को जांच करने पहुंचे सीओ कैंपियरगंज श्याम देव विंद ● जागरण

- **सहजनवां थाना क्षेत्र के सेमरडाड़ी गांव में गुरुवार को विवाद में चले थे ईंट-पत्थर**
- **एक पक्ष की तहरीर पर थाना पुलिस ने 17 लोगों के विरुद्ध दर्ज किया है मुकदमा**

**जासं, सहजनवां** : थाना क्षेत्र के सेमरडाड़ी गांव में दो पक्षों में हुए विवाद के मामले में शुक्रवार को सीओ कैंपियरगंज श्यामदेव बिंद पुलिसबल के साथ गांव पहुंचे और ग्रामीणों से बात कर हकीकत जांची। उधर, एक पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने 17 नामजद व अज्ञात के विरुद्ध हत्या का प्रयास व एससी-एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है। बता दें कि गुरुवार की देरशाम गांव में दो पक्षों में विवाद के बाद जमकर ईंट-पत्थर चले थे और मनबढ़ों ने पुलिस पर भी पथराव किया था।

सेमरडाड़ी में होली के दिन दो बिरादरी के युवकों में विवाद के बाद गुरुवार की रात दोनों पक्षों के लोग आपस में भिड़ गए थे। दोनों तरफ से जमकर पत्थरबाजी हुई थी। सूचना पर पहुंची घघसरा पुलिस पर भी ईंट व पत्थर फेंके गए। विवाद बढ़ता देख बड़ी संख्या में पुलिसबल के साथ पहुंचे थानेदार ने दोनों पक्षों को शांत कराया था। इसमें तीन लोग घायल हुए थे और एक बाइक भी क्षतिग्रस्त हुई थी। उधर, शुक्रवार की सुबह सीओ कैंपियरगंज ने गांव पहुंचकर ग्रामीणों से जानकारी ली। ग्रामीणों ने बताया कि पुराने मामले को लेकर विवाद बढ़ा था। वहीं, पुलिस ने राम सिंहासन की तहरीर पर दुर्गा निषाद, पुराने, बुलबुल, प्रदीप, मुकेश, गोविंद, चंदे, प्रेमचंद, अनीश, सुनील, घनश्याम, त्रिभुवन, रमेश, रंजीत निषाद, सुरेंद्र निषाद, जिलाजीत निषाद व महेंद्र की पत्नी तथा अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। क्षेत्राधिकारी श्यामदेव बिंद ने बताया कि जांच चल रही है। गांव में शांति है। जल्द ही आरोपित गिरफ्तार कर लिए जाएंगे।

# किशोरी के अपहरण के बाद भिड़े, छह घायल

## हरपुर-बुदहट थाना क्षेत्र में गुरुवार की रात हुई घटना, पुलिस ने आरोपित को भेजा गया जेल

**मुकदमा दर्ज**



**जासं, हरपुर-बुदहट** : भाभी के साथ खेत की तरफ निकली किशोरी को बाइक सवार युवक ने अगवा कर लिया। आरोपित के घर उलाहना देने गई किशोरी की मां और उसके सहयोगियों को परिवार के लोगों ने पीट दिया। मारपीट में दोनों पक्ष के छह लोग घायल हो गए। एक पक्ष ने अपहरण, बलवा व मारपीट और दूसरे ने मारपीट करने का मुकदमा दर्ज कराया है। हरपुर-बुदहट थाना पुलिस ने शुक्रवार को सुबह अपहरण के आरोपित को गिरफ्तार कर उसके चंगुल से अपहत किशोरी को बरामद कर लिया। दोपहर बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

पिटाई में घायल महिला ने पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि गुरुवार की शाम 15 वर्षीय बेटी भाभी के साथ खेत की तरफ गई थी। रास्ते में बाइक लेकर खड़े गांव के युवक ने बेटी का अगवा कर लिया। जानकारी होने पर वह अपहरण करने वाले कन्हैया के घर उलाहना लेकर गईं तो उसके पिता गुरु प्रसाद, नागेंद्र, श्रीकिशुन, अमरजीत व दो अन्य ने पीट दिया।

चीख-पुकार सुनकर परिवार के लोग बचाने पहुंचे तो उन पर भी हमला कर घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर आरोपितों पर अपहरण, बलवा व मारपीट करने का मुकदमा दर्जकर पुलिस ने शुक्रवार की सुबह अपहरण के आरोपित कन्हैया को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक संदीप यादव ने बताया कि दूसरे पक्ष की महिला ने भी किशोरी के स्वजन पर मारपीट करने का मुकदमा दर्ज कराया है।

## मंगेतर के साथ बैठी युवती से छेड़खानी विरोध पर पीटा

**जासं, सहजनवां** : मंगेतर के साथ घर पर बैठी युवती से गांव के दो युवकों ने छेड़खानी कर दी। विरोध करने पर मंगेतर को पीट दिया। युवती की तहरीर पर आरोपितों के विरुद्ध छेड़खानी और मारपीट का मुकदमा दर्ज कर गीडा थाना पुलिस आरोपितों की तलाश कर रही है।

गीडा थाना क्षेत्र की रहने वाली युवती की शादी तय हुई है। गुरुवार को युवती से मिलने मंगेतर पहुंचा था और दरवाजे पर बैठकर दोनों बात कर रहे थे। आरोप है कि इसी दौरान पहुंचे गांव के दो युवक युवती से छेड़खानी करने के साथ ही आपत्तिजनक कमेंट करने लगे। मंगेतर के विरोध करने पर दोनों ने उसे पीट दिया। थानाध्यक्ष गीडा मदन मोहन मिश्र ने बताया कि युवती की तहरीर पर गांव के ही प्रदीप और आकाश के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर तलाश की जा रही है।

## किशोरी को घर से उठा ले गया शोहदा



- **चिलुआताल पुलिस ने शोहदे, उसके भाई और पिता पर दर्ज किया मुकदमा**
- **स्वजन का आरोप कई दिनों से कर रहा था परेशान, तलाश में जुटी**

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर** : चिलुआताल क्षेत्र में रहने वाली 16 वर्षीय किशोरी का पड़ोस में रहने वाले शोहदे ने अपहरण कर लिया है। स्वजन का आरोप है कि वह कई दिनों से परेशान करने के साथ ही मोबाइल फोन पर बात करने का दबाव बना रहा था। पुलिस ने आरोपित युवक, उसके भाई व पिता पर अपहरण और धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया है।

किशोरी के पिता ने चिलुआताल थाना पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि शास्त्रीपुरम का रहने वाला चंद्रमोहन तिवारी उनकी बेटी को परेशान करने के साथ ही मोबाइल फोन पर बात करने का दबाव बनाता था। बेटी की शिकायत पर कई बार उसे डांटा भी गया, लेकिन वह नहीं सुधरा। शिकायत पर आरोपित के पिता व भाई बार-बार धमकी देते रहे हैं। गुरुवार को उनकी बेटी घर में अकेली थी। इसका फायदा उठाकर आरोपित ने उसका अपहरण कर लिया। घटना से पूरा परिवार डरा है, बच्ची को जान का खतरा है। एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपितों की तलाश कर रही है। जल्द ही अपहत किशोरी को बरामद कर लिया जाएगा।

# शादी की जिद पर अड़े प्रेमी युगल, थाने में हंगामा

**जागरण संवाददाता, सहजनवां** : शादी की जिद कर रहे प्रेमी युगल के स्वजन गुरुवार को सहजनवां थाने पहुंच गए। प्रार्थनापत्र देकर उन्होंने शादी रोकने का आग्रह किया। पुलिस के बुलाने पर पहुंचे प्रेमी युगल अपनी जिद पर अड़े रहे। इसके बाद उनके स्वजन ने हंगामा शुरू कर दिया। प्रेमी युगल के बालिग होने पर पुलिस ने हस्तक्षेप से इन्कार करते हुए स्वजन के साथ उन्हें घर भेज दिया।

सहजनवां थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती की शादी 12 वर्ष पहले हुई थी। उसका 10 वर्ष का एक बेटा है। विवाद होने पर पति को छोड़कर युवती अपने मायके में रहती है। बगल के गांव में रहने वाले दूसरे समुदाय के युवक से उसका

## सहजनवां थाना क्षेत्र के हैं रहने वाले, शादीशुदा है प्रेमिका, दोनों के बालिग होने पर पुलिस ने साधी चुप्पी, स्वजन नाराज

प्रेम संबंध है। एक सप्ताह पहले दोनों ने शादी की इच्छा स्वजन को बताई तो वे विरोध करने लगे। जिद पर अड़े होने के चलते गुरुवार की दोपहर दोनों के स्वजन सहजनवां थाने पहुंचे। प्रार्थनापत्र देकर पुलिस से शादी रोकवाने का आग्रह करने के साथ ही हंगामा शुरू कर दिया। थानाध्यक्ष सहजनवां नितिन रघुनाथ श्रीवास्तव ने कहा कि युगल बालिग हैं। स्वजन शादी के विरुद्ध हैं। दोनों पक्ष से मामले का निपटारा न्यायालय में करने को कहा गया है।

# युवक पर जानलेवा हमले में तीन पर मुकदमा

सहजनवां : थाना क्षेत्र के भिटिया में होली के दिन युवक पर टांगी से हमला करने के आरोप में पुलिस ने शुक्रवार को इनर देव, अनीता और सुशील पर हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया। पीड़ित की पत्नी सुनीता देवी ने तहरीर में बताया कि उसके पति वीरेंद्र बाजार जा रहे थे। रास्ते में आरोपितों ने टांगी से हमला कर दिया। (जासं)

# किशोरी से छेड़खानी का आरोपित गिरफ्तार

पिपरौली : गीडा पुलिस ने शुक्रवार को किशोरी के साथ छेड़खानी के आरोपित विजय सिंह उर्फ खोडे को गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार को आरोपित को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। (जास)

## नहीं पकड़े तस्कर तो बच्चे चलाएंगे तमंचे, गोरखपुर फिर होगा बदनाम

**असलहा इस्तेमाल करने वालों को पकड़कर बंद कर दी जाती है फाइल, नहीं दबोचे जाते तस्कर, कई बार तस्कर तक पहुंचने का दावा किया गया, लेकिन एक बार भी नहीं मिली सफलता**



### पश्चिम बंगाल के बदमाश भी पकड़े गए फिर भी राज नहीं खुला

### पहले 800 से 1,500 में बिकते थे तमंचे अब 15 हजार तक

**केस 1**

**केस 2**

**केस 3**

**केस 4**

### ऑनलाइन ग्रुप से खरीद-फरोख्त के मिले हैं प्रमाण

**बीते 2022 में बरामद हुए असलहे**

| | |
|---|---|
| गोरखपुर | 519 |
| देवरिया | 244 |
| कुशीनगर | 403 |
| महराजगंज | 176 |
| बस्ती | 368 |
| संतकबीरनगर | 309 |
| सिद्धार्थनगर | 501 |
| गोंडा | 709 |
| बलरामपुर | 287 |
| बहराइच | 464 |
| श्रावस्ती | 152 |



असलहा तस्करों को पकड़ने के लिए ही ऑपरेशन तमंचा-2 की शुरुआत की गई। जोन के कई जिले में पुलिस को कामयाबी मिली भी है। इसकी समीक्षा कर अवैध असलहा तस्करों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

– अखिलेश कुमार, एडीजी गोरखपुर जोन

# मारपीट के मामले में 18 लोगों पर केस

**पाली।** सहजनवां इलाके के सेमरडाडी गांव में बृहस्पतिवार रात मारपीट और पथराव मामले में पुलिस ने दोनों पक्ष से 18 लोगों पर केस दर्ज कर लिया। जानकारी के मुताबिक, महिलाओं पर टिप्पणी करने पर विवाद हुआ था। पुलिस ने एक पक्ष के सेमरडाडी निवासी राम सिधावन की तहरीर पर दुर्गा निषाद, पुराने, चुलबुल, प्रदीप आदि पर केस दर्ज किया है। ब्यूरो

# मारपीट के मामले में चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**सरदारनगर।** चौरीचौरा थाना क्षेत्र के आमकोल निवासी महंथ यादव ने चार लोगों पर मारपीट का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया है। महंथ ने तहरीर में लिखा है कि बुधवार को आमकोल निवासी लालबाबू यादव शराब के नशे में गाली देने लगा। मारपीट भी की। ब्यूरो

# मारपीट का केस दर्ज

**कैंपियरगंज।** थाना क्षेत्र के बसंतपुर गांव के भरपुरवा टोले में मारपीट के मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर किया है। गांव के रामकृपाल ने बताया कि गांव के उमेश, संतोष, तिखाडू व प्रदीप ने गाली देते हुए डंडे से मारा पीटा। ब्यूरो

## छेड़खानी का आरोपी गिरफ्तार

गीडा। इलाके में किशोरी से छेड़खानी के मामले में फरार चल रहे आरोपी को शुक्रवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान गीडा के गहासाड़ निवासी विजय सिंह उर्फ खोड़े के रूप में हुई। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। ब्यूरो

## जालसाजी करने के दो आरोपी दबोचे गए

गोरखपुर। चिलुआताल पुलिस ने कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जालसाजी करने के दो आरोपियों को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। उनकी पहचान गुलरिहा के कुंदरिहा निवासी रामसजन निषाद और पीपीगंज के गायघाट निवासी अर्जुन निषाद के रूप में हुई। ब्यूरो

## अतिक्रमण हटाने के दौरान नोकझोंक

गोरखपुर। जुबिली रोड पर अतिक्रमण हटाने के दौरान नगर निगम की इंफोर्समेंट टीम से नोकझोंक हो गई। टीम ने सख्ती कर अतिक्रमण हटवा दिया। साथ ही 700 रुपये जुर्माना भी वसूला। शुक्रवार को टीम नाले से अतिक्रमण हटाने के लिए जुबिली रोड पहुंची थी। ब्यूरो

## चोरी के सामान के साथ दो गिरफ्तार

गोरखपुर। कैंट पुलिस ने चोरी की बैटरी व अन्य सामान के साथ दो युवकों को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। उनकी पहचान शाहपुर के बिछिया निवासी अल्तमस और राज खां के रूप में हुई। ब्यूरो

# खोराबार पुलिस पर पिटाई का आरोप

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। होली के दिन हुड़दंग मचाने के आरोप में थाने लाए गए युवक की मां ने खोराबार पुलिस पर पिटाई का आरोप लगाया। आरोप है कि पुलिस वाले युवक की मां को गोली दे रहे थे और उसने मना किया तो उसकी पिटाई कर दी गई।

महिला ने मुख्यमंत्री के जनता दरबार में बृहस्पतिवार को शिकायत की थी। इसके बाद एसएसपी ने पूरे प्रकरण की जांच सीओ कैंट को सौंपी है। उन्होंने 72 घंटे में जांच रिपोर्ट मांगी है।

खोराबार पुलिस होली के दिन विवाद करने के आरोप में जंगल सिकरी निवासी विश्वजीत उर्फ कन्हैया को थाने लाई शांतिभंग में चालान कर दिया। जमानत मिलने के बाद युवक की मां ममता ने पुलिस पर आरोप लगाया कि होली के दिन दारोगा व सिपाही घर पहुंचे और छोटे पुत्र गोलू को पूछने लगे।

उसने बताया कि वह बाजार गया तो गोली देने लगे। इसी दौरान बड़ा बेटा विश्वजीत उर्फ कन्हैया आ गया और गाली देने से मना किया तो दारोगा व सिपाही ने उसे पीटने के बाद साथ थाने लेकर चले गए।

## एचआईवी पॉजीटिव बंदी की मौत

गुलरिहा। एचआईवी पॉजीटिव बंदी की बृहस्पतिवार रात मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई। गोला इलाके के निवासी 36 वर्षीय युवक पर दिसंबर 2019 में पुरानी रंजिश में मारपीट के दौरान बलवा, मारपीट एवं हत्या के प्रयास का केस दर्ज हुआ था। ब्यूरो

## दुष्कर्म, केस दर्ज

गुलरिहा (गोरखपुर)। थाना क्षेत्र के एक गांव में किराए के मकान में रहने वाली 17 वर्षीय किशोरी से शादीशुदा युवक ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया। आरोप है कि पांच महीने से वह दुष्कर्म कर रहा। पुलिस तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही है। ब्यूरो

# घर से किशोरी को उठा ले गया शोहदा, मुकदमा

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। चिलुआताल इलाके के एक कॉलोनी से 16 वर्षीय किशोरी के अपहरण का मामला सामने आया।

आरोप है कि घर के पास ही रहने वाला शोहदा परेशान करता था और बृहस्पतिवार को धमकी देकर किशोरी का अपहरण कर लिया। पुलिस ने आरोपी युवक चंद्रमोहन तिवारी, उसके पिता वशिष्ठ तिवारी और भाई आनन्द तिवारी के खिलाफ अपहरण और धमकी देने की धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक, किशोरी के पिता ने तहरीर में लिखा है कि शास्त्रीपुरम का रहने वाला चंद्रमोहन तिवारी उनकी बेटी को बार-बार धमकी देता था और परेशान करता था। घटना से पूरा परिवार डरा है, बच्ची को जान का खतरा है।

## एटीएम कार्ड बदलकर 40 हजार रुपये निकाले

गोला। इलाके के गजहड़ा निवासी दयानंद शाही का एटीएम कार्ड बदलकर 40 हजार रुपये निकालने का मामला सामने आया है। तहरीर के आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही।

दयानंद के मुताबिक, गोला स्थित यूपी बड़ौदा बैंक के एटीएम से रुपये निकाल रहे थे, तभी एक अनजान व्यक्ति से उनका एटीएम कार्ड बदल गया और उनके खाते से उस व्यक्ति ने रुपये निकाल लिए। ब्यूरो

DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 11-03-2023

## अज्ञात वाहन की ठोकर से शराब भट्ठी के मुनीम की मौत

देवरिया(एसएनबी)। सड़क पार करते समय अज्ञात वाहन की ठोकर से शराब भट्ठी के मुनीम गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन फानन में उन्हें इलाज हेतु स्थानीय महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सदर कोतवाली थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम पिपरहिया निवासी अंगद यादव (25 वर्ष) पुत्र रामा यादव गौरीबाजार थाना अन्तर्गत ककवल चौराहा स्थित शराब भट्ठी पर मुनीम थे। वृहस्पतिवार की रात 9 बजे के करीब ककवल चौराहे पर सड़क पार करते समय अज्ञात वाहन ने उन्हें ठोकर मार दिया,जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन फानन में उन्हें इलाज हेतु स्थानीय महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज पहुंचाया गया जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर से मृतक के घर कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी कविता यादव व तीन पुत्रियों आरोही, सृष्टि एवं सिब्बू का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक पांच भाइयों में तीसरे नम्बर का था।

राष्ट्रीय सहारा दि० 11.3.23

## अधिवक्ता को मार पीटकर घायल करने का आरोप

देवरिया(एसएनबी)। सदर कोतवाली थाना अन्तर्गत बड़ी बमनी वार्ड नं, सोमनाथ नगर निवासी रमेश पाल पुत्र स्व. रघुनाथ पाल ने कुछ लोगों पर अपने अधिवक्ता पुत्र अभिषेक कुमार पाल को मारपीट कर घायल कर देने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया है कि गत 9 मार्च 2023 की शाम 4.30 बजे मेरा लड़का अधिवक्ता अभिषेक कुमार पाल उर्फ मनीष पाल धनगर जो दीवानी कचहरी में अधिवक्ता है, कुछ सामान लेने गांव के चौराहे पर जा रहा था कि गांव के ही कुछ लोगों ने घेर कर जान मारने की नीयत से लाठी-डण्डे व राड आदि से सिर पर वार कर दिये। मेरे लड़के ने लाठी डंडे के प्रहार को अपने दाहिने हाथ से रोका तो उसकी हथेली टूट गयी। फिर हमलावरों ने पैर में मारकर तोड़ दिये जिससे अभिषेक बेहोश होकर नीचे गिर गए। हमलावरों ने उन्हें मरा समझ छोड़कर भाग गए। जाते हुए गांव वालों को भी धमकी देते गए कि इसकी जो भी सहायता करेगा उसकी यही हालत कर देंगे। हमलावरों के घर से पहले से ही हमारा जमीनी विवाद चलता है।

रा० सहारा दि० 11.3.23

# रुद्रपुर में वाहन चोर गिरोह सक्रिय

रुद्रपुर (एसएनबी)। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र में विगत दो माह के अन्दर एक बोलेरो सहित आधा दर्जन दोपहिया वाहन चोरी हो चुके हैं। किन्तु एक भी चोरी गयी दोपहिया वाहन का सुराग नहीं मिल सका है। इस बीच स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के केशव गुप्ता पुत्र चौथी गुप्ता अक्टहियाँ ऊर्फ मटियरी ने रुद्रपुर कोतवाली पुलिस को दिये गये तहरीर में कहा कि 10 मार्च दिन शुक्रवार को शाम 4 बजे के करीब गुप्ता मेडिकल स्टोर के समीप अपनी बाइक सुपर स्प्लेण्डर यूपी 52 एबी 6129 को खड़ी कर गया था। कुछ देर बात वापस आने पर मेरी बाइक वहां नहीं थी तथा गायब हो गयी। मैं अगल बगल खोजबीन की, लेकिन पता नहीं चला। पीड़ित ने तहरीर देकर चोरी गयी बाइक को बरामद करने की गुहार लगायी है। वहीं दो सप्ताह पूर्व कोतवाली क्षेत्र के ग्राम करौता से शादी समारोह में आयी बोलेरो को चोरों ने चुरा लिया था। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खोरमा कन्हौली में गोरखपुर से शादी समारोह में सम्मिलित होने आये एक व्यक्ति की हीरो बाइक चोरों ने चुरा लिया था। उपनगर के एक मैरेज हाल से भी चोरों ने एक बाइक चुरा लिया, इस प्रकार क्षेत्र में आधा दर्जन से अधिक बाइक चोरी चली जाना और एक भी बरामद न होना, लोगों के मन में दहशत पैदा कर दिया है।

राष्ट्रीय सहारा दि० 11-3-23

# चोरी की शिकायत करने पर दी जान-माल की धमकी

लार (एसएनबी)। गत दिनों सीएचसी लार के उत्तर तरफ पुनिता फार्मेसी पर हुई चोरी की शिकायत पुलिस से करने पर कुछ लोग आक्रोशित होकर हंगामा करने लगे। पुनिता फार्मेसी के संचालक धीरज नाथ त्रिपाठी ने अवगत कराया है कि गत 09 मार्च को मेरी मेडिकल की दुकान पर चोरी हुई थी इसकी शिकायत मैंने थाने पर की थी। इस शिकायत से खार खाये स्थानीय कुछ लोग एक गोल बनाकर मेरे दुकान पर आ गए और मुझे धमकी देने लगें कि यह दूकान हम लोग यहाँ नही चलने देंगे। इस घटना के बाद मैंने फिर पुलिस को सूचना दिया। पूरी घटना का वीडियो भी साक्ष्य के तौर पर मौजूद है। पीड़ित दुकानदार ने इस मामले में उचित कार्यवाही करने और अपने जान माल की सुरक्षा की गुहार लार थानाध्यक्ष से लगाई है।

# दावत में गए दो पक्षों में चटकीं लाठियां, दर्जन भर घायल

लार (एसएनबी)। लार थाना क्षेत्र के नेमा में इब्राहिम नाम के व्यक्ति के यहाँ दावत खाने पूर्व प्रधान व वर्तमान प्रधान अपने-अपने समर्थकों के साथ गए थे। इस बीच तंज कसने को लेकर दोनों पक्ष एक दूसरे को नीचा दिखाने लगे। बात आगे बढ़ी और विवाद शुरू हो गया। मारपीट की इस घटना में एक पक्ष से राजन सिंह, आदित्य, अम्बुज, आकाश सिंह, धर्मेंद्र सिंह व पंकज सिंह तथा दूसरे पक्ष से अरुण सिंह, दीपू सिंह, राज सिंह व जयकरन सिंह घायल हो गए।

रा० सहारा दि० 11.3.23

# चोरी के सामान के साथ चोर धराया, सामान बरामद

खुखुन्दू। स्थानीय थाना क्षेत्र में हुई चोरी के सामान के साथ एक चोर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। दस दिन पहले उसने प्राथमिक विद्यालय परसिया खाप में चोरी किया था। इसके अलावा तीन चोरी की साईकिल भी बरामद हुई है। थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने बताया कि सुबह पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक संदिग्ध नरौली भीखम मोड़ के समीप एक युवक साइकिल लिए घूम रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस की गाड़ी देखते वह भागने लगा। पकड़कर पूछताछ करने पर उसने परसिया खाप प्राथमिक विद्यालय में हुई चोरी की बात स्वीकार की। पूछताछ में उसने अपना नाम नागेन्द्र कुमार यादव निवासी नरौली भीखम थाना खुखुन्दू बताया।

रा० सहारा दि० - 11.3.23

# मार्ग दुर्घटना में युवक गंभीर, रेफर

बनकटा (एसएनबी)। थाना क्षेत्र के पकड़ी नरहियां गांव के पास नरहियां ढाले पर शुक्रवार को तेज रफ्तार से आ रहा एक बाइक चालक आगे चल रही बोलेरो गाड़ी में ठोकर मार दिया। इस घटना में जहां बाइक चालक बुरी तरह गम्भीर रूप से घायल हो गया वहीं उसकी बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी। गेटमैन की सूचना पर मार्ग से गुजर रही सरकारी एम्बुलेंस के चालक ने घायल युवक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनकटा पहुंचाया।प्राथमिक उपचार के बाद घायल युवक को सदर अस्पताल देवरिया रेफर कर दिया गया।घायल युवक की हालत गम्भीर बताई जा रही है।सिर चेहरे और शरीर के अन्य भाग पर गम्भीर चोटें आई है। युवक श्रीरामपुर थाना क्षेत्र के नैनहां गांव का रहने वाला है।अस्पताल पर पहुंचे लोगों ने बताया कि वह शराब भी पिता था पिछले दो तीन दिन से घर मे उत्पात मचाया हुआ था।घटना की सूचना अस्पताल से आशा के माध्यम से उसके घर वालों को दी गयी।बनकटा पुलिस अस्पताल पहुंच कर युवक को प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल देवरिया भेजवाई।सूचना पर अस्पताल पहुंची घायल युवक की बहन का रुओ रुओ कर बुरा हाल था।

हिन्दुस्तान दि० 11-3-23

# भूमि विवाद में मारपीट, चार नामजद

रुद्रपुर। भृगुसरी गांव भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। मामले में पुलिस ने दूसरे पक्ष के चार लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज की है। भृगुसरी गांव के रहने वाले शिवम सिंह पुत्र दिलीप सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उन्होंने अपने जमीन का करीब सात फिट ऊंचा बाउण्ड्री था। मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज की है।

रा० सहारा दि० 11-3-23

# आरक्षियों के बैरक व विवेचना कक्ष का सदर विधायक ने किया शिलान्यास

देवरिया(एसएनबी)। शुक्रवार को सदर विधायक डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी ने गौरीबाजार थाना परिसर में ₹ 161.61 लाख की लागत से 32 आरक्षियों के बैरक जिसमें 8 महिला व 24 पुरुष तथा विवेचना कक्ष के साथ-साथ देवरिया कोतवाली परिसर में ₹ 183.79 लाख की लागत से 32 पुरुष आरक्षियों के तथा महिला थाना में ₹ 117.10 लाख की लागत से 16 महिला आरक्षियों के बैरक व विवेचना कक्ष का विधि विधान से पूजा पाठ करके शिलान्यास किया।



शिलापट्ट से आवरण हटाकर शिलान्यास की रस्म पूरी करते सदर विधायक।

इस दौरान सदर विधायक डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की योगी आदित्यनाथ की सरकार सबका साथ सबका विकास,सबका विश्वास के मूल मंत्र पर कार्य कर रही है। इसी को चरितार्थ करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार 365 दिन 24 घण्टे सेवा और सुरक्षा में लगे पुलिसकर्मियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास कर रही है। इस क्रम में इन थानों में आरक्षियों को रहने के लिए बैरक बनने जा रहा है। आप सभी ने 2017 से पहले की सरकारों में देखा होगा हमारे पुलिसकर्मी भाई टूटे फूटे बैरकों में रहने को मजबूर थे उस समय की सरकारों में पुलिसकर्मियों की आत्मरक्षा को कोई अधिकार नहीं था जिसके परिणामस्वरूप प्रतापगढ़ जवाहरबाग जैसे कांडों में पुलिसकर्मियों को अपराधियों का शिकार होना पड़ा लेकिन आज भाजपा की सरकार में अगर कोई अपराधी पुलिस पर गोली चलाता है या अपराध करने की सोचता है तो उसको भी गोली मिलता है। योगी की सरकार में उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था बहुत ही बेहतर हुई है। इस दौरान मण्डल अध्यक्ष गौरीबाजार बृजेश गुप्ता,मण्डल अध्यक्ष देवरिया संजय पाण्डेय, मण्डल अध्यक्ष बैतालपुर जितेंद्र सिंह,सीओ रुद्रपुर पंचम लाल,थानाध्यक्ष गौरीबाजार नवीन सिंह,सदर कोतवाल राहुल कुमार सिंह,भाजपा मीडिया प्रभारी अम्बिकेश पाण्डेय, नवीनचंद्र सिंह,कृष्णानाथ राय, आदित्य सिंह,दुर्गेशनाथ त्रिपाठी, प्रेम अग्रवाल, भारती शर्मा,पवन मिश्रा, मधु जायसवाल,दिनेश गुप्ता,बंटी जायसवाल,अजय सिंह,बजरंगी मणि, अमित दूबे, अखिलेश जायसवाल, राकेश शुक्ला, शुभ नाथ त्रिपाठी, अन्नू सिंह आदि मौजूद रहे।

हिन्दुस्तान दि० 11-3-23

# विद्यालय से चोरी करने वाला गिरफ्तार

खुखुन्दू। किचन शेड का ताला तोड़कर प्राथमिक विद्यालय से बर्तनों, सिलेंडर की चोरी करने के साथ ही चार दिन पूर्व चौराहे से साइकिल चुराने वाले एक चोर को पुलिस ने पकड़ कर जेल भेज दिया। इस मामले में नरौली भीखम गांव निवासी नागेंद्र कुमार यादव पुत्र श्रीकांत यादव को पुलिस ने धारा 380, 411, 457, 379, के तहत जेल भेज दिया।

हिन्दुस्तान दि० 11-3-23

# पूर्व व वर्तमान प्रधान के समर्थक भिड़े

लार। थाना क्षेत्र के नेमा गांव में किसी व्यक्ति के यहाँ पूर्व प्रधान व वर्तमान प्रधान अपने-अपने समर्थकों के साथ दावत में गए थे। इस बीच टंट कसने को लेकर दोनों पक्ष एक दूसरे को नीचा दिखाने लगे। बात आगे बढ़ी तो विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। मारपीट की इस घटना में एक पक्ष के राजन सिंह, आदित्य, अम्बुज, आकाश सिंह , धर्मेंद्र सिंह व पंकज सिंह तथा दूसरे पक्ष से अरुण सिंह, दीपू सिंह, राज सिंह व जय करन सिंह घायल हो गए।


दैनिक जागरण दि० 11/03/23

# भाजपा सरकार में पुलिसकर्मियों को मिल रही बेहतर सुविधाएं

- विधायक ने सदर कोतवाली, गौरीबाजार व महिला थाना में तीन बैरकों का किया शिलान्यास
- भाजपा की सरकार में पुलिस पर गोली चलाने वाले को मिलती है गोली : डा. शलभ मणि

जासं, देवरिया: सदर विधायक डा. शलभ मणि त्रिपाठी ने शुक्रवार को सदर कोतवली, महिला थाना व गौरीबाजार थाना में तीन बैरकों का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार में पुलिसकर्मियों को बेहतर सुविधाएं मिल रहीं हैं। पुलिस कर्मियों की समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार 365 दिन 24 घंटे सेवा व सुरक्षा में लगे पुलिसकर्मियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास कर रही है। थानों में आरक्षियों को रहने के लिए बैरक बनने जा रहा है। आप सभी ने 2017 से पहले की सरकारों में देखा होगा। पुलिसकर्मी टूटे फूटे बैरकों में रहने को मजबूर थे। उस समय की सरकारों में पुलिसकर्मियों की आत्मरक्षा को कोई अधिकार नहीं था। परिणामस्वरूप प्रतापगढ़, जवाहरबाग जैसे कांड हुए। पुलिसकर्मियों को अपराधियों का शिकार होना पड़ा। आज भाजपा की सरकार में यदि कोई अपराधी पुलिस पर गोली चलाता है या अपराध करने की सोचता है तो उसे भी गोली मिलती है। विधायक ने गौरीबाजार थाना परिसर में 1.61 करोड़ की लागत से बैरक, विवेचना कक्ष, देवरिया कोतवाली परिसर में 1.83 करोड़ की लागत से बैरक, विवेचना कक्ष, महिला थाना में 1.17 करोड़ की लागत से बैरक व विवेचना कक्ष का शिलान्यास किया।



कोतवाली परिसर में शिलान्यास करते सदर विधायक डा. शलभ मणि त्रिपाठी ● जागरण

इस दौरान मंडल अध्यक्ष गौरीबाजार बृजेश गुप्ता, मंडल अध्यक्ष देवरिया संजय पांडेय, मंडल अध्यक्ष बैतालपुर जितेंद्र सिंह, सीओ रुद्रपुर पंचम लाल, थानाध्यक्ष गौरीबाजार नवीन सिंह, सदर कोतवाल राहुल कुमार सिंह, भाजपा मीडिया प्रभारी अंबिकेश पांडेय, नवीन सिंह, कृष्णानाथ राय, आदित्य सिंह, दुर्गेशनाथ त्रिपाठी, प्रेम अग्रवाल, भारती शर्मा,पवन मिश्रा आदि मौजूद रहे।

है।

हिन्दुस्तान दि- 11-3-23

# जनपद के तीन थानों में बनेगी बैरक

**भाजपा सरकार में पुलिसकर्मियों को मिल रही बेहतर सुविधाः शलभ**

देवरिया, निज संवाददाता। सदर विधायक डॉ. शलभमणि त्रिपाठी ने गौरीबाजार व देवरिया कोतवाली और महिला थाने में बैरक निर्माण के लिए शुक्रवार को भूमि पूजन के बाद शिलान्यास किया। गौरीबाजार में 161.61 लाख और देवरिया कोतवाली परिसर में 183.79 लाख और महिला थाना में 117.10 लाख की लागत से बैरक का निर्माण होगा। गौरीबाजार व सदर कोतवाली में 32-32 आरक्षियों के लिए तथा महिला थाने में 16 महिला आरक्षियों के लिए बैरक का निर्माण होगा।

सदर विधायक डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की योगी आदित्यनाथ की सरकार सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के मूल मंत्र पर कार्य कर रही है। इसी को चरितार्थ करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने 365 दिन 24 घण्टे सेवा और सुरक्षा में लगे पुलिसकर्मियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास कर रही है। इसी क्रम में इन थानों में आरक्षियों को रहने के लिए बैरक बनने जा रहा है। 2017 से पहले की सरकारों में देखा होगा हमारे पुलिसकर्मी भाई टूटे फूटे बैरकों में रहने की मजबूर थे। उस समय की सरकारो में पुलिसकर्मियों की आत्मरक्षा को कोई अधिकार नही था, जिसमे परिणामस्वरूप प्रतापगढ़ जेवाहरबाग जैसे कांडों में पुलिसकर्मियों को अपराधियों का शिकार होना पड़ा। पर आज भाजपा की सरकार में अगर कोई अपराधी पुलिस पर गोली चलाता है या अपराध करने की सोचता है तो उसको भी गोली मिलता है।



गौरीबाजार में बैरक का शिलान्यास करते सदर विधायक डॉ शलभ मणि त्रिपाठी।

इस दौरान मण्डल अध्यक्ष गौरीबाजार बृजेश गुप्ता, मण्डल अध्यक्ष देवरिया संजय पाण्डेय, मण्डल अध्यक्ष बैतालपुर जितेंद्र सिंह, सीओ रुद्रपुर पंचम लाल, थानाध्यक्ष गौरीबाजार नवीन सिंह, सदर कोतवाल राहुल कुमार सिंह, भाजपा मीडिया प्रभारी अम्बिकेश पाण्डेय रहे।

हिन्दुस्तान दि. 11-3-23

# डॉक्टरों पर हमले में सात पर केस

बरियारपुर। एसडी मेमोरियल महाविद्यालय नौतन बरियारपुर में चल रहे निःशुल्क नेत्र शिविर के डाक्टरों पर समूह बनाकर हमला करने के मामले में पुलिस ने सात नामजद व पांच अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। यह मुकदमा महाविद्यालय के प्रबंधक शिखर शाही की तहरीर पर बरियारपुर पुलिस ने दर्ज किया है।

हमले में डा. आशीष, डा. सिद्धार्थ, डा. सूरज व डा. सीताराम तथा गेट पर ड्यूटी को तैनात गार्ड राजकुमार गंभीर रुप से घायल हो गए थे।

हिन्दुस्तान दि॰ 11-3-23

# युवक पर किया जानलेवा हमला, चार पर केस दर्ज

देवरिया, निज संवाददाता। भूमि विवाद को लेकर चौराहे पर समान लाने गए युवक पर गुरुवार की शाम को कुछ लोगों ने प्राणघातक हमला कर दिया। मामले में सदर कोतवाली पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मारपीट और हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया हैं।

सदर कोतवाली क्षेत्र के बभनी गांव के रहने वाले रमेश पाल पुत्र स्व. रघुनाथ पाल ने पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि उसका भूमि विवाद गांव के कुछ लोगों से चलता है। मेरा बेटा अभिषेक पाल 9 मार्च की शाम को चौराहे पर समान लेने के लिए गया था। जहां पर गांव के कुछ लोगों ने उसके ऊपर प्राणघातक हमला कर दिया। सदर कोतवाली पुलिस ने पवन पाण्डेय, अश्वनी पाण्डेय पुत्रगण सुमन्त पाण्डेय, प्रशान्त पाण्डेय पुत्र पवन पाण्डेय तथा टुनटुन उर्फ शैलेश पाण्डेय पुत्र अनन्त पाण्डेय निवासी बभनी थाना सदर कोतवाली के विरुद्ध केस दर्ज किया है।

## घर लौट रहे युवक को खेत में दौड़ा कर पीटा

रामपुर कारखाना। घर लौट रहे एक युवक को मनबढ़ों ने रास्ते में घेर कर खेत में दौड़ा-दौड़ा कर बेरहमी से पीटा। इतना ही नहीं घटना का वीडियो भी वायरल कर दिया। हिन्दुस्तान वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। ामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के सारंगपुर निवासी रिशु यादव पुत्र राजेश यादव गुरुवार की दोपहर रामपुर कारखाना से बाजार कर अपने घर लौट रहा था। प्राथमिक विद्यालय माधोपुर के निकट पहुंचा था कि पहले से घात लगाकर बैठे मनबढ़ों नें उसे रास्ते में घेर लिया।

हिन्दुस्तान 11.3.23

# तीन के विरुद्ध धोखाधड़ी व एससी-एसटी का केस

- नौकरी दिलाने के लिए तीनों ने लिए थे पैसे
- कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

देवरिया, निज संवाददाता। सेना में नौकरी दिलाने के लिए ठगों ने युवक के साथ धोखा धड़ी किया। रुपये मांगने पर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। मामले में गौरीबाजार पुलिस ने तीन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया है।

महुआडीह थाना क्षेत्र के इजरही माफी गांव के रहने वाले सूरज कुमार पुत्र जवाहर प्रसाद ने पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा है कि वे एक बेरोजगार युवक हैं। इसके चलते वर्ष 2021 में उनकी मुलाकात योगेश कुमार पुत्र स्व. सुदर्शन प्रसाद निवासी बरारी थाना महुआडीह से हुई। उसने कहा कि मेरे मित्र के छोटे भाई सेना में है। उन्होंने कई लोगों की रुपये लेकर नौकरी लगवाई है। उनकी बातों पर विश्वास कर उनके दोस्त शम्भू यादव पुत्र स्व.रामवृक्ष यादव से मुलाकात कराए। दोनों लोगों ने नौकरी के लिए विश्वास दिलाया। नौकरी के लिए चार लाख में बात हुई। जिसमें तीन लाख योगेश के खाते में फोन पे से कर दिया। अरुण कुमार यादव व शम्भू यादव ने कहा कि कोई और हो तो उसे भी नौकरी दिला देंगे। मेरे कहने पर गांव के बगल के रहने वाले अभिषेक गुप्ता पुत्र अनिल गुप्ता तथा बेलवामाफी के औरंगजेब खान पुत्र हसरत खान थाना गौरीबाजार भी तैयार हो गये। अरुण कुमार यादव व शम्भू यादव कहे कि 4 अक्तूबर 2021 को आप लोगो को दानापुर बिहार भर्ती हेतु चलना है हम लोग तैयार हो गये। इसी बीच मुझे बुखार हो गया। मैं भर्ती में नहीं गया। अभिषेक गुप्ता व औरंगजेब खान दानापुर अरुण के साथ चले गये। जाने के बाद धीरे धीरे पैसे की मांग करते रहे तो हम प्रार्थी अपने खाते से उन्हें रुपये भेजता रहा। दानापुर में डेढ़ माह रुकने के दौरान दोनों लोगो का टेस्ट व मेडिकल करवाया गया फिर बाद में अरुण यादव कहे कि आप लोग घर जाईये ज्वाइनिंग लेटर पहुंच जायेगा। इसके बाद आज तक ज्वाइनिंग लेटर नहीं आया। रुपये मांगने पर वह लोग धमकी देते हैं।

# पुलिस का डंडा व गोली ही गुंडों का इलाज : साक्षी महाराज

**जासं, देवरिया:** उन्नाव के सांसद साक्षी महाराज ने कहा कि योगी आदित्यनाथ की सरकार में गुंडों का इलाज पुलिस का डंडा, गोली व जेल की सलाखें हैं। योगीजी को बुलडोजर तो उनकी पुलिस को डंडा व गोली चलाना आता है। वह शुक्रवार को लोक निर्माण विभाग के डाक बंगले पर संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे।



सांसद साक्षी महाराज ● जागरण

निजी कार्यक्रम में शामिल होने आए सांसद ने प्रयागराज में उमेश पाल हत्याकांड से जुड़े प्रश्न का जवाब देते हुए कहा कि प्रोफेसर रामगोपाल यादव का कथन हिंसा, आतंकवाद व अपराध को बढ़ाने वाला है। उन्हें पता है कि अतीक के बेटे हत्यारे हैं। यदि वे दोषी है तो दंड मिलना चाहिए। अपराधी को अतीक का बेटा, हिंदू या मुसलमान क्यों कह रहे हैं। राजू पाल व उमेश पाल की हत्या किसने की, यह जग जाहिर है। अपराधियों का इनकाउंटर होना चाहिए। सपा के लोग हत्यारों के गले में माला डालते रहे हैं। कहा कि सीबीआइ व ईडी स्वतंत्र जांच एजेंसी है। विपक्ष की स्थिति घिसियानी बिल्ली खंभा नोचे की हो गई है। विपक्षी दलों की जहां भी सरकार है, वहां सरकार में बैठे लोग आकंठ के भ्रष्टाचार में डूबे हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा बहुमत से जीतेगी। छोटे दलों का एक गठबंधन बनना अच्छी बात है। भाजपा को अलग-अलग नहीं, बल्कि एक मोर्चे पर ही लड़ना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि अमृत काल में मोदी सरकार की तरफ से पेश बजट दलित, शोषित, वंचित, किसान व मध्यम वर्ग सभी का हित साधने वाला है।

**भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत:** लोक निर्माण विभाग के डाक बंगले पर सांसद साक्षी महाराज का भाजपा कार्यकर्ताओं ने बुके, माला व स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया। इस मौके पर निवर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष अलका सिंह, भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र आदि मौजूद रहे।

दैनिक जागरण - 11/03/23

# महिला बंदियों को अधिकारों के बारे में दी गई जानकारी

जासं, देवरिया: जिला कारागार में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय महिला सप्ताह के अवसर पर विधिक साक्षरता व सहायता शिविर का आयोजन किया गया। जेल अधीक्षक भोलानाथ मिश्र ने महिला बंदियों को विधिक जानकारी दी। उनके अधिकारों से अवगत कराया।

उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुविधा के निश्शुल्क टोल फ्री नंबर 1090 है। जिस पर पीड़ित महिला सूचना देकर तत्काल सहायता प्राप्त कर सकती है। जिले में महिलाओं की समस्याओं के समाधान के लिए महिला कल्याण विभाग की तरफ से वन स्टाप सेंटर स्थापित है, जहां महिलाओं को तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जाती है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैनल अधिवक्ता राजू ने महिलाओं से संबंधित कानून दहेज प्रतिषेध अधिनियम, घरेलू हिंसा निवारण अधिनियम 2005 के प्रविधानों के बारे बताया। कहा कि महिलाओं व बालिकाओं के हित का इन कानून के तहत सुरक्षित है। जेलर राजकुमार, वंदना, शारदा देवी, अधिवक्ता राजू, अमरेंद्र त्रिपाठी, महिला अधिवक्ता प्रियंका सिंह, महिला जेल वार्डर विजय लक्ष्मी आदि मौजूद रहीं।

# विवाद सुलझाने गई पुलिस टीम से दुर्व्यवहार

भटनी। नूरी गंज बाजार में दो समुदायों के बीच हुए विवाद की सूचना पर पहुंची पुलिस टीम के साथ मनबढ़ों ने दुर्व्यवहार किया। मामले में चार को हिरासत में लेकर शुक्रवार को जेल भेजा गया। मोहल्ले में तनाव की स्थिति को देखकर पुलिस बल की तैनाती की गई है।

भटनी नगर के नूरीगंज वार्ड में होली के दिन वीरसिंहपुर गांव का एक युवक रंग खेलने आया था। इधर, वार्ड के युवकों से किसी बात पर विवाद हो गया। आरोप है कि युवक अगले दिन अपने साथियों के साथ आया और वार्ड स्थित दुकानों में तोड़फोड़ करने लगा।

यह देखकर लोगों ने विरोध किया तो आरोपी उन पर भी हमलावर हो गए। बाद में दोनों पक्षों में मारपीट होने लगी। किसी ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे सिपाहियों को देखकर आरोपी ने चाकू दिखाकर दौड़ा लिया।

बाद में फोर्स पहुंची और चार युवकों को हिरासत में ले लिया। शुक्रवार को न्यायालय में प्रस्तुत करने के बाद चारों को जेल भेजा गया है। संवाद

मौजूद रहीं।(जासं)

दैनिक जागरण - 11/03/23

# सेना में नौकरी के नाम पर 9.43 लाख रुपये हड़पे

जासं, गौरीबाजार: सेना में नौकरी दिलाने के नाम पर 9.43 लाख रुपये हड़पने के मामले में न्यायालय के आदेश पर तीन व्यक्तियों के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। गौरीबाजार थाना क्षेत्र के ग्राम महुआडीह थाना क्षेत्र के इजरही माफी के रहने वाले सूरज कुमार पुत्र जवाहिर प्रसाद ने पुलिस को दिए तहरीर में आरोप लगाया था कि मेरी मुलाकात क्षेत्र के ग्राम बरारी के रहने वाले योगेश कुमार पुत्र स्व.सुदर्शन से हुई। उसने कहा कि तीन लाख दो। उधोपुर के रहने वाले अरुण यादव सेना में नौकरी लगा देगा। मैं उसके झांसे में आकर शंभू यादव पुत्र स्व.रामवृक्ष यादव के खाते में तीन लाख रुपये बैंक खाते में भेज दिया। इसके बाद उसने तीन और लोगों की नौकरी दिलाने का झांसा दिया। इस दौरान थाना क्षेत्र के छेरियां के रहने वाले अभिषेक गुप्ता और बेलवा माफी के रहने वाले औरंगजेब से तीन-तीन लाख नकद और खाते में ले लिया। इसके अलावा और नकदी भी दिया। नौकरी दिलाने के लिए बिहार के दानापुर में डेढ़ माह रोकने के बाद टेस्ट व मेडिकल कराया। और जल्द ज्वाइनिंग लेटर पहुंचने का आश्वासन देकर घर भेज दिया। अब नकदी मांगने पर आरोपित जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर हत्या करने की धमकी दे रहे हैं।

**बिहार के दानापुर में सेना में नौकरी दिलाने के नाम पर झांसा देने का मामला**

पुलिस ने महुआडीह थाना क्षेत्र के ग्राम बरारी के रहने वाले योगेश कुमार, गौरीबाजार थाना क्षेत्र के ग्राम उधोपुर के रहने सगे भाई शंभू यादव और अरुण यादव पुत्रगण स्व. रामवृक्ष यादव के विरुद्ध धोखाधड़ी और दलित उत्पीड़न की धाराओं के अनुसार मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह ने कहा कि न्यायालय के आदेश पर तीन के विरुद्ध धोखाधड़ी और दलित उत्पीड़न की धाराओ के अनुसार मुकदमा दर्ज किया गया है।

हिन्दुस्तान/रुद्रपुर - 11.03.23

# नगर में चल रहा जुआरियों का अड्डा

जासं, रुद्रपुर : नगर के प्रमुख स्थानों पर सुबह से लेकर शाम तक जुआरियों का अड्डा चल रहा है। जिससे युवाओं में जुए की लत बढ़ रही है। इसे लेकर पुलिस लापरवाह बनी हुई है।

नगर के लोगों ने कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक उमेश कुमार बाजपेयी ने बताया कि अभियान चलाकर इनके अड्डों पर छापेमारी कर कार्रवाई की जाएगी।

परीक्षा होगी। इसमें बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे।

अमर उजाला दि० 11/03/23

# केंद्र सरकार की नीतियों के विरुद्ध कांग्रेस का प्रदर्शन



भाटपाररानी एसबीआई शाखा पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन। संवाद

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**सलेमपुर।** प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर शुक्रवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष रामजी गिरी के नेतृत्व में नगर की स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के सामने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार पर देश के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को अडाणी समूह के पक्ष में बेचने का आरोप लगाया।

इस दौरान रामजी गिरि ने कहा कि सरकार एलआईसी और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया जैसे सार्वजनिक संस्थानों को निवेश करने के लिए मजबूर कर रही है। इससे गरीब व मध्यम वर्ग के भारतीयों की करोड़ों की बचत जोखिम में है।

कांग्रेस हमेशा से इस वर्ग के हितों की पक्षधर रही है। इस वर्ग के साथ किसी भी अन्याय को कांग्रेस कार्यकर्ता बर्दाश्त नहीं करेंगे। इन संस्थाओं में लोगों के खून पसीने की कमाई लगी है।

## भाटपाररानी में यूथ कांग्रेस ने दिया धरना

**भाटपार रानी।** केंद्र सरकार की नीतियों के विरुद्ध शुक्रवार को नगर की एसबीआई शाखा पर पहुंचे कांग्रेस नेताओं ने यूथ कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं एआईसीसी के सदस्य केशवचंद्र यादव के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान एलआईसी और बैंकों के निजीकरण के साथ अडाणी और अंबानी को व्यक्तिगत रूप से लाभ पहुंचाने की केंद्र की नीति क्रोनी, कैपिटलिज्म आदि के खिलाफ नारे लगाए। संवाद

अमर उजाला दि०-11/03/23

# ऑर्केस्ट्रा डांसर व बरातियों में मारपीट, वाहन किया क्षतिग्रस्त

संवाद न्यूज एजेंसी

**भाटपाररानी।** थाना क्षेत्र के एक गांव से गई बरात में ऑर्केस्ट्रा के डांसर और बरातियों में किसी बात को लेकर बृहस्पतिवार की रात व शुक्रवार को भी मारपीट हो गई।

बरातियों ने ऑर्केस्ट्रा की गाड़ी व साउंड बॉक्स आदि को क्षतिग्रस्त कर दिया। सूचना पर बड़ी संख्या में पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को थाने लाई और कार्रवाई में जुट गई।

ग्राम टीकमपर निवासी जगलाल कुशवाहा के यहां से बरात बनकटा थाना के बतरौली गांव में गई थी। बरात में ऑर्केस्ट्रा के डांसर और बरातियों के बीच डांस की बात को लेकर मारपीट हो गई।

ऑर्केस्ट्रा वालों ने आरोप लगाया है कि बरातियों ने ऑर्केस्ट्रा के साउंड बॉक्स और गाड़ी को क्षतिग्रस्त कर दिया है। बाद में घरातियों के प्रयास से

## टीकमपार से बनकटा थाना क्षेत्र के बतरौली गई थी बरात

## पुलिस दोनों पक्षों को थाने लाकर कार्रवाई में जुटी

बराती व ऑर्केस्ट्रा के डांसर के बीच सुलह समझौता हो गया। बरात वापस आने पर शुक्रवार को जब ऑर्केस्ट्रा के डांसर व संचालक टीकमपार क्षतिग्रस्त सामान की भरपाई के लिए धनराशि मांगने पहुंचे तो वहां भी दोनों पक्षों में मारपीट हो गई।

इसमें दोनों पक्ष के लोग सहित महिलाएं भी घायल हो गईं। घायलों का प्राइवेट अस्पताल में इलाज कराया गया। सूचना पर पुलिस पहुंली और दोनों पक्षों को थाने लाई। दोनों पक्षों ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष मृत्युंजय सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों को थाने लाया गया है। दोनों पक्षों से तहरीर मिली है।

अमर उजाला दि०-11/03/22

# 12 लोगों पर लूट, मारपीट व तोड़फोड़ करने का केस दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

बरियारपुर। नेत्र शिविर में वाहन खड़ा करने के विवाद में मारपीट मामले में पुलिस ने बृहस्पतिवार को 12 लोगों पर लूट, तोड़फोड़ का केस दर्ज किया है। शिविर के बाहर पुलिस की तैनाती की गई है।

बरियारपुर के नौतन गांव स्थित एक कॉलेज में गुजरात से पहुंची एक संस्था की ओर से निशुल्क मोतियाबिंद का ऑपरेशन करीब दो महीनों से किया जा रहा है। विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा अत्याधुनिक मशीनों से सफल ऑपरेशन को देखकर लोगों की भीड़ जुट रही है।

इधर, 15 मार्च तक ही शिविर चलने की सूचना पर लोगों में जल्द लाभ लेने की होड़ मची हुई है। बृहस्पतिवार देर शाम कुछ लोग बाइक और चार पहिया वाहन से शिविर में मरीज लेकर पहुंचे। गार्ड ने पार्किंग में वाहन खड़ा करने को कहा तो इस पर लोगों की गार्ड से कहासुनी हो गई। बाद में आरोपी अपने साथियों के साथ लाठी-डंडे के साथ पहुंचे और गार्ड को पीटने लगे।

बीच-बचाव करने गए डॉक्टरों को भी आरोपियों ने मारपीट कर घायल कर दिया। शिकायत पर पहुंची पुलिस को देखकर आरोपी फरार हो गए। जाते समय आरोपी गार्ड के पॉकिट से दस हजार रुपये छीनकर ले गए।

आयोजक शिखर शाही की तहरीर पर पुलिस नौतन के विशाल, वीरू, अरविंद, अवधेश फागु, महेश, अभिषेक, मृत्युंजय व पांच अज्ञात पर लूट, मारपीट, तोड़फोड़ आदि का केस दर्ज किया। वही, विधायक सुरेंद्र चौरसिया क्षेत्रीय लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। एसओ गोरखनाथ सरोज ने बताया कि नेत्र शिविर में वाहन खड़ा करने को लेकर विवाद हुआ था।

अमरउजाला 10.11/03/23

# प्राथमिक विद्यालय में चोरी का पर्दाफाश

संवाद न्यूज एजेंसी

खुखुंदू। थाना क्षेत्र के परसिया खाप प्राथमिक विद्यालय में एक पखवारे पूर्व हुई चोरी का शुक्रवार को पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पकड़े गए चोर की निशानदेही पर विद्युत निगम कैंपस के पीछे से सामान को पुलिस ने बरामद किया है।

प्राथमिक विद्यालय परसिया खाप विद्यालय में मध्याह्न भोजन के लिए किचन में रखा गया गैस सिलिंडर, चूल्हा, दो भगौना, कराही, बाल्टी, खाद्यान्न सहित अन्य सामान 27 फरवरी की रात को चोरी हो गया था। प्रधानाध्यापिका संभा देवी और प्रधान रामप्यारे यादव ने तहरीर दी थी।

पुलिस मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश में लगी थी। शुक्रवार की सुबह पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक संदिग्ध स्थानीय चौराहा स्थित नरौली भीखम मोड़ के समीप साइकिल से घूम रहा है। इंस्पेक्टर

## चोरी की साइकिल के साथ पकड़ा गया नागेंद्र कुमार

संतोष कुमार सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस की गाड़ी देखते ही संदिग्ध युवक भागने लगा।

दौड़ाकर उसे पकड़ लिया गया। जांच-पड़ताल में साइकिल चोरी की निकली। सख्ती से पूछताछ करने पर उसने परसिया खाप प्राथमिक विद्यालय में हुई चोरी की बात स्वीकार की। तलाशी में उसके पास से 670 रुपये नकद बरामद हुए।

पूछताछ में उसने अपना नाम नागेन्द्र कुमार यादव निवासी नरौली भीखम थाना खुखुंदू बताया। उसकी निशानदेही पर यहां के विद्युत उपकेंद्र के पीछे से चोरी किए बर्तनों सहित अन्य सामान को बरामद किया गया है। दो साइकिल और बरामद किया गया है। इसमें एक साइकिल खुखुंदू बाजार निवासी संतोष की है।

KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 11-03-2023

# नकल करते छात्रा पकड़ी गई

**पडरौना।** जेडीएस इंटरनेशनल स्कूल पडरौना में सीबीएसई बोर्ड की इंटर भौतिक विज्ञान की परीक्षा के दौरान एक छात्रा नकल करते हुए पकड़ी गई। विद्यालय प्रशासन ने छात्रा के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए बोर्ड को सूचित कर दिया है। जानकारी विद्यालय के प्रबंधक जेपी सिंह ने लिखित रूप से दी है।

# डेढ़ किलो गांजा के साथ एक गिरफ्तार

**कुशीनगर।** पुलिस अधीक्षक कुशीनगर श्री धवल जायसवाल के निर्देशन में अवैध मादक द्रव्य की तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शुक्रवार को जटहा बाजार थाने की पुलिस ने साजिद अंसारी निवासी पड़री पिपरपाती टोला महादेवा थाना जटहा बाजार को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1.4 किग्रा गांजा बरामद किया। कीमत करीब 24,000 रुपये बतायी गयी है।

# नाबालिग से रेप का आरोपी गिरफ्तार

**कुबेरस्थान।** क्षेत्र के एक ईंट भट्ठे पर काम करने वाले मजदूर की 15 वर्षीय किशोरी के साथ रेप के आरोपी को स्थानीय पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गुरुवार को ही मामले में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने रेप, पॉक्सो व एससी एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। पुलिस ने आरोपी हीरालाल चौहान निवासी सरेयां डीह, थाना कुबेरस्थान को गिरफ्तार कर लिया।

# ससुरालियों पर लगाया प्रताड़ना का आरोप

**फाजिलनगर।** पटहेरवा थाना क्षेत्र के मझौवा निवासी एक नव विवाहिता ने अपने ससुरालियों पर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। कसया नगर पालिका के श्रीराम जानकी नगर निवासी प्रिया शर्मा ने पुलिस को दिये तहरीर में बताया है कि एक वर्ष पूर्व मेरी शादी पटहेरवा थाना निवासी किशुनदेव शर्मा के पुत्र मोहन लाल शर्मा से हुई थी।

# घायल गल्ला कारोबारी की मौत, सेवरही में शोक

सेवरही, हिन्दुस्तान संवाद। स्थानीय उपनगर में होली पर्व पर रात्रि में हुए सड़क हादसे में घायल कस्बे के गल्ला कारोबारी दुर्गा प्रसाद रौनियार की इलाज के दौरान लखनऊ में मौत हो गयी। इस खबर पर सेवरही में शोक का माहौल व्याप्त हो गया। परिजनों में चीत्कार मच गया। उपनगर के कई व्यापारियों ने शोक संवेदना व्यक्त की है।

नगर पंचायत सेवरही के जवाहर नगर निवासी गल्ला कारोबारी दुर्गा प्रसाद रौनियार (45) बीते 08 मार्च को होली पर्व की रात्रि में बाइक से धीरज जायसवाल व विजय कुमार रौनियार के साथ तमकुहीराज जा रहे थे। सेवरही- तमकुहीराज मार्ग पर खण्ड विकास कार्यालय सेवरही के समीप बाइक का संतुलन बिगड़ने से दुर्घटना का शिकार हो गये थे। दुर्गा रौनियार की स्थिति नाजुक होने पर परिजन उन्हें इलाज के लिए लखनऊ के मेदान्ता अस्पताल ले गए थे। गुरूवार की देर रात्रि इलाज के दौरान उनका देहान्त हो गया। हादसे के शिकार दो अन्य युवक धीरज व विजय का गोरखपुर मेडिकल कालेज में इलाज चल रहा है। शुक्रवार को सेवरही के



दुर्गा प्रसाद रौनियार की फाइल फोटो

शिवाघाट पहुंच मृतक दुर्गा रौनियार का दाह संस्कार कर दिया गया। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व विधायक अजय अजय कुमार लल्लू, निवर्तमान चेयरमैन श्यामसुन्दर विश्वकर्मा, पूर्व नपं अध्यक्ष त्रिभुवन जायसवाल, पूर्व प्रमुख डॉ उदयनारायण गुप्ता, अनूप सोनी, पूर्व सभासद लव जायसवाल, व्यापारी नेता अमरनाथ गुप्ता, पप्पू जायसवाल, छोटलाल वर्मा, अजय गुप्ता, सुकदेव रौनियार, राधेबाबू रौनियार, बासदेव रौनियार, लक्ष्मण सिंह सूर्यवंशी, मार्कण्डेय वर्मा, आशीष वर्मा, राजकुमार सिंह सूर्यवंशी अधिवक्ता, हिमांशु जायसवाल, संजय जायसवाल, संदीप जायसवाल आदि ने व्यापारी के घर पहुंचकर शो संवेदना व्यक्त की।

# वीडियो वायरल कर किया आत्महत्या का प्रयास

**जासं, कसया :** कुशीनगर के सबया गांव का रहने वाला उमर फारूक उर्फ छोटे अंसारी शुक्रवार की शाम सात बजे पहले इंटरनेट मीडिया पर एक वीडियो वायरल किया। 14 सेकंड के इस वायरल वीडियो में किसी का नाम लेकर आरोप लगा रहा है कि वह उसे साजिश के तहत फर्जी मुकदमों में फंसा रहा है। इससे आजिज आकर आत्महत्या करने जा रहा हूं। इसके बाद एक बोतल में लिए तरल पदार्थ को अपने ऊपर गिराकर आत्महत्या का प्रयास करता दिख रहा है।

पुलिस उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराई है। वह खतरे से बाहर बताया जा रहा है। उसके द्वारा वायरल किए गए एक आडियो में वह एक महिला से भी वार्ता करता सुना जा रहा है। कह रहा है कि मैं आत्महत्या करने जा रहा हूं। तुम बच्चों को देखना। ऐसा माना जा रहा है कि महिला उसकी पत्नी होगी।

# गांजा के साथ एक गिरफ्तार

**मंसाछापर :** जटहाबाजार थाने की पुलिस ने शुक्रवार को पड़री पिपरपाती के समीप 1.4 किलोग्राम गांजा के साथ तस्कर को गिरफ्तार किया। उसकी पहचान साजिद अंसारी निवासी पड़री पिपरपाती टोला महदेवा के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट का मुकदमा पंजीकृत किया है। थानाध्यक्ष राजकुमार पुलिस टीम के साथ दोपहर में जटहाबाजार में पैदल गश्त कर रहे थे। इसी दौरान जटहाबाजार की तरफ से पैदल आ रहे युवक को रोक कर तलाशी ली, तो उसके पास झोले में गांजा मिला। (जासं)

# दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

**कुबेरस्थान :** क्षेत्र के गांगरानी के समीप कुबेरस्थान पुलिस ने शुक्रवार को किशोरी के साथ दुष्कर्म के आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। गुरुवार शाम को घटना को अंजाम देने के बाद से वह फरार था। थानाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह ने बताया कि कुबेरस्थान कस्बे में भ्रमण के दौरान सूचना मिली कि दुष्कर्म का आरोपित गांगरानी के समीप मौजूद है। पुलिसकर्मियों ने वहां पहुंचकर उसे पकड़ लिया। उसकी पहचान हीरालाल चौहान के रूप में हुई। आरोप है कि थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी 14 वर्षीय किशोरी गुरुवार की देर शाम कमरे में सोई थी। इस बीच पड़ोस में रहने वाला युवक कमरे में घुस गया और दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। घटना के समय पीड़िता घर में अकेली थी। खेत में काम करने गए घर के सदस्य उस समय लौटे नहीं थे। (जासं)

# जांच में झूठी निकली लूट की सूचना

**जासं, नेबुआ-नौरंगिया:** क्षेत्र के दुबौली के समीप गुरुवार रात में ठेला तथा बाइक चालक द्वारा दी गई लूट की सूचना पुलिस की जांच में शुक्रवार को गलत पाई गई। ठेले व बाइक की आमने-सामने की टक्कर के बाद बाइक चालक मनबढ़ों ने ठेले वाले की पिटाई कर दी।

इस बीच आए एक अन्य बाइक चालक को भी रोक मनबढ़ों ने मारापीटा और बाइक की चाबी छीन ली। आजिज आकर पीड़ितों ने 112 नंबर पर फोन कर लूट की गलत सूचना दी थी।

एसएचओ अतुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि बभनौली निवासी श्रीकिसुन पटेल बाइकयुक्त ठेले पर सब्जी बेचते हैं। नेबुआ नौरंगिया से गुरुवार रात साढ़े आठ बजे घर लौटते समय वे दुबौली के समीप पहुंचे कि अचानक सामने आई बाइक से आमने सामने की टक्कर हो गई। इससे बाइक सवार सद्दाम व आजाद निवासी अकबरपुर गिर पड़े। दोनों को सामान्य चोट आई। दोनों श्रीकिसुन को मारने-पीटने लगे।

भागकर वह आसपास स्थित गन्ने के खेत में छिप गए। इस बीच वहां से होकर गुजर रहे बाइक चालक मृत्युंजय प्रसाद निवासी चिरगोड़ा थाना जटहाबाजार को भी सद्दाम व आजाद ने रोका और उनकी पिटाई की। बाइक की चाबी छीन ली। आरोप था कि मनबढ़ मृत्युंजय की बाइक लेकर चले गए। इसके पश्चात श्रीकिसनु मौके पर आए। श्रीकिसुन व मृत्युंजय ने 112 नंबर पर फोन कर लूट की सूचना दी। कुछ ही देर में पीआरवी टीम व एसएचओ घटनास्थल पर पहुंच गए। शुक्रवार सुबह पुलिस ने आसपास लगे सीसी कैमरे की मदद से सद्दाम व आजाद की पहचान की।

- टक्कर लगने के बाद बाइक चालक व ठेले वाले के बीच हुई थी मारपीट
- पीड़ितों ने 112 नंबर पर फोन कर लूट की दी थी गलत सूचना

दोनों को उनके घर से हिरासत में ले थाने ले गई। पुलिस ने दोनों से कड़ाई से पूछताछ की तो सच्चाई सामने आ गई। श्रीकिसुन व मृत्युंजय ने भी बताया कि मनबढ़ों के इस व्यवहार से आजिज आकर दोनों ने लूट की सूचना दे दी। एसएचओ ने बताया कि दोनों पक्षों ने आपस में समझौता कर लिया है। सद्दाम व आजाद को शांति भंग में चालान किया गया।

# दो गुटों में मारपीट, पुलिस जांच में जुटी

**पटहेरवा।** स्थानीय थाना क्षेत्र के पटहेरिया चौराहे पर शुक्रवार की शाम दो गुटों में गालीगलौज के साथ मारपीट हो गई। सूचना पर पुलिस पहुंची तो मनबढ़ भाग गए। पुलिस विवाद का कारण पता करने में जुटी हुई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष गिरिजेश उपाध्याय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। संवाद

# गांजा के साथ आरोपी पकड़ा गया

**जटहा बाजार।** स्थानीय थाने की पुलिस शुक्रवार की शाम डेढ़ किलो गांजे के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई में जुटी है। थानाध्यक्ष राजकुमार बरवार ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पड़री पीपरपाती निवासी साजिद पुत्र रऊफ अंसारी की तलाशी ली गई तो उसके पास से तकरीबन डेढ़ किलो गांजा बरामद किया गया। एनडीपीएस एक्ट में कार्रवाई की गई है। संवाद

# पति समेत ससुरालियों पर लगाया प्रताड़ना का आरोप

**फाजिलनगर।** पटहेरवा थाना क्षेत्र के मझौवा गांव निवासी एक नवविवाहिता ने अपने ससुरालियों पर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मूलरूप से कसया नगरपालिका के श्रीरामजानकी नगर निवासी प्रिया शर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि एक वर्ष पूर्व उनकी शादी पटहेरवा थाना क्षेत्र निवासी किशुनदेव शर्मा के पुत्र मोहनलाल शर्मा से हुई। शादी के कुछ दिन बाद से ही सभी लोग दहेज कम देने का आरोप लगाते हुए उनको प्रताड़ित करने लगे। एक दिन ससुरालियों ने उनकी हत्या की कोशिश की। किसी तरह से जान बचाकर मायके चली गईं। वहां जाने के बाद भी पीड़िता के ससुर और पति उसको फोन पर गाली देकर प्रताड़ित कर रहे हैं। संवाद

# केस दर्ज होने से परेशान युवक ने किया आत्महत्या का प्रयास

संवाद न्यूज एजेंसी

## कसया थाना क्षेत्र के सबया गांव का मामला

**कसया।** थाना क्षेत्र के सबया गांव में शुक्रवार की शाम कई मुकदमे दर्ज होने से परेशान युवक ने आत्महत्या का प्रयास किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

सबया गांव निवासी उमर फारुख उर्फ छोटे ने सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल करके बताया कि कसया थाना में एक माह के भीतर उनके खिलाफ तीन मुकदमा दर्ज किया गया है। एक मामला शिवपुर बुजुर्ग का है जिसमें उसका नाम जबरन शामिल किया गया है। पीड़ित का आरोप है कि शिवपुर बुजुर्ग निवासी एक व्यक्ति के कहने पर पुलिस लगातार बार-बार मुकदमा कर रही है। वीडियो वायरल करने के बाद उमर फारुख ने जहर खा लिया। खुद को जलाने के लिए पेट्रोल भी छिड़क लिया। युवक की हालत बिगड़ने पर किसी ने पुलिस को सूचना दी। आनन फानन में पुलिस उसे जिला अस्पताल ले गई।

# 24 घंटे के भीतर दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

**कुबेरस्थान।** स्थानीय थाने की पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में आरोपी को घटना के 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश कर दिया। कोर्ट के आदेश पर आरोपी को जेल भेज दिया गया।

जानकारी के मुताबिक, बृहस्पतिवार की देर शाम कुबेरस्थान थाना क्षेत्र के एक गांव में ईंट-भट्ठे पर काम करने वाली 15 वर्षीय किशोरी को घर में अकेला देख नशे में धुत आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। देर रात परिजन जब मजदूरी करके घर आए तो किशोरी ने आपबीती बताई। उसी समय पीड़िता के पिता के तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई।

## ईंट-भट्ठे पर काम करने वाली किशोरी संग किया था दुष्कर्म

पता चला कि घटना के बाद आरोपी घर छोड़कर फरार हो गया था। शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को गांगरानी चौराहे के बगल में नहर के पास से दबोच लिया। थानाध्यक्ष राघवेन्द्र सिंह ने बताया कि दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# आग लगेगी तब खोदेंगे कुआं

## गर्मी में बढ़ जाती हैं घटनाएं, लेकिन जिले में संसाधनों की कमी बरकरार

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** गर्मी बढ़ते ही आग की घटनाएं तबाही मचाना शुरू कर देती हैं। ऐसा हर साल होता है, लेकिन जिले में निपटने के लिए संसाधन ही नहीं हैं। आग लगने पर कहीं दमकल नहीं पहुंच पाता, अगर पहुंच भी गया तो पता चलता है कि बुझाने के लिए पानी ही नहीं है।



अग्निशमन विभाग में खड़ीं दमकल गाड़ियां। संवाद

इस सीजन में भी अग्निशमन विभाग अपनी तैयारी पूरी नहीं कर सका है। अग्निशमन अधिकारी एसके दोहरे ने बताया कि संसाधनों की मांग से मुख्यालय को अवगत कराया गया है। मौजूदा वाहनों और मानव श्रम से ही आग की घटनाओं की रोकथाम की जा रही है।

जिले में आग की रोकथाम के लिए पर्याप्त संसाधन नहीं हैं। मानव श्रम से लेकर वाहनों तक की कमी है। जिले में मुख्य अग्निशमन अधिकारी का पद खाली है। तीन अग्निशमन अधिकारी की जगह एक की ही तैनाती है। अग्निशमन अधिकारी द्वितीय में चार की जगह तीन, जबकि लीडिंग फायरमैन सात की जगह छह, फायर सर्विस चालक आठ, फायर मैन 53 के अनुपात में 47 हैं।

इसी तरह से 12 हजार लीटर का वाटर ब्राउजर (टैंक) नहीं है। फोम टेंडर काफी दिनों से मांगा जा रहा है। वाटर टेंडर विद हाईप्रेशर तीन की जगह दो, बोलेरो कैंपर तीन की जगह दो मिले हैं। 2500 और 5000 लीटर क्षमता के तीन-तीन वाहन उपलब्ध हैं। कसया और हाटा में फायर स्टेशन का काम पूरा नहीं हो सका है। आग की घटनाओं की रोकथाम के लिए 2500 और 5000 लीटर क्षमता की दो गाड़ियां तमकुहीराज, कप्तानगंज में पांच हजार लीटर क्षमता की एक गाड़ी रखी गई है। पडरौना फायर स्टेशन पर 2500 लीटर क्षमता के तीन और एक 4500 लीटर की गाड़ी खड़ी रहती है।

उधर, नगरपालिका और नगर पंचायतों में लगे वाटर हाइड्रेंट सड़क निर्माण में दब गए हैं।

# पोस्टमार्टम के बाद हुआ दाह संस्कार

## सिकंदराबाद में हुई हिंसा के शिकार हो गए थे मंसाछपरा गांव के महंत

संवाद न्यूज एजेंसी

**पकड़ियार बाजार।** सिकंदराबाद में हिंसा के शिकार हुए मंसाछपरा गांव के महंत के शव का दाह संस्कार हुआ। परिजनों ने सिकंदराबाद में उनका अंतिम संस्कार करा दिया। बृहस्पतिवार को हवाई जहाज से पहुंचे महंत के छोटे भाई परीखन से पुलिस ने कागजी औपचारिकता पूरी कराकर शव सौंप दिया।

शव घर ले आने की असुविधा की वजह से उन्होंने वहीं पर दाह संस्कार करा दिया।

नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के मंसाछपरा निवासी महंत होली पर हैदराबाद से घर लौट रहे थे। सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन पर हिंसा के दौरान वह घायल हो गए। बाद में उनकी मौत हो गई। उनकी जेब में मिले पहचान पत्र के आधार पर जीआरपी ने बुधवार की शाम परिजनों को सूचना दी। उनके मौत की जानकारी मिलने पर भाई परीखन हवाई जहाज से सिकंदराबाद पहुंचे। वहां पोस्टमार्टम के बाद भाई का शव लेकर अंतिम संस्कार कराया।

### समाजसेवियों ने घर पहुंच कर ढांढस बंधाया

**पकड़ियार बाजार।** नेबुआ नौरंगिया क्षेत्र के मंसाछपरा गांव के कामगार की तेलंगाना की हिंसा में मौत की जानकारी होने पर घर पहुंचकर समाजसेवियों ने परिवार को ढांढस बंधाया। मंसाछपरा गांव के महंत की बुधवार को तेलंगाना से घर लौटते समय सिकंदराबाद के पास उत्तर भारतीय कामगारों के खिलाफ उपजी हिंसा में मौत हो गई थी। शुक्रवार को महंत के घर पहुंचे समाजसेवी विजय प्रताप कुशवाहा ने परिवार को ढांढस बंधाया। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शेषनाथ यादव ने शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली और हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष बृजेश मिश्र, मनीष कुशवाहा, बबलू कुशवाहा, विजय यादव, अमरजीत गुप्ता सहित अन्य मौजूद रहे। संवाद

# MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 11-03-2023

# सीमा पर ढाई किलो चरस के साथ एक गिरफ्तार

सोनौली। नेपाल सीमा सोनौली से सटे बेलहिया बस पार्क के पास रूपन्देही जिले की पुलिस ने एक युवक के पास ढाई किलो चरस बरामद कर उसे गिरफ्तार किया है। युवक सोनौली के रास्ते भारतीय सीमा में डिलेवरी देने जा रहा था। जिसे नेपाल पुलिस ने बार्डर पर ही गिरफ्तार कर लिया। युवक ने अपना नाम ललसारा धरती निवासी निसिखोला वार्ड नम्बर छह बागलुंग बताया है।



सब इंस्पेक्टर की परीक्षा में सफल हुए सिपाहियों को शुक्रवार को फूल माला पहनाकर विदाई दी गई। • हिन्दुस्तान

# ट्रेनिंग के लिए दी गई विदाई

नौतनवा। नौतनवा थाने में आरक्षी के पद पर तैनात दो पुलिसकर्मियों का चयन सब इंस्पेक्टर पद पर हुआ है। शुक्रवार को थाना परिसर में इन दोनों को फूल-मालाओं से लादकर ट्रेनिंग के लिए विदा किया गया। पुलिस कर्मियों ने इस उपलब्धि पर दोनों को बधाई देते हुए खुशियां साझा की।

# पुलिस और एसएसबी की टीम ने की पेट्रोलिंग

ठूठीबारी। कस्बे मे पुलिस क्षेत्राधिकारी सूर्यबल्ली मौर्य के नेतृत्व में पुलिस और एसएसबी फोर्स की संयुक्त टीम ने पूरे कस्बे का पेट्रोलिंग किया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था में लगाए गए पुलिसकर्मियों को दिशा निर्देश भी दिया गया। कस्बे का भ्रमण के दौरान सड़क के किनारे खड़ी की गई बाइक सहित अन्य वाहनों को भीड़-भाड़ से दूर रखने की बात कही। इस दौरान कस्बे के मर्चहवा चोर रास्ते पर एसएसबी के साथ मिलकर संदिग्ध व्यक्ति, वाहन की घंटों सघन चेकिंग की गई। मौर्य ने कहा कि नागरिकों को परेशान करना हमारा उद्देश्य नहीं है। इस काम में आप सभी के सहयोग की अपेक्षा है।

क्षेत्राधिकारी ने कहा कि पुलिस आम जनता की सुविधा के लिए सदैव तत्पर है। किसी भी प्रकार की दिक्कत होने पर वह सीधे संपर्क कर सकते हैं। इसके लिए जिम्मेदार जनता की सेवा के लिए कटिबद्ध है।

## 60 बोरी गेहूं पकड़ा

निचलौल। एसएसबी बरगदवा की टीम ने शुक्रवार की भोर में अशोकवां गांव के पास 53 बोरी गेहूं और आठ साइकिलें पकड़ी हैं। इसे कुछ लोग बार्डर के रास्ते नेपाल ले जाने की योजना में थे। इस दौरान एसएसबी ने राममिलन चौधरी निवासी ग्राम बरगदवा, अयोध्या निवासी ग्राम मंगलापुर और अली मोहम्मद निवासी ग्राम पाल्ही नंदन वार्ड नंबर पांच नवल परासी नेपाल को पकड़ लिया, अन्य लोग भाग निकले। एसएसबी ने पकड़े गए गेहूं और साइकिल को सीज कर निचलौल कस्टम को सौंप दिया है।

# 10 दोपहिया गाड़ियों का हुआ चालान

सिसवा। शुक्रवार को कोठीभार पुलिस ने सिसवा चौकी प्रभारी अनघ कुमार के नेतृत्व में नगर के विभिन्न चौराहों पर बिना हेलमेट वाहन चालकों का चेकिंग अभियान चलाया गया।

इसमें टीम द्वारा दस दोपहिया वाहनों का चालान कर लगभग साढ़े तरह हजार रुपये का जुर्माना काटा गया। टीम में चौकी इंचार्ज के साथ कांस्टेबल धर्मपाल, कांस्टेबल विकास कुमार रहे।

# नेपाली शराब के साथ एक गिरफ्तार

भगवानपुर। परसामलिक पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर छापेमारी कर क्षेत्र के ग्राम पंचायत महदेइयां के टोला पचडिहवां निवासी शिवकुमार शर्मा पुत्र तुफानी शर्मा के कब्जे से 150 शीशी नेपाली शराब व एक मोटरसाइकिल बरामद किया। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि आबकारी अधिनियम में आरोपित पर मुकदमा पंजीकृत कर आग्रिम कार्यवाही के लिए न्यायालय चालान किया गया है।

# वनकर्मी संग अभद्रता करने वाले आरोपित गिरफ्तार

झनझनपुर। दक्षिणी चौक रेंज के खोस्टा बीट में तैनात वनकर्मी वेद प्रकाश मिश्रा के साथ मारपीट करने, जान से मारने की धमकी देने, गाली गलौज करने तथा सरकारी काम मे बाधा डालने के मामले में वांछित वनटांगिया निवासी दो व्यक्तियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष विजय बहादुर ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर अगले दिन जगदीश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

# पूरे जिले में वाहनों की सघन जांच की

महराजगंज। एसपी डॉ. कौस्तुभ के एक निर्देश पर शुक्रवार को दोपहर बाद जिले के सभी थानों की पुलिस वाहनों की सघन जांच शुरू कर दी। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में वाहनों का चालान काटा गया। ट्रैफिक इंचार्ज गुलाब सिंह ने शिकारपुर, पकड़ी, नगर तिराहा, मऊपाकड़, हनुमानगढ़ी व बस स्टेशन पर जांच अभियान चलाया। इस दौरान 170 वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई। चालान काटा गया।

हरपुर संवाद के अनुसार शुक्रवार को श्यामदेउरवा थाना के प्रभारी के नेतृत्व में हरपुर चौराह पर बिना हेलमेट व सीटबेल्ट वाहन चालकों की जांच की गई। इस दौरान 95 दोपहिया व चार पहिया वाहनों का चालान कर किया गया। टीम में थानाध्यक्ष रामज्ञा सिंह के अलावा एसआई अमित राय, कांस्टेबल सुजीत यादव कांस्टेबल आशुतोष राय आदि शामिल रहे।

# नाबालिग ने मांगी 1.20 करोड़ की फिरौती

**दुस्साहस**

**फरेंदा, हिन्दुस्तान संवाद।** फरेंदा कस्बा के निराला नगर निवासी व गन्ना विभाग में कार्यरत महिला से 1.20 करोड़ रुपए फिरौती के मामले ने पुलिस महकमा में सनसनी मचा दिया। एसपी के निर्देश पर क्राइम बांच व फरेंदा की टीम जांच में जुटी। महिला के घर पर पुलिस का पहरा लगा दिया गया। दो दिन के अंदर आरोपित के फोन नंबर से उसका लोकेशन ट्रेस कर उसे हिरासत में ले ली, लेकिन वह नाबालिग निकला। पुलिस इस मामले एक्टार्शन के आरोप में धारा 386 आईपीसी के तहत विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। कैम्पियरगंज थानाक्षेत्र के ग्रामसभा मरहठा हाल-मुकाम निराला नगर कॉलोनी फरेंदा की रहने वाली रंजीता देवी पत्नी स्व. विवेक सिंह ने स्थानीय पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह गन्ना विभाग में कार्यरत हैं। दो दिन पहले उनके नाम से एक पत्र आया। जिसमें 1.20 करोड़ रुपए की फिरौती मांगी गई। बाद में पत्र भेजने वाले ने फोन कर कहा कि उसके बेटे की दोनों लीवर खराब है। इलाज में भारी-भरकम धनराशि खर्च होगी। फिरौती का पैसा नहीं देने पर वह उनके (महिला) बेटे को गोली मार देगा। अभी तक वह चार मर्डर कर चुका है।

- दो दिन में मामले का पर्दाफाश कर दी स्थानीय पुलिस
- एक्टार्शन के आरोप में धारा 386 आईपीसी के तहत केस दर्ज

"फिरौती मांगने की सूचना दो दिन पहले मिली थी। प्रकरण में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया गया। फिरौती मांगने वाले को हिरासत में लिया गया है। वह नाबालिग है। मामले में विधिक प्रक्रिया जारी है।

**सत्येन्द्र कुमार राय,** प्रभारी निरीक्षक फरेंदा कोतवाली

## महिला के गांव का ही रहने वाला है आरोपित

इस मामले में शिकायत मिलने पर फरेंदा पुलिस जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए क्राइम ब्रांच को भी जांच में लगा दिया है। सर्विलांस टीम की जांच में जिस फोन नंबर से फिरौती मांगी गई उसे ट्रेस किया गया। इसके बाद धानी मुख्य चौराहे पर मोबाइल की दुकान संचालित करने वाले आरोपित से पूछताछ की गई। पता चला कि मरहठा गांव का ही एक किशोर सिमकार्ड खरीदा था। पुलिस उसे हिरासत में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। मरहठा गांव की ही वह महिला हैं जिनसे फिरौती मांगी गई थी।

# दीपक हत्याकांड में छह नामजद, चार गिरफ्तार

**जासं, मंगलपुर:** होली के दिन अबीर लगाने की बात को लेकर दीपक चौधरी की पीटकर हत्या के मामले में श्यामदेउरवा पुलिस ने छह आरोपितों के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। शुक्रवार को पुलिस ने नामजद चार आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपितों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया वहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

होली के दिन श्यामदेउरवा टोला घड़बुड़वा में अबीर लगाने और डीजे पर डांस करने को लेकर युवकों में मारपीट हो गई थी। आरोप है कि गांव के ही युवाओं ने दीपक को मारपीट कर घायल कर दिया। सूचना पर पहुंचे स्वजन उन्हें घर ले जाकर सुला दिए थे। देर शाम जब दीपक को जगाने पहुंचे तो देखे कि वह अचेत हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस उन्हें लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परतावल पहुंची जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दीपक की सिर में चोट लगने से मृत्यु की पुष्टि हुई। मृतक के भाई विजय चौधरी ने पुलिस को तहरीर दी। थानाध्यक्ष रामाज्ञा सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर गांव के ही मटेलू चौधरी, राहुल चौधरी, पिंटू चौधरी, मनीष चौधरी, राजेश चौधरी और इंदल चौधरी के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज करते हुए मटेलू, पिंटू, राजेश और इंदल चौधरी को गिरफ्तार कर लिया गया है। शेष आरोपितों की जांच की जा रही है।



श्यामदेउरवा थाने में गिरफ्तार आरोपितों के साथ पुलिस टीम • जागरण



पुलिस अधीक्षक कार्यालय में बैठक को संबोधित करते एसपी डा. कौस्तुभ • जागरण

# पासपोर्ट सत्यापन को लेकर अलर्ट, एसपी ने दिए निर्देश

- **पासपोर्ट सेल के सभी पुलिसकर्मियों को सतर्कता बरतने के निर्देश**
- **समयबद्ध तरीके से पूरा करें पासपोर्ट का सत्यापन**

**जासं, महराजगंज** : जिले की पुलिस पासपोर्ट और चरित्र सत्यापन को लेकर अलर्ट हो गई है। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने पुलिस कार्यालय समेत समस्त थानों में तैनात पासपोर्ट सेल के पुलिसकर्मियों के साथ बैठक की।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सभी प्रकार के सत्यापन के मामलों में गंभीरत बरती जाए। जिससे अपराध में शामिल किसी भी आरोपित को अनुचित लाभ न मिल सके। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के तथागत सभागार में आयोजित बैठक एसपी ने कहा कि ड्यूटी में सभी को अपने उत्तरदायित्व के प्रति सचेत रहना चाहिए। इसके बाद बैठक में उपस्थित सभी का बारी-बारी से उनके पास लंबित सत्यापनों की भी समीक्षा की गई। कहा कि सभी लोग निश्चित समयावधि के भीतर आवेदनों का निस्तारण सुनिश्चित करें। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# वनरक्षक पर हमला करने के मामले में दो गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, चौक**: सोहगीबरवा वन्यजीव प्रभाग के दक्षिणी चौक रेंज के खोस्टा बीट द्वितीय में तैनात वनरक्षक पर धारदार हथियार से हमला करने के मामले में शुक्रवार को दो हमलावरों को चौक पुलिस ने गिरफ्तार किया। इस मामले में लोकसेवक पर हमला सहित मारपीट व जान से मारने की धमकी आदि की धाराओं में चौक थाने में मुकदमा पंजीकृत है।

दक्षिणी चौक रेंज में तैनात वनरक्षक वेद प्रकाश मिश्र ने चौक थानाध्यक्ष को दी गई तहरीर में लिखा था कि खोस्टा बीट द्वितीय के कम्पार्ट संख्या 34 में रात्रि गश्त कर रहे थे। इस दौरान जंगल में लकड़ी काटने की आवाज सुनाई दी। निकट गए तो देखे कि तीन लोग पेड़ काट रहे हैं।

मना करने पर तीनों टूट पड़े। लाठी डंडे से मारपीटकर फरार हो गए । थानाध्यक्ष चौक विजय बहादुर ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्त प्रमोद व श्यामू को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया वहां से उन्हें जेल भेज दिया गया ।

# पत्नी से नाराज होकर कमरे में बंद किया, पहुंची पुलिस

**चौक बाजार, हिन्दुस्तान संवाद।** इनकार के बाद भी बार-बार पत्नी का वीडियो बनाने की एक घटना ने शुक्रवार को निचलौल सर्किल के पुलिस व प्रशासन को सकते में डाल दिया। पति के व्यवहार से आजिज पत्नी मायके चली गई। वहां से अपने रिश्तेदारों के साथ शुक्रवार की सुबह ससुराल लौटी। इसके बाद पत्नी से कहासुनी के बाद नाराज पति घर के कमरे में जाकर अंदर से फाटक बंद कर लिया। चौक थाने के सिपाही पहुंचे। उसके बाद भी दरवाजा नहीं खुला। दरोगा ने भी प्रयास किया। अनहोनी की आशंका पर निचलौल सीओ सूर्यबली मौर्य नायब तहसीलदार के साथ मौके पर पहुंचे। फाटक तोड़ा गया। कमरे के अंदर नाराज होकर पति बैठा था। उसे निकाल पुलिस थाने ले गई। वहां पति-पत्नी को दोनों पक्ष के रिश्तेदारों ने समझाया। उसके बाद सुलह-समझौता के बाद पति-पत्नी घर के लिए रवाना हुए।

> “ चौक क्षेत्र के एक गांव में पति नाराज होकर अपने को कमरे में बंद कर लिया था। दरवाजा तोड़ उसे बाहर निकाला गया। समझाने-बुझाने के बाद पति-पत्नी आपस में सुलह-समझौता कर राजी-खुशी से घर चले गए। प्रकरण में तहरीर नही मिलने से कार्रवाई नहीं हुई।
> सूर्यबली मौर्य-सीओ निचलौल

मामला चौक थाना क्षेत्र के एक गांव का है। पति-पत्नी में पिछले एक साल से अनबन चल रही है। पत्नी का आरोप है कि पति बेवजह उसका वीडियो बनाते रहते हैं।

रिश्तेदारों को भेजते रहते हैं। इससे उसे चिढ़ है। कई बार अपना वीडियो बनाने से मना कर चुकी है। नाराज होकर मायके चली गई थी। शुक्रवार को रिश्तेदारों के साथ पत्नी ससुराल आई। यह देख पति अपने को कमरे में बंद कर लिया। सूचना पर थाने से पुलिस कर्मी पहुंचे। उसके बाद भी फाटक नहीं खोला। एसआई भी मौके पर पहुंच दरवाजा खोलने का प्रयास किए लेकिन वह फाटक नहीं खोला। इससे मौके पर भीड़ जमा हो गई। अंत में सीओ निचलौल सूर्यबली मौर्य व नायब तहसीलदार निचलौल मौके पर पहुंचे। मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में फाटक तोड़ा गया। कमरे में पति नाराज होकर बैठा था। पुलिस उसे बाहर लाई। पति-पत्नी दोनों को काउंसलिंग के लिए थाने ले गई। थाने में सुलह-समझौता के बाद पति-पत्नी वापस घर आ गए।

# महिला से मांगी 1.20 करोड़ की फिरौती


- गन्ना विभाग फरेंदा में लिपिक के पद पर तैनात हैं पीड़िता
- हिरासत में किशोर, पत्र भेजकर दी बच्चों को जान से मारने की धमकी

**जासं, आनंदनगर** : गन्ना विभाग में लिपिक के पद पर तैनात नगर पंचायत आनंदनगर के निराला नगर की रहने वाली रंजीता सिंह के घर पर धमकी भरा पत्र भेजकर 1.20 करोड़ रुपये की फिरौती मांगी गई है। मामले में एसओजी, स्वाट और फरेंदा थाने की पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक किशोर को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है। सुरक्षा के लिए महिला के घर पर पुलिस की तैनाती की गई है।

निराला नगर निवासी रंजीता सिंह ने बताया कि पांच मार्च को उनके मोबाइल पर फोन आया, दूसरी तरफ से बोल रहे व्यक्ति ने उनसे 1.20 करोड़ रुपये के फिरौती की मांग की। उसी दिन उनके घर में फेंका गया धमकी भरा पत्र मिला। जिसमें रुपये न देने पर बेटे व भाई की हत्या करने की धमकी दी गई थी। मामले की जानकारी जैसे ही पुलिस के पास पहुंची जांच पड़ताल शुरू हो गई। पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने मामले का पर्दाफाश करने के लिए एसओजी और स्वाट टीम को लगाया। शुक्रवार को एसओजी ने मोबाइल नंबर और लोकेशन के आधार पर एक किशोर को हिरासत में लिया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अबतक की पूछताछ में गोरखपुर जिले के मरहठा निवासी एक किशोर को हिरासत में लिया गया है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



निराला नगर में रजीता सिंह के आवास पर सुरक्षा में तैनात पुलिस ●जागरण



महिला कर्मचारी के घर फेंका गया धमकी भरा पत्र ●जागरण

# नौतनवा थाना के दो पुलिसकर्मी सब इंस्पेक्टर पद पर चयनित

**जासं, नौतनवा** : नौतनवा थाना पर तैनात दो पुलिसकर्मियों का सब इंस्पेक्टर पद पर चयन हुआ है। शुक्रवार को सीओ, थानाध्यक्ष, आरक्षी सहित सामाजिक कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर उन्हें शुभकामनाएं दीं। अड्डा बाजार पुलिस चौकी व नौतनवा थाना सभागार में आयोजित विदाई समारोह में सीओ अनुज कुमार सिंह ने बताया कि गाजीपुर के रहने वाले आरक्षी राकेश कुमार व विनय सिंह राठौर ने सब इंस्पेक्टर की परीक्षा में सफलता प्राप्त की। इनको प्रशिक्षण के लिए पीटीसी मुरादाबाद रवाना किया गया है। कड़ी मेहनत व ईमानदारी से ड्यूटी करने वाले पुलिसकर्मियों की सफलता से अन्य साथियों को सीख लेनी चाहिए। थानाध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह, चौकी प्रभारी ओम प्रकाश गुप्ता, अड्डा बाजार चौकी प्रभारी हरी किशोर मिश्र आदि मौजूद रहे।

# नेपाली शराब बरामद

परसामलिक : क्षेत्र के महदेइया तिराहे से गुरुवार की शाम पुलिस ने एक आरोपित के पास से बाइक समेत 150 शीशी नेपाली शराब बरामद किया। आरोपित शिवकुमार महदेइया टोला पछडिहवा का निवासी है।

# छह के खिलाफ केस, चार गिरफ्तार

## दीपक हत्याकांड : होली के दिन डीजे पर डांस के दौरान गुलाल लगाने पर हुई थी पिटाई

संवाद न्यूज एजेंसी

अमर उजाला फॉलोअप

**परतावल।** श्यामदेउरवां थाना क्षेत्र के महम्मदा टोला घड़बुड़वा में बीते होली के दिन बुधवार को अबीर लगाने को लेकर हुई मारपीट के दौरान दीपक चौधरी के हत्या के मामले में शुक्रवार को छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है।

दीपक के बड़े भाई विजय चौधरी की तहरीर पर पुलिस ने मटेलू, राहुल, पिन्टू, राजेश, इंदल, मनीष के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। आरोपी मटेलू, पिन्टू, इन्दल तथा राजेश को गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया।



दीपक के घर पर तैनात पुलिसकर्मी। संवाद

श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा महम्मदा टोला घडबुडवां में बीते बुधवार होली का जश्न मना रहे युवकों की टोली में विवाद हो गया। अबीर लगाने को लेकर हुए मारपीट में आधा दर्जन से अधिक की संख्या में युवकों ने दीपक की जमकर पिटाई कर दी, इतने से जी नहीं भरा तो घर जाते समय रास्ते में रोककर दोबारा उसे मारापीटा।

घटना के बाद दीपक अपने घर जाकर सो गया। काफी देर तक जब नहीं उठा तो परिजन उसे जगाने गए, लेकिन वह अचेत ही रहा।

परिजन उसे लेकर सीएचसी परतावल गए जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष रामाज्ञा सिंह ने बताया कि शेष आरोपियों के गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

# ढाई किलो चरस के साथ बेलहिया में एक गिरफ्तार

**जासं , सोनौली :** नेपाल सीमा पर सोनौली से सटे बेलहिया बस स्टेशन के पास रूपंदेही जिले की पुलिस ने एक युवक के पास से ढाई किलो चरस बरामद कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। युवक सोनौली के रास्ते भारतीय सीमा में चरस की आपूर्ति करने जा रहा था।

रूपंदेही जिले के डीएसपी श्याम् आर्यल ने बताया कि युवक बेलहिया बस स्टैंड से सोनौली की तरफ जा रहा था। तलाशी लेने पर उसके पास से चरस बरामद हुआ। पूछताछ में युवक ने अपना नाम ललसारा धरती निवासी निसिखोला वार्ड नंबर छह बागलुंग नेपाल बताया।

# चार आरोपितों को दस घंटे के अंदर पुलिस ने दबोचा

महराजगंज, निज संवाददाता। होली के दिन डीजे पर नाचने व अबीर लगाने के विवाद में मारपीट के दौरान घायल युवक की मौत के बाद श्यामदेउरवा पुलिस दस घंटे के अंदर गैर इरादतन हत्या के चार आरोपितों को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया

पुलिस कार्यालय के मीडिया सेल के मुताबिक होली के दिन श्यामदेउरवा थानाक्षेत्र के ग्राम सभा श्यामदेउरवा टोला घुड़बुड़वा में चौधरी समुदाय के दो पक्ष में अबीर लगाने व डीजे पर नाचने को लेकर विवाद हुआ था। इस घटना में धक्का-मुक्की से घायल एक युवक घर पहुंचा। जहां थोड़ी देर बाद उसकी मौत हो गई थी। इस घटना से हड़कंप मच गया। ग इस मामले में मृतक युवक के परिजन की तहरीर पर पुलिस नामजद आरोपितों के खिलाफ बलबा व गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज की। दस घंटे के अंदर श्यामदेउरवा थाना के एसआई मनीष तिवारी व सुबेदार यादव, हेड कांस्टेबल अजय कुमार सिंह, कांस्टेबल रजन कुमार सिंह ने नामजद आरोपित मटेलु चौधरी पुत्र स्व. बनारसी (55), पिन्टू चौधरी पुत्र मटेलू चौधरी (26), राजेश पुत्र कन्हैया (45), इन्दल पुत्र राजेश (19) निवासी श्यामदेउरवा टोला घुड़बुड़वा को श्यामदेउरवा बाजार से गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक रामाज्ञा सिंह ने कहा कि श्यामदेउवा टोला घुड़बुड़वा में होली के दिन गैर इरादतन हत्या के आरोप में नामजद चार आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायालय चालान कर दिया गया है। पांचवे आरोपित को गिरफ्तार करने के लिए दबिश दी जा रही है। जल्द ही उसे भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

# एक करोड़ की फिरौती मांगने वाला पकड़ा गया

**फरेंदा।** कस्बे के निरालानगर निवासी एक निराश्रित महिला से एक करोड़ रुपये की फिरौती मांगने वाले किशोर को पुलिस ने पकड़ लिया है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है। फरेंदा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत आनंदनगर के निराला नगर निवासी रंजीता सिंह से फोन पर किसी ने एक करोड़ की फिरौती मांगी साथ ही फिरौती न मिलने की दशा में बेटे व भाई की हत्या करने की धमकी दी थी। मामले की शिकायत पीड़ित ने पुलिस से की तो पुलिस ने फोन नंबर को आधार बनाकर छानबीन शुरू की। जांच में पता चला कि एक किशोर ने फोन से धमकी दी है। शुक्रवार को पुलिस उसको हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र कुमार राय ने बताया कि किशोर से पूछताछ की जा रही है। मामले में विधिक कार्रवाई की जाएगी। संवाद

# किशोरी को भगा ले जाने के आरोप में मुकदमा

**परतावल।** श्यामदेउरवां थाना क्षेत्र की रहने वाली किशोरी को गांव का युवक भगा ले गया। इस मामले में किशोरी की मां की तहरीर पर दो युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। मामला बीते चार मार्च का है। यह जानकारी थानाध्यक्ष रामाज्ञा सिंह ने दी। संवाद

# सीमा पर 2.50 किलोग्राम चरस के साथ एक गिरफ्तार

## बेलहिया बस पार्क के पास रुपनदेही पुलिस ने पकड़ा

संवाद न्यूज एजेंसी

**सोनौली।** भारत-नेपाल सीमा पर सोनौली से सटे बेलहिया बस पार्क के पास रूपनदेही जिले की पुलिस ने एक युवक के पास 2.5 किलो चरस बरामद कर उसे गिरफ्तार किया है।

आरोप है कि युवक सोनौली के रास्ते भारतीय सीमा में चरस पहुंचाने जा रहा था। नेपाल पुलिस ने बार्डर पर ही गिरफ्तार कर लिया।

जिला पुलिस कार्यालय रूपनदेही पुलिस डीएसपी श्यामू आर्यल ने बताया कि सरहद पुलिस कार्यालय बेलहिया की पुलिस सीमा पर आने जाने वालों पर निगरानी कर रही थी। इस दौरान एक युवक बेलहिया बस पार्क से सोनौली भारत की तरफ जा रहा था। संदेह होने पर पुलिस टीम ने उसे रोक लिया और उसकी तलाशी लेने पर 2.5 किलो चरस बरामद किया।

जिस पर उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम ललसारा धरती निवासी निसिखोला वार्ड नंबर छह बागलुंग नेपाल बताया। मुकदमा दर्ज कर पूछताछ की जा रही है।

# मारपीट करने के आरोपी पर केस दर्ज

**चौक बाजार।** दक्षिणी चौक रेंज के खोस्टा बीट में तैनात वनकर्मी वेद प्रकाश मिश्रा के साथ मारपीट करने, जान से मारने की धमकी देने व सरकारी काम में बाधा डालने के मामले में वांछित वनटांगिया निवासी दो व्यक्तियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान कर दिया। रविवार को शाम खोस्टा बीट के 34 नंबर कम्पार्टमेंट में गश्त के दौरान वेद प्रकाश मिश्र से प्रमोद श्यामू तथा जगदीश से विवाद हो गया था जिस मामले में वनकर्मी वेद प्रकाश ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जगदीश, प्रमोद व श्यामू को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। थानाध्यक्ष विजय बहादुर ने मामले की पुष्टि की। संवाद

# मारपीट के मामले में 10 पर मुकदमा दर्ज

**निचलौल।** थाना क्षेत्र के जमुई पंडित गांव में मामूली बात को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई थी। जिस मामले में पुलिस पीड़ित के तहरीर पर पांच नामजद सहित 10 लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जांच में जुट गई है। प्रभारी निरीक्षक आनंद कुमार गुप्ता ने बताया कि पीड़ित अंगद निवासी जमुई पंडित की तहरीर पर आरोपी अवधेश, अशोक, विक्रम, भीम सागर, विद्यासागर के अलावा पांच अन्य अज्ञात सहित कुल 10 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच की जा रही है। संवाद

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 11-03-2023

# 15 पैकेट देशी शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**बस्ती (एसएनबी)।** 15 पैकेट देशी शराब के साथ एक युवक को पुलिस ने पकड़ा और उसके विरुद्ध एक्साइज एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। लालगंज पुलिस से अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत एक युवक को संदिग्ध हालत में देखा रोककरउसकी तलाशी ली गयी तो उसके पास से200 एमएल की बंटी बबली ब्रांड के अवैध शराब के 15 पैकेट बरामद हुए।

पूछताछ में युवक की पहचान सूरज कुमार पुत्र बद्री निवासी परेवा थाना लालगंज के रूप में की गयी। उसके विरुद्ध 60 आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गयी है।

# दहेज के लिए विवाहिता को पीटा, पति समेत पांच नामजद

**बस्ती (एसएनबी)।** दहेज केलिए विवाहिता कोमारने पीटने के मामले में विवाहिता की शिकायत पर पति समेत पांच ससुरालियों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा पंजीकृत किया गया है। कार्यवाही विवाहिता की शिकायत पर महिला पुलिस ने की है।

थानाध्यक्ष महिला थाना भाग्वती पांडेय नेबताया कि कोतवाली थाना क्षेत्र के भुवर निरंजनपुरनिवासी बिंदू का विवाह नगर थाना क्षेत्र के धुसरिया गांव निवासी राम मिलन के बेटे हरीश के साथ हुआ था। विवाह के बाद विवाहिता जब अपने ससुराल पहुंची तोससुराली उससेदहेज की मांग करनेलगे। दहेज पूरा न करने पर उसेगालियां देते हुए आये दिन जान से मारने की धमकी दी जाने लगी। हद तो तब हो गयी जब दहे ज लोभी ससुराली विवाहिता कोआये दिन मारने पीटने लगे। प्रताड़ना से तंग पीड़िता ने आपबीती पुलिस को सुनायी तोबिंदूकी शिकायत पर आरोपी पति हरीश,ससुर राम मिलन,जेठानी रानी पत्नी राजेन्द्र, देवर पंकज व सास के विरुद्ध धारा 498ए, 323,504,506 आईपीसी व 3/4 डीपी एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

# युवक को पीटा नौ नामजद

**बस्ती (एसएनबी)।** होली के दिन एक युवक को गालियां देते हुए पकड़कर पीट देने व कपड़े फाड़ देने के मामले में पीड़ित युवक की शिकायत पर रुधौली थाना क्षेत्र के नगहरा गांव निवासी नौ लोगों को नामजद किया गया है।

रुधौली थाना क्षेत्र के नगहरा के रहने वालेसादिक अली पुत्र लियाकत अली नेपुलिस को बताया कि उसकेलड़के साजिद अली कोगांव के ही कुछ लोगों नेघेरकर पकड़ लिया और गालियां देते हुए उसे मारा पीटा तथा कपड़े फाड़ते हुए जानमाल की धमकी देकरसिर का बाल की काट दिया। मामले में पीड़ित पक्ष की शिकायत पर रुधौली पुलिस ने नीरज पुत्र दुगा प्रसाद,अरुण पुत्र राजकुमार,बबलू पुत्र अवधराज, दीपक पुत्र रामधनी, लक्ष्मी सोनी पुत्र राम सवारे, प्रकाश पुत्र रामहित, अमन पुत्र सोकन, आशीष पुत्र गुलाब चन्द्र,चौथू पुत्र गंगाराम को नामजद किया है जबकि कुछ अज्ञात के विरुद्ध धारा 147, 323, 427, 504, 506 आईपीसी के तहत केस दर्ज किया तो वहीं दूसरे पक्ष ने आरोप लगाया कि साजिद अली पुत्र सादिक अली गांव की ही एक किशोरी जब शौच के लिए बाहर गयी थी तो सुनसान जगह पर किशोरी के साथ छेड़खानी की शोर मचाने पर गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। जिसेलेकर उसकी पिटाई कर दी गयी। इस मामले में भी रुधौली पुलिस ने साजिद अली पुत्र सादिक अली को नामजद करते हुए उसके विरुद्ध धारा 354, 504,506 आईपीसी व 3/8 पास्को एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**गौर (एसएनबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कटास गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक की मौत हो गई। पहले तो मौत का कारण बीमारी बताया गया लेकिन मौके पर पहुंची पुलिस ने जब परिजनों से पूछताछ किया तो मामला कुछ और ही निकला।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह कटास निवासी विक्रम के घर रोने चिल्लाने की आवाज सुन ग्रामीण उनके घर पहुंचे तो पता चला कि रात में अचानक विक्रम पुत्र गंगाराम की मौत हो गई है। परिजन उसके अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहे थे। इसी बीच मौत की सूचना किसी ने पुलिस को दे दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जब पूछताछ शुरू किया तो मृतक की पत्नी ने बताया कि गुरूवार की रात उसके कुछ रिश्तेदार घर पर आए थे। नशे में धुत उसका पति परिजनों से झगड़ा करने लगा। बाद में देर रात वह नाराज होकर अपने साथ एक साड़ी लेकर घर से बाहर चला गया। शुक्रवार की भोर परिवार वाले इसकी तलाश करते हुए जब गांव के बाहर एक शीशम के पेड़ के नीचे पहुंचे तो वहां का नजारा देख दंग रह गए। शीशम के पेड़ के एक डाली पर साड़ी के सहारे विक्रम का शव लटक रहा था। आनन-फानन में पेड़ से शव को नीचे उतारा और गले से साड़ी निकाल उसे घर लाकर दरवाजे पर एक चारपाई पर रख दिया। सुबह घरवालों का करुण कंदन सुन वहां गांव के लोग इकट्ठा हो गए। थानाध्यक्ष बृजेंद्र पटेल ने बताया कि दिवंगत परिजनों से झगड़ा करने के बाद फांसी लगाकर जान दे दिया है। फिलहाल शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# महिला दिवस पर मातृ शक्तियां सम्मानित

**बस्ती (एसएनबी)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बस्ती एवं राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर शुक्रवार को महिला चिकित्सालय बस्ती के परिसर में संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह में संपन्न हुआ जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया।

अतिथि के रूप मेंचीफ लीगल डिफेन्स कौशल किशोर श्रीवास्तव ने महिला दिवस पर महिला के अधिकारों पर प्रकाश डाला कहा कि आज महिलाएं इतनी समृद्धि स्थिति में है कि वह अपने अधिकारों की रक्षा स्वयं कर सकती हैं। हमें भी हर संभव की सहायता करनी चाहिए। विधिक रुप से उन्हेंपूरी तरह से शिक्षित किए जाने की जिम्मेदारी हम सब की है। उन्हें उनके अधिकारों के बारे में बताकर जान जागरूक किया जा सकता है। इसके पश्चात मानवाधिकार एसोसिएशन के चेयरमैन कुलदीप मिश्रा ने महिला के अधिकार पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पूरी दुनिया हमारे भारतीय महिलाओं का डंका बज रहा है। आधी आबादी हमारे साथ है। इन्हीं के साथ देश का विकास संभव है। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से महिला हस्तियों को सम्मानित किया गया।



च्बस्ती : महिला दिवस परमातृ शक्तियों को सम्मानित करने के बाद दृश्य। फोटो : एसएनवी

जिला महिला थाना प्रभारी भाग्यवती पांडे, मानवाधिकार एसोसिएशन के ललित, रोली सिंह, रीना पाठक जी प्राचार्य किसान महाविद्यालय, प्रधानाचार्य सूर्या पब्लिक इंटर कालेज नगर बाजार श्यामलता उपाध्याय,, डा. अंजू कनौजिया, अनीता वर्मा, डा. ममता रानी, डा. शिवा खान,पूजा पांडे, प्रधानाचार्य श्रीमती श्वेता देवी बालिका इंटर कालेज अनूप नगर सहित तमाम लोगों कोशिक्षा स्वास्थ्य सुरक्षा सामाजिक सरोकार से जुड़ी हस्तियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश कर पाठक, प्रदेश मंत्री विष्णु दूबेसहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# पुरानी रंजिश में आमने सामने हुए दो परिवार, पांच पर केस

**बस्ती (एसएनबी)**। पुरानी रंजिश कोलेकर रुधौली थाना क्षेत्र के मुड़ियार गांव में दो पक्ष आमने सामने हो गये। गाली गुप्ता के साथ दोनों पक्षों में जमकर मारपीट भी हुई। मामला थाने तक पहुंचा तोदोनों पक्षों के तरफ से कुल पांच लोगों के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है।

रुधौली थाना क्षेत्र के मुड़ियार गांव निवासी लवकुश पुत्र राम अचल ने पुलिस को बताया कि पुरानी रंजिश कोलेकर उसेव उसकी पत्नी नीलम को विपक्षियों ने गालियां देना शुरू कर दिया। जब मना किया तोजान से मा रने की धमकी देते हुए मारा पीटा गया। इस मामले में लवकुश पुत्र राम अचल की शिकायत पर गांव के ही मुन्नर पुत्र राम तौल,दुर्गेश पुत्र गौरीशंकर के विरुद्ध धारा323,504,506 आईपीसी के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है तोवहीं दूसरी तरफ दूसरे पक्ष की सुन्दरी पत्नीा इन्द्रेश ने भी पुरानी रंजिश में मारनेपीटने व गालियां व धमकी देने की बात कही। जिसके आधार पर रुधौली पुलिस ने लवकुश पुत्र राम अचल,नीलम पत्नी लवकुश, संगीता पत्नी रितेश के विरुद्ध भी धारा 323,504,506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# मनचले और उसे पीटने वालों पर केस

रुधौली। थाना क्षेत्र के एक गांव में शौच के लिए गई तेरह वर्षीय बालिका से युवक द्वारा छेड़खानी करने पर ग्रामीणों ने पकड़कर उसका बाल काट दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस मनचले को हिरासत में लेकर थाने ले गई। गुरुवार को बालिका की मां ने आरोपी के खिलाफ छेड़खानी मुकदमा दर्ज कराया है। वहीं दूसरी तरफ साजिद के पिता की तहरीर पर पुलिस ने जान माल की धमकी देना सहित अन्य आरोपों में गांव के ही अरुण, बब्लू, दीपक, लक्ष्मी सोनी, प्रकाश, अमन, आशीष, चौथू और अन्य अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# मुकदमा दर्ज करने का दिया आदेश

बस्ती। पाक्सो एक्ट के न्यायाधीश डॉ. अमित वर्मा की अदालत ने नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म व जाति सूचक गाली देने के मामले में मुकदमा दर्ज करने का आदेश कलवारी पुलिस को दिया है। कलवारी क्षेत्र एक गांव निवासी पीड़िता की मां ने अधिवक्ता एसएन दूबे के माध्यम से न्यायालय में अर्जी दखिल कर कहा है कि आठ फरवरी 2023 को उसकी नाबालिग पुत्री नहा रही थी, कि रतनदीप ने मोबाइल से वीडियो बना लिया। उसे ब्लैकमेल करके उसके साथ कई बार बलात्कार किया।

# 13 साल पहले की थी मारपीट, अब हुई गिरफ्तारी

बनकटी। लालगंज क्षेत्र के बानपुर निवासी जीते ने 13 साल पहले 2009 में मारपीट किया था। उन पर जानलेवा हमला करने का आरोप था। पिछले कई वर्षों से वह कोर्ट में हाजिर नहीं हुए तो वारंट जारी हो गया। अब लालगंज पुलिस ने 70 साल के वारंटी जीते को गुरुवार देर शाम दबोच लिया और शुक्रवार को न्यायालय में पेशी के लिए रवाना कर दिया। गुरुवार की शाम एसआई महेन्द्र कुमार व हेड कांस्टेबल रमेश कुमार ने जीते को दबोच लिया।

# उपनिरीक्षक के पद पर चयनित को दी गई विदाई

**जासं, बस्ती:** जनपद न्यायालय के प्रशासनिक अनुभाग में कनिष्ठ सहायक के पद पर कार्यरत अजय चौधरी का चयन उप निरीक्षक के पद पर हुआ है। शुक्रवार को दीवानी न्यायालय के कर्मचारियों ने उन्हें भावपूर्ण विदाई दी। अजय का चयन उप निरीक्षक नागरिक पुलिस में हुआ है। उन्हें प्रशिक्षण के लिए जनपद मुरादाबाद स्थित प्रशिक्षण केंद्र में दिनांक 12 मार्च 2023 को रिपोर्ट के लिए उपस्थित होना है। जनपद न्यायाधीश के आदेश 10 मार्च 2023 के क्रम में उन्हें न्यायिक अधिष्ठान से अवमुक्त कर दिया गया है। प्रशासनिक कार्यालय के कर्मचारियों द्वारा अजय चौधरी को अपने नए सेवा क्षेत्र में प्रवेश करने के लिए विदाई दी गई। विशेष मजिस्ट्रेट जगदीश प्रसाद चौधरी, अनिल कुमार श्रीवास्तव, एलएन सिंह, अमित, सर्वज्ञ मणि त्रिपाठी, अशोक सिंह मौजूद रहे।



दारोगा बने अजय को विदाई देते सहकर्मी • जागरण

# गंदा पानी फेंकने लेकर मारपीट, चार पर केस

बस्ती। वाल्टरगंज थाने के पिपराजप्ती में गंदा पानी फेंकने की बात को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। मुन्नू ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव के घोलर ने उनके घर पर गन्दा पानी फेंक दिया। मुन्नू ने मना किया तो घोलर, जीतराम, बब्लू और अमित यादव निवासी पिपरा जप्ती ने मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने चारों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

# पति समेत पांच पर दहेज उत्पीड़न का केस

बस्ती। महिला थाना ने घुसुरिया थाना नगर निवासी बिन्दू पत्नी हरीश की तहरीर पर पांच लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज किया है। पुलिस को दी तहरीर में बिन्दू ने बताया कि पति हरीश, ससुर राममिलन, जेठानी रानी, देवर पंकज व सास निवासी घुसुरिया थाना नगर दहेज की मांग को लेकर मारते-पीटते हैं। इन सभी जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पांचों के खिलाफ महिला के साथ मारपीट व दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज किया है।



हादसे के बाद कार में लगी आग और उसे बुझाते फायर ब्रिगेड कर्मचारी।

# कार में लगी आग, बाइक सवार 5 घायल

बस्ती, हिन्दुस्तान टीम। रुधौली थानांतर्गत बस्ती-बांसी मार्ग पर दसिया चौराहे के पास शुक्रवार की शाम एक कार और दो बाइक की भिड़ंत हो गई। कार सड़क सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरी और कुछ ही देर में धूं धूं कर जलने लगी। उधर बाइक सवार पांच लोग घायल हो गए। सभी को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मौके पर पहुंचे एसएचओ रुधौली संजय कुमार ने फायर ब्रिगेड की मदद से कार में लगी आग पर काबू पाया।

सिद्धार्थनगर जिले के बांसी थानांतर्गत पठान पुरवा निवासी अब्दुल हक, उनके बड़े भाई अयूब खान और वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के पलान गांव के अभिनेश अपनी बड़ी बहन शिल्पी एवं उनकी डेढ़ वर्ष की बेटी को बाइक पर बैठाकर बस्ती से रुधौली की तरफ जा रहे थे।

# पांच लोगों पर मुकदमा दर्ज करने का आदेश

**जासं, बस्ती :** विशेष सत्र न्यायाधीश एससी, एसटी एक्ट शिवचंद ने पांच लोगों पर उत्पीड़न का केस दर्ज करने का आदेश दिया है। केवला देवी पत्नी धर्मात्मा निवासी नकटीदेई थाना कप्तानगंज ने वीरेंद्र एडवोकेट के माध्यम से कोर्ट में कहा कि रमवापुर निवासी पिंटू, दिलीप कुमार, गीता देवी, शिव कुमारी व हरीराम से जमीन बैनामा करने के लिए सौदा तय किया गया था। सात लाख रुपये ले लिए लेकिन बैनामा नहीं किया।

# विनय पाठक को मिली दुबौलिया थाने की कमान

**बस्ती :** एसपी आशीष श्रीवास्तव ने शुक्रवार को दुबौलिया थाने के प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश गौतम को वहां से हटाकर पुलिस लाइन भेजा है। उनकी जगह पर अपराध शाखा में तैनात निरीक्षक विनय कुमार पाठक को भेजा गया है। इसी थाने पर तैनात उप निरीक्षक शैलेंद्र पांडेय को भी वहां से हटाकर पुलिस लाइन भेजा गया है। (जासं)

# भटकी युवती को पुलिस ने स्वजन से मिलवाया

**जासं, विक्रमजोत, वस्ती** : छावनी पुलिस ने शुक्रवार की देररात भटक कर हाईवे के किनारे स्थित खतमसराय गांव पहुंची युवती को अपनी अभिरक्षा में लेकर उसके स्वजन को सूचित किया। बाद में युवती को उसके परिवारवालों को सिपुर्द कर दिया गया।

थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि गुरुवार की रात क्षेत्र भ्रमण के दौरान हाईवे पर खतमसराय गांव के पास घूम रही युवती को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई तो पता चला कि वह दुबौलिया थाना क्षेत्र के गोकुलपुर गांव की रुचि सिंह है, जो भटक कर वहां पहुंच गई। पुलिस ने स्वजन से संपर्क कर उन्हें रुचि के बारे में सूचना दी गई। युवती के स्वजन मौके पर पहुंचे और बताया कि उसकी मानसिक हालत ठीक नहीं है। गुरुवार को दिन में करीब दो बजे घर से निकली थी। वे उसकी खोजबीन कर रहे थे।

# बलवा और मारपीट के मामले में आठ पर केस

**जासं, पैकोलिया, बस्ती :** पैकोलिया थानाक्षेत्र के असनहरा गांव में एक दंपती की पिटाई के मामले में पुलिस ने आठ ज्ञात व कुछ अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

मीना देवी पत्नी काली प्रसाद ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि होली के दिन शाम को उसका छह वर्षीय पुत्र दिव्यांशु घर के बाहर सड़क किनारे खेल रहा था। इसी बीच गांव के ही नियामत के साइकिल की ठोकर से वह घायल हो गया। इसी बात को लेकर उसके पति से नियामत की कहासुनी हो गई। थोड़ी देर बाद नियामत अली अपने साथ शाहिद उर्फ चुल्लुर, सैदा हुसैन, शमीम, अकेला पुत्री फैज मोहम्मद सहित कई लोगों को लेकर उनके घर पर चढ़ आया। विपक्षी अपशब्द कहते हुए उन्हें व उनके पति को मारने पीटने लगे। घर में रखा चारपाई, कुर्सी आदि तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। उनका मंगलसूत्र भी छीन लिया। जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी गई। उसके पति व ससुर आए तो इन्हें भी लोगों ने मारापीटा। घटना में उसकी पुत्री को भी चोटें आईं। शुक्रवार को क्षेत्राधिकारी हरैया शेषमणि उपाध्याय गांव पहुंचे और घटना के संबंध में पीड़ित पक्ष से जानकारी ली। थानाध्यक्ष योगेंद्र ने बताया कि आरोपितों पर केस दर्ज किया गया है।

## बच्चों द्वारा पानी फेंकने को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**बस्ती :** पैकोलिया थाना क्षेत्र के पिपराकाजी गांव में होली के दिन बच्चों द्वारा पानी फेंकने के विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। दोनों पक्षों की तहरीर पर मामले में क्रास केस दर्ज किया गया है। एक पक्ष की अनीता देवी पत्नी चंद्रबली ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि बच्चों द्वारा पानी फेंकने के विवाद को लेकर विपक्षी ने उन्हें अपशब्द कहे और मारा पीटा। जान से मारने की नीयत से उन पर कुल्हाड़ी से हमला किया गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर बब्लू, उनकी पत्नी सीमा देवी व दो अन्य लोग निवासीगण पिपराकाजी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से सीमा देवी ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि विपक्षीगणों ने उनके पति बब्लू, उनके बेटे रामानन्द व बेटी दिव्या को मारा पीटा व जान से मारने की धमकी दी। दरवाजे को भी तोड़कर क्षति ग्रस्त कर दिया गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अनीता, विन्ध्यवासिनी, शोभा व रामनोहर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# मारपीट के मामलों में 15 पर केस

## नगर, दुबौलिया, मुंडेरवा व लालगंज थाना क्षेत्र में हुईं पांच घटनाएं

**जागरण संवाददाता, बस्ती :** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए छोटी-छोटी बात को लेकर मारपीट की पांच घटनाएं हुईं। इनमें पुलिस ने 15 लोगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

- **जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में छोटी-छोटी बातों को लेकर हुई मारपीट की घटनाएं, एक-दूसरे पर लोगों ने मुकदमा दर्ज कराए**

नगर थाना क्षेत्र के फुटहिया संसारपुर निवासी चौथराम ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि उनके ठेले की दुकान से अबीर गुलाल लेने से मना करने पर विपक्षियों ने उन्हें अपशब्द कहा और जान से मारने की धमकी देते हुए मारा पीटा। पुलिस ने तहरीर के आधार पर भगत सिंह उर्फ दद्दू, राधेश्याम, चन्द्रशेखर व दीपक सिंह के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। इसी प्रकार दुबौलिया थाना क्षेत्र के अराजी डूही धरमूपुर निवासी अनिल ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि विपक्षीगणों ने उन पर और उनके चचेरे भाई को गुरुवार को ऊंजी गांव के पास साइड मांगने की बात को लेकर मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी। मामले में गौरव तिवारी, डीएन तिवारी निवासी कनघुसरा व दो अन्य नाम पता अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

मारपीट की तीसरी घटना मुंडेरवा थाना क्षेत्र के हथिरजा गांव की है। गांव के एनुल्लाह ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि गुरुवार को नाली में मिट्टी डालने के विवाद को लेकर उनके भाई सफीउल्लाह द्वारा उनकी पत्नी राबिया को अपशब्द कहते हुए मारा पीटा गया। जान से मारने की धमकी दी गई। इसी थाना क्षेत्र के परसा बोधी गांव निवासी मीना देवी ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि गुरुवार को झाड़ू लगाने के विवाद को लेकर विपक्षियों ने अपशब्द कहते हुए उन पर व उनकी बेटी पर ईंट- पत्थर के टुकड़े फेंककर हमला किया। जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने धीरेंद्र बहादुर लाल, बब्बन पाल, रामकुमार व सूर्यमुखी पत्नी रामकुमार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। वहीं लालगंज थाने के निपनिया गांव निवासी रामदीन ने आरोप लगाया कि आपसी रंजिश को लेकर विपक्षियों द्वारा उन्हें अपशब्द कहते हुए मारा पीटा गया, जानमाल की धमकी दी गई। मामले में. अंकुर व उनके भाई अजय के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

# पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट, केस

**जासं,बस्ती:** रुधौली थाना क्षेत्र के मुड़ियार गांव में होली के दिन पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। मामले में पुलिस ने दोनो पक्षों के पांच लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। एक पक्ष के लवकुश ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि पुरानी रंजिश को लेकर उन्हें और उनकी पत्नी नीलम को विपक्षियों ने अपशब्द कहे, मना करने पर जानमाल की धमकी देते हुए मारा पीटा। मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर गांव के ही मुन्नर और दुर्गेश के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। वहीं दूसरे पक्ष की सुंदरी पुत्नी इंद्रेश ने पुलिस को तहरी देकर गांव के लवकुश, उसकी पत्नी नीलम और संगीता पत्नी रितेश पर मारने पीटने और जानमाल की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है।

**किशोरी के साथ छेड़खानी के मामले में मुकदमा, बस्ती:** रुधौली पुलिस ने किशोरी के साथ छेड़खानी के मामले में आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। पुलि को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के रहने वाली एक महिला ने आरोप लगाया है कि होली के दिन शौच करने के लिए घर से निकली उनकी अल्पवयस्क पुत्री के साथ गांव के ही साजिद अली ने छेड़खानी की। अपशब्द कहते हुए जानमाल की धमकी दे आरोपित भाग निकला। पुलिस ने आरोपित पर केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# रहस्यमय परिस्थितियों में किशोर गायब

**जागरण संवाददाता, कलवारी ,बस्ती:** थाना क्षेत्र के कलवारी मुस्तहकम निवासी 17 वर्षीय किशोर राजपाल सिंह उर्फ प्रियांशु गुरुवार की शाम अपने घर से रहस्यमय परिस्थितियों में गायब हो गया। बताया जा रहा है कि वह किसी अज्ञात व्यक्ति के मोटरसाइकिल पर बैठकर कहीं चला गया।

पुलिस को दिए गए तहरीर में गांव निवासी रंगपाल सिंह ने बताया कि उनका बेटा बस्ती के एक विद्यालय में 12वीं कक्षा का छात्र है। वह गुरुवार की शाम को घर के उत्तर पाकड़ के पेड़ के नीचे से किसी अज्ञात व्यक्ति के मोटरसाइकिल पर बैठकर गांव के पश्चिम की तरफ चला गया। काफी देर के बाद जब वह घर वापस नहीं आया तो खोजबीन की गई, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। थानाध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर जांच उपनिरीक्षक विजय कांत यादव को सौंपी गई है।

# मारपीट को लेकर मुकदमा

**बस्ती:** वाल्टरगंज थाना के पिपरा जप्ती गांव में गंदा पानी फेंकने के विवाद में हुए मारपीट में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। गांव के मुन्नू ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि विपक्षी घोलर ने उन पर गंदा पानी फेंक दिया। पुलिस ने घोलर, जीतराम, बब्लू व अमित यादव निवासी पिपराजप्ती पर केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। (जासं)

# युवक को पीटने व बाल काटने के मामले में नौ लोग नामजद

**जासं, बस्ती:** रुधौली थाना क्षेत्र के नगहरा गांव में एक युवक को पकड़कर पीटने व सिर के बाल काटने के मामले में पुलिस ने नौ लोगों को नामजद करने के साथ ही कुछ अन्य अज्ञात लोगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

नगहरा गांव निवासी सादिक अली ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि विपक्षियों ने उनके बेटे साजिद को पकड़कर अपशब्द कहते हुए मारा पीटा व उसका शर्ट फाड़ दिया। इतना ही नहीं उसके सिर का बाल भी काट दिया। विपक्षियों ने उनको भी मारापीटा और जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर नीरज, अरुण, बब्लू, दीपक, लक्ष्मी सोनी, प्रकाश, अमन, आशीष, चौथू व कुछ अन्य लोग नाम पता अज्ञात निवासी ग्राम नगहरा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। मामले की विवेचना बिशुनपुरवा चौकी प्रभारी अजय कुमार सिंह को सौंपी गई है।

**रंजिश को लेकर मारा पीटा, छह पर मुकदमा: बस्ती :** परशुरामपुर थानाक्षेत्र के परसपुर गांव निवासी वासुदेव ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि बुधवार को पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षियों ने एक राय होकर उन्हें उनकी पत्नी फूलमती को मारा पीटा व जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर राजेंद्र वर्मा, चंचल, नीरज, धनन्जय, दिलीप व सोनू निवासी परसपुर के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना उपनिरीक्षक मो. मुस्तफा को सौंपी गई है।

# मुंडेरवा में दो वारंटी समेत 21 गिरफ्तार

**मुंडेरवा।** पुलिस ने दो वारंटी और अलग-अलग गांवों के 19 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। एसएचओ अरविंद कुमार शाही ने बताया कि चोरी के आरोप में राजकुमार उर्फ रवि राजभर निवासी सुकाली पुरवा बरडाड़ और विष्णु निवासी बरडाड़ को शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया। इन दोनों पर न्यायालय से वारंट जारी हुआ था। इसके साथ ही परमहंस, संदीप, प्रदीप निवासी मुंडेरवा, बेचन, सोबीन निवासी गूदी, मनीष चौधरी, फैजान अली निवासी बढ़या, मजीत, रजीत, गोविंद, गब्बर, बीरु, दीपक निवासी पड़री, हफीजुल्लाह, अमीरुल्लाह, रियाज अहमद, मो. इस्लाम निवासी पकड़ीधौरहरा, विशाल चौहान, इन्द्रजीत निवासी दसौती थाना मुंडेरवा को शांतिभंग की आशंका में गिरफ्तार किया गया। संवाद

# दहेज के आरोप में ससुराल के पांच लोगों पर मुकदमा

**बस्ती।** महिला थाने में दहेज के लिए विवाहिता को प्रताड़ित करने के एक मामले में ससमुराल के पांच लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। इस संबंध में धुसुरिया निवासी बिन्दू पत्नी हरीश हाल मुकाम भुवर निरंजनपुर थाना कोतवाली ने तहरीर दी। इसमें पति हरीश, ससुर राम मिलन, जेठानी रानी, देवर पंकज और सास पर आरोप लगाए गए हैं। संवाद

# बच्चों के विवाद में दो पक्ष भिड़े

**बस्ती।** पैकोलिया थाना क्षेत्र के पिपराकाजी गांव में बच्चों के पानी फेंकने के विवाद को लेकर मारपीट हो गई। आरोप है कि एक पक्ष ने दूसरे को जान से मारने की नीयत से कुल्हाड़ी से हमला किया। पुलिस ने अनीता देवी पत्नी चन्द्रवली की तहरीर पर बब्लू व उसकी पत्नी सीमा और दो अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। वहीं दूसरे पक्ष की सीमा देवी ने तहरीर दी, जिसमें उसे, उसके पति बब्लू, बेटे रामानंद और बेटी दिव्या को मारने-पीटने व दरवाजा तोड़ने का आरोप लगाया है। पुलिस ने अनीता पत्नी चन्द्रबली, विन्ध्यवासनी पत्नी राम नोहर, शोभा पत्नी अवधेश और राम नोहर पर मुकदमा दर्ज किया है। संवाद

# गांव से पलायन का पोस्टर लगाने पर पुलिस ने दर्ज किया केस

संवाद न्यूज एजेंसी

**पैकोलिया (बस्ती)।** थाना क्षेत्र के असनहरा गांव में बच्चे को साइकिल से टक्कर मार देने के मामले ने तूल पकड़ लिया। आरोप है कि एक समुदाय के लोगों ने दूसरे के घर पर हमला कर मारपीट की। शिकायत करने पर पुलिस ने कार्रवाई करने में टाल-मटोल की। इससे क्षुब्ध अनुसूचित जाति की पूर्व प्रधान के परिवार ने गेट पर घर बेचकर पलायन करने की तैयारी कर ली।

इसकी जानकारी होने के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू की। सीओ हरैंया शेषमणि उपाध्याय ने बताया कि गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। पैकोलिया थाना क्षेत्र के असनहरा गांव निवासी पूर्व प्रधान मीना देवी पत्नी काली प्रसाद का बेटा दिव्यांशु बुधवार को घर के सामने खेल रहा था। तभी गांव के शाहिद का लड़का नियामत साइकिल लेकर आया, और बच्चे को टक्कर मार दी, इससे उसको गंभीर चोट आ गई।

इसी बात को लेकर बच्चे की मां मीना ने टक्कर मारने वाले लड़के को डांट दिया। इसकी उसने अपने घर जाकर शिकायत कर दी। इस पर दूसरे पक्ष के 10-12 लोग अनुसूचित जाति की महिला के घर पहुंच गए और अपशब्द कहने लगे। आरोप है कि सैदा हुसैन ने लोगों को ललकारा तो सभी लोग पूर्व प्रधान मीना, उसके पति, ससुर आदि से मार पीट की।



असनहरा गांव में महिला पूर्व प्रधान अपने परिजनों के साथ। संवाद

## असनहरा गांव में बच्चे को साइकिल से टक्कर मार देने पर हो गई थी मारपीट

आरोप है कि पीड़िता का मंगलसूत्र भी छीन लिया। घंटे भर तक वह लोग मारपीट करते रहे। घटना की सूचना पीड़िता ने पैकोलिया पुलिस को दी, मगर पुलिस कार्रवाई करने में टालमटोल करती रही। शुक्रवार को दूसरे संप्रदाय के डर से पूर्व प्रधान ने घर छोड़कर जाने का पोस्टर चस्पा कर दिया। इसकी सूचना मिलने के बाद पुलिस हरकत में आई।

पीड़ित परिवार को थाने बुलाकर पीड़िता मीना देवी की तहरीर पर गांव के ही शाहिद उर्फ चुल्लूर, सैदा हुसैन, नियामत अली, अकेला, फैज मोहम्मद समीम, ऐशबानो,कतलू तथा फैज मोहम्मद की पत्नी व तीन चार अज्ञात के विरुद्ध पुलिस ने बलवा, छिनौती, घर में घुसकर मारने पीटने व दलित उत्पीड़न एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया।



घर पर लगाया गया बोर्ड। संवाद

# वांछित वारंटी के घर की हुई कुर्की

**बनकटी।** थानाक्षेत्र के बानपुर निवासी वांछित वारंटी के घर की शुक्रवार को मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में कुर्की की गई।

वर्ष 2009 में मारपीट सहित जानलेवा हमले सहित विभिन्न धाराओं के वारंटी बानपुर निवासी सुखई के घर कोर्ट के आदेश पर नायब तहसीलदार घनश्याम शुक्ला व लालगंज उप निरीक्षक महेंदर कुमार सहित अन्य पुलिस टीम ने घर में रखी बाल्टी, थाली, लोटा, कटोरा सहित बर्तन व बेड आदि सामान कब्जे में ले लिया।

आरोपी सुखई पर गांव में ही एक व्यक्ति को मारपीट कर अचेत कर देने का आरोप है। उक्त मुकदमे में 18 वर्ष से फरार सुखई घर में ताला बंद करके फरार है। संवाद

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 11-03-2023

# पिकअप पलटने से 11 लोग घायल चार की हालत गंभीर

**बानगंगा(एसएनबी)**। शुक्रवार को चिल्हिया थाना क्षेत्र बरगदवा चौराहे से करौंदा मार्ग पर स्थिति देशी शराब के दुकान के पास यात्रियो से भरी पिकअप पलट गई।पिकअप मे बैठे ग्यारह लोग घायल हो गए। घटना स्थल पर पुलिस क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ जयराम व चिल्हिया थानाध्यक्ष शिवधारी व स्थानीय लोगो ने पहुंचकर घायलों को पिकअप से बाहर निकल कर एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भेजवाया। चिल्हिया थाना क्षेत्र के ससना गांव निवासी अनिल कुमार के पुत्र के मुंडन कराने के लिए शुक्रवार को पिकअप से पल्टादेवी मंदिर जा रहे थे।जैसे बरगदवा चौराहे के पास स्थिति देशी शराब की दुकान के पास पहुँचे तभी अनियंत्रित होकर पिकअप का पहिया सड़क से नीचे उतर गया। और पिकअप पलट गई। यह घटना देखकर राहगीर व स्थानीय लोग ने पुलिस को सूचना दी।पुलिस व स्थानीय लोगों ने पहुँचकर पिकअप मे बैठे लोगो को बहार निकला गया।जिसमें उर्मिला पत्नी राम लखन 36वर्ष, राकेश पुत्र चन्द्रदीप19वर्ष, लीचा पत्नी हरिराम 55वर्ष, मुन्नी पत्नी प्यारेलाल 35वर्ष, सुनीता पत्नी बिसंभर, राज,राधिका, उर्मिला,प्रमिला,सुभावती आदि लोग घायल हो गए। सभी को जिलाअस्पताल पहुचाया गया।जहां उर्मिला, राकेश, लीचा और मुन्नी देवी गम्भीर रूप से घायल है।जिनका इलाज जिला अस्पताल सिद्धार्थ नगर मे चल रहा है।इस संबंध मे चिल्हिया थानाध्यक्ष शिवधारी ने बताया कि घटना स्थल पर पहुंच कर घायलों को जिला अस्पताल भेजवाया गया।जहां पर चार की हालत गंभीर है।प्राथमिक उपचार कर बाकी लोगों को घर भेज दिया गया।

# विपक्षी आरोप निराधार

**इटवा(एसएनबी)** । विपक्षी पार्टी द्वारा होली मिलन को लेकर लगाया जा रहा आरोप पूरी तरह से निराधार है। ये लोग प्रशासन से बिना अनुमति लिये ही कार्यक्रम करना चाहते थे।जबकि भाजपा द्वारा प्रशासन से अनुमति लेकर कार्यक्रम किया गया है। उक्त जानकारी भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री ष्णा मिश्र ने दिया है।उन्होंने बताया कि भाजपा द्वारा बिगत छह वर्षो से इटवा चौराहे पर होली मिलन का कार्यक्रम नियमित रूप से किया जा रहा है।सपा द्वारा कार्यक्रम में व्यवधान उत्पन्न करने के लिए ही बिना प्रशासन से अनुमति लिए सूचना प्रसारित कर दिया गया ।जबकि प्रशासन द्वारा भाजपा को होली के दिन चार के छह बजे तक कार्यक्रम करने की अनुमति दिया गया था। इसके बाद सपा को कसर्यक्रम करने के लिए बताया गया था।

# कार्यक्रम में व्यवधान डालना चाहते थे सपाई

**जागरण संवाददाता, इटवा, सिद्धार्थनगर** : भारतीय जता पार्टी के जिला मंत्री कृष्णा मिश्रा ने शुक्रवार को पार्टी कार्यालय पर पत्रकार वार्ता में कहा कि विपक्षी की ओर से प्रशासन पर सत्तापक्ष के लिए काम करने के लिए जो आरोप लगाया जा रहा है, वह निराधार और झूठा है। सच ये है कि सपाई भाजपा के कार्यक्रम में व्यवधान डालना और सौहार्द बिगाड़ना चाहते थे। जिसको प्रशासन ने विफल करने का काम किया।

जिला मंत्री ने कहा कि इटवा चौराहे पर भाजपा का होली मिलन समारोह विगत छह वर्षों से हो रहा है। इस बार आठ मार्च को होने वाले आयोजन को लेकर छह मार्च को ही एसडीएम को सूचना दे दी गई थी। भाजपा को सायं चार से छह बजे तक कार्यक्रम करना था। इसके बाद कार्यक्रम सपा को करना था, मगर कुछ लोग जबरदस्ती बिना किसी प्रशासन की अनुमति के व्यवधान डालने की कोशिश की। इसका प्रशासन ने नहीं होने दिया। इसी बौखलाहट में सपा के लोग प्रशासन और सत्तापक्ष झूठा आरोप लगा रहे हैं।

# पुलिस कर्मियों ने खेली होली

शोहरतगढ़। शोहरतगढ़ थाना परिसर में शुक्रवार को पुलिस कर्मियों ने जमकर होली खेली। पुलिस टीम थाना परिसर में इकट्ठा होकर एक दूसरे को रंग, अबीर व गुलाल लगाते हुए लोगों के साथ खुशियां बांटी। सुरक्षा व्यवस्था में होली के दिन से लगातार व्यस्त रही। फुर्सत मिलने के बाद पुलिस कर्मियों ने थाना परिसर में होली खेली।

# होली पर सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की थी कोशिश: मिश्र

- सपा विधायक के बयान पर भाजपा जिलामंत्री ने किया पलटवार
- कहा, सपा का कार्यक्रम फ्लाप हो जाने से लगा रहे अनर्गल आरोप

इटवा, हिन्दुस्तान संवाद। आठ मार्च को इटवा चौराहे पर आयोजित होली मिलन समारोह का मंच सपा कार्यकर्ता का होने और प्रशासन की सह पर सत्ता पक्ष के लोगों की ओर से जबरिया कब्जा करके कार्यक्रम करने के आरोपों को लेकर सपा विधायक के आए बयान पर शुक्रवार को भाजपा जिलामंत्री कृष्णा मिश्र ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि सपा का कार्यक्रम भीड़ न आने से फ्लाप हो जाने के कारण वह लोग खिसियाए हुए है। इसलिए प्रशासन और सत्ता पक्ष पर अनर्गल आरोप लगा रहे हैं। सच्चाई क्या है यह इटवा के लोगों को पता है।

इटवा कस्बे के बांसी रोड स्थित पार्टी कार्यालय पर शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान भाजपा जिलामंत्री ने कहा कि सपा के कुछ लोग होली के दिन इटवा चौराहे पर भाजपा की ओर से आयोजित होली मिलन समारोह में व्यवधान उत्पन्न कर सामाजिक सौहार्द बिगाड़ना चाहते थे। उन्होंने बताया कि चौराहे पर भाजपा का होली मिलन कोई पहली बार नहीं हो रहा है। पिछले छह वर्षों से पार्टी वहां होली मिलन समारोह का आयोजन करती आ रही है। आठ मार्च की शाम चार बजे समारोह का आयोजन किया गया था। इसकी पूर्व सूचना छह मार्च को ही एसडीएम को दे दी गई थी।

# साइबर सेल ने फ्रॉड से रुपये लौटवाए

सिद्धार्थनगर। साइबर सेल ने फ्राड हुए 19 हजार रुपये को पीड़ित के खाते में वापस कराया। प्रभारी साइबर सेल सुभाष यादव ने बताया कि खेसरहा थाना क्षेत्र के तुलसिया गांव निवासी मो. साबिर के खाते से 19 हजार रुपये का फ्राड हो गया था।

उन्होंने इसकी जानकारी साइबेर सेल को दी। सूचना मिलते ही साइबर सेल की टीम सक्रिय हो गई। टीम ने आठ मार्च को मो. साबिर अली के खाते में सम्पूर्ण धनराशि 19 हजार रुपये वापस करा दिया।

# नाबालिग ने जेवर चोरी कर दुकान पर बेचा, छापेमारी

**जासं, सिद्धार्थनगर :** शुक्रवार शाम अनूपनगर मोहल्ला के एक ज्वेलरी शाप पर छापेमारी की। वह चोरी के जेवरात बेचने की सूचना पर वहां पहुंची थी। दुकानदार ने ऐसी किसी भी घटना में संलिप्तता से इंकार किया तो वहीं पुलिस ने आरोपित के बताने के आधार पर कार्रवाई करने की बात कही। सदर थाना क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी स्वजन ने घर से जेवर चोरी होने के संबंध में पुलिस को सूचना दी। संदेह के आधार पर नाबालिग पुत्र से भी पूछताछ की। उसने चोरी करने की बात कबूल करते हुए 15 हजार में एक ज्वेलरी शाप पर उसे बेचने के संबंध में बताया। एसएचओ सदर सतीश सिंह ने बताया कि पुलिस ने दुकानदार से पूछताछ की।

# एक साथ उठी दो दोस्तों की अर्थी, आंसुओं के सैलाब में डूबा गांव

**जागरण संवाददाता, शोहरतगढ़ :** चिल्हिया थाना क्षेत्र के बड़गो में शुक्रवार को एक साथ दो दोस्तों की अर्थी उठने पर पूरा गांव आंसुओं के सैलाब में डूब गया। अजीत की चिता को पिता अरुण कुमार सिंह व विक्की को पिता राधे रमण सिंह ने मुखाग्नि दी तो हाथ कांपने लगे। आंखों से आंसुओं की धार बहने लगी। यह देख हर किसी की आंखें नम हो गईं।

होली के दिन नौ दोस्तों के साथ बानगंगा नदी में स्नान करने गए दोस्तों में तीन दोस्तों की नदी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। 24 घंटे शव नहीं मिलने पर स्वजन को बेटों के जिंदा होने की उम्मीद थी, लेकिन जब गुरुवार दोपहर बाद तीनों का शव मिला तो मानों स्वजन के ऊपर ईश्वर ने वज्रपात कर दिया हो।

विक्की तीन भाइयों में सबसे छोटा व अजीत दो भाइयों में सबसे छोटे थे। इस लिए यह स्वजन के दुलारे थे। स्वजन यह नहीं जानते थे कि खुशियों के त्योहार होली के दिन कलेजे का टुकड़ा हम लोगों से दूर हो जाएगा। शुक्रवार को जब दोनों की अर्थी उठाई गई तो हर कोई भगवान को कोसता हुआ दिखा। परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा था। एक तरफ विक्की सिंह की मां सुधेश्वरी व दूसरी तरफ अजीत की मां सैला बेटे के शव के पास रो-रो कर बेसुध हो जाया करती थीं। मानो व चीख-चीख कर पूछ रहीं हो हे गंगा मैया इन मासूमों ने तेरा क्या बिगाड़ा था? क्यों इनके साथ ऐसा हुआ? चीत्कार के बीच किसी तरह विक्की के भाई चंदन व सूरज व अजीत के भाई निरंकार ने आंखों में आंसू लिए लोगों के साथ मां को दूर किया। दोनों की अर्थी उठा कर गांव के पोखरे पर लाया गया। यही पर अंतिम संस्कार किया गया।

- मुखाग्नि देते पिता के कांपे हाथ, आंखों से आंसुओं की बहने लगी धार
- गांव के पोखरे पर एक साथ हुआ दोनों के का अंतिम संस्कार



चिल्हिया थाना क्षेत्र के बड़गो गांव में रोते बिलखते स्वजन ● जागरण

## अंतिम संस्कार में उमड़े ग्रामवासी

सिद्धार्थनगर : घटना के तीसरे मृतक उज्ज्वल त्रिपाठी सदर थाना क्षेत्र के भीमापार के निवासी थे। उनके पिता मूलरूप से लोटन कोतवाली के सैनुआ गांव के रहने वाले हैं। शाम को वह जैसे अपने बेटे के शव के साथ गांव पर पहुंचे, स्वजन दहाड़े मारकर रोने लगे। उज्ज्वल के अंतिम संस्कार में गांव भर के लोग उमड़ पड़े। गांव से थोड़ी दूरी पर उज्ज्वल का अंतिम संस्कार हुआ। बेटे की मौत से देवेश पूरी तरह टूट गए हैं। उनका कहना है कि वह बेटे को पढ़ाई के लिए राजेस्थान के कोटा भेजने वाले थे, लेकिन सब खत्म हो गया। उन्होंने कहा कि वह बेटे की मौत को हजम करी नहीं पा रहे हैं। जिने लोगों के साथ उनके बेटा वानगंगा गया था, उन्हें उन्होंने कभी उनके साथ देखा ही नहीं था। बेटे के मोबाइल की स्क्रीन लाक है, यह समझ से परे है कि आखिर उसकी मोबाइल कैसे ओपेन की गई। जिसने काल किया, वह 20 मिनट तक भटकाता रहा। उन्होंने कहा कि बहुत से सवाल हैं, जिसके उत्तर नहीं मिल रहे हैं।

# हादसे के बाद जागा प्रशासन तैनात किए गए सुरक्षाकर्मी

**जासं, शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर :** होली के दिन तीन दोस्तों की मृत्यु के बाद पुलिस प्रशासन गंभीर हुआ है। बैराज के पास सुरक्षा की दृष्टि से दो गार्डों की तैनाती कर दी गई है। अब यह गार्ड बैराज के पास लोगों पर नजर रखते हुए उन्हें सावधान करेंगे, लेकिन सिंचाई विभाग की तरफ से अभी कोई इंतजाम नहीं किया गया है।

बानगंगा बैराज पर घूमने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। यहां आने वाले लोग माहौल देखकर पानी में नहाने जरूर उतरते हैं। बैराज में पानी के स्तर व गहराई आदि की जानकारी नहीं होने की वजह से आए दिन डूबने से लोगों मृत्यु हो जा रही है। इसके बाद भी प्रशासन इसे खतरनाक जोन नहीं मान रहा है और न ही यहां पर आने वाले लोगों को पानी में जाने से रोकने का कोई पुख्ता इंतजाम कर रहा है। इससे इस तरह की मृत्यु को रोका जा सके। पानी की स्थिति आदि को लेकर कोई चेतावनी बोर्ड भी नहीं लगाया गया है।

> बानगंगा बैराज पर दो गार्डों की तैनाती कर दी गई है। यह गार्ड प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक बैराज पर रहेंगे। लोगों को सावधान करेंगे।
>
> **पंकज कुमार पांडेय**, थाना प्रभारी शोहरतगढ़

होली के दिन स्नान करने आए तीन साथी चिल्हिया थाना क्षेत्र के बड़गो निवासी बिक्की सिंह, अजीत सिंह व सदर थाना क्षेत्र भीमापार निवासी उज्ज्वल की बानगंगा में डूबकर मृत्यु हो गई। पूर्व में हुए कई मृत्यु के बाद भी यहां सुरक्षा के इंतजाम नहीं करने पर प्रशासन पर प्रश्न उठने लगे थे, होली के दिन हुई घटना को लेकर लोगों काफी रोष देखा गया था। इसके बाद वहां पुलिस के तरफ से गार्ड की तैनाती कर दी गई है, लेकिन सिंचाई विभाग की तरफ से अभी कोई सावधानी संबंधी चिन्ह व बोर्ड का इंतजाम नहीं किया गया है।

# पुलिस ने किया शराब तस्कर को किया गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, ककरहवा, सिद्धार्थनगर :** मोहाना थाना क्षेत्र अंतर्गत भारत-नेपाल सीमा के ककरहवा बार्डर के रास्ते नेपाली शराब की तस्करी के आरोप में पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

गुरुवार को एसएसबी व पुलिस की संयुक्त टीम ककरहवा बार्डर पर चेकिंग कर रही थी। नेपाल से भारत में मोटरसाइकिल से प्रवेश करते एक संदिग्ध व्यक्ति की जांच करने पर उसके पास से 50 शीशी नेपाली शराब बरामद हुई। आरोपित की पहचान मोहाना थाना क्षेत्र के दुल्हा खुर्द निवासी दिलीप कुमार जायसवाल के रूप में हुई है। आरोपित का पुलिस ने आबकारी अधिनियम में चालान किया है। टीम में चौकी प्रभारी तरुण कुमार शुक्ला, उपनिरीक्षक सुरेश यादव, गुरमेज सिंह, अंकित कुमार, एसएसबी एएसआई ज्येन्ता कुमार मंडेला, प्रदीप कुमार चतुर्वेदी, हितेश चौधरी शामिल रहे।



एसएसबी की गिरफ्त में शराब तस्कर ● जागरण

# वीडियो वायरल, अधिकारियों से मिलेंगे सीएमएस

**जासं, सिद्धार्थनगर :** माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कालेज के पीआइसीयू वार्ड में हुए नर्सों से अभद्रता के मामले को लेकर सभी पांच पीड़ितों ने सीएमएस डा. अशोक कुमार झा से मुलाकात किया। एक नर्स ने आरोप लगाया कि आरोपित ने उसकी बगैर अनुमति के इंटरनेट मीडिया पर वीडियो वायरल की है। यह उसकी निजता का हनन है। सीएमएस ने मामले को संज्ञान में लेने के बाद जिलाधिकारी संजीव रंजन व पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद से मुलाकात कर कार्रवाई सुनिश्चित कराने का आश्वासन दिया।

पीड़ित नर्सों ने आरोप लगाया कि चार मार्च देर रात करीब 11 बजे कुछ लोगों ने अभद्रता की। इसकी सूचना तत्काल सीएमएस व डिप्टी सीएमओ डा. उजैर अतहर को फोन करके दी। दूसरे दिन पांच मार्च को नामजद आरोपित सुशील, सत्यम व भोलू व कई अज्ञात लोगों के खिलाफ सदर व महिला थाना में तहरीर दी। पीड़िता ने बताया कि आरोपित सुशील देर रात बच्चे का उपचार कराने के लिए इमरजेंसी वार्ड में आए थे। चिकित्सकों ने रोगी की स्थिति गंभीर देख पीआइसीयू वार्ड में भर्ती कराने के लिए कहा। रोगी बच्चे को भर्ती करने के बाद संबंधित चिकित्सक को फोन करके बुलाया गया। इसी दौरान साथ में आए तीनों नामजद आरोपितों के साथ अन्य कई लोगों ने अभद्रता शुरू कर दी। वार्ड के अंदर घुस गए।




पीआइसीयू वार्ड ● जागरण

- **चार मार्च की देर रात पीआइसीयू वार्ड की है घटना**
- **सीएमएस ने नर्सों को दिया कार्रवाई का आश्वासन**

> पीआइसीयू वार्ड में महिला नर्सों के साथ हुई अभद्रता की घटना को गंभीरता से लिया है। मेडिकल कालेज के चिकित्सीय प्रभाग की सुरक्षा के संबंध में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक से वार्ता करेंगे। सभी आरोपितों की गिरफ्तारी सुनिश्चित कराई जाएगी।
>
> **डा. अशोक कुमार झा**
>
> सीएमएस

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 11-03-2023

# आक्रोशित ग्रामीणों ने अस्पताल में किया हंगामा, की मार पीट

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा थानान्तर्गत बन्हैती गांव निवासी 22 वर्षीय युवक गणेश उर्फ अभिषेक पुत्र रामप्रसाद की मौत के बाद बुधवार को मृतक के सगे-सम्बन्धियों के साथ ग्रामीण भी आक्रोशित होकर अपरान्ह करीब तीन बजे सीएचसी हैंसर बाजार पहुंच गए। आक्रोशित ग्रामीण इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डाक्टर पर गणेश उर्फ अभिषेक के इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए गणेश की मौत के लिए सीधे इमरजेंसी ड्यूटी पर कार्यरत केन्द्र के अधीक्षक डा. विनोद राव को जिम्मेदार ठहराते हुए अस्पताल में हंगामा करना शुरू कर दिया।

**सूचना पर पहुंची पुलिस ने अधीक्षक समेत आयुष चिकित्सक का किया बचाव**

ग्रामीण हंगामा कर ही रहे थे उसी दौरान ग्रामीणों की नजर अस्पताल में तैनात आयुष चिकित्सक डा. नूर आलम के उपर पड़ गयी तो ग्रामीण दौड़ते हुए आयुष चिकित्सक को घेरकर पकड़ लिए और लात-घूसों से अस्पताल परिसर में ही उनकी जमकर पिटाई कर दी। इसी बीच शोर सुनकर अस्पताल के अधीक्षक डा. विनोद राव भी नशे में झूमते हुए अस्पताल पहुंच गए तो आक्रोशित ग्रामीणों ने अधीक्षक के उपर भी अपशब्दों की बौछार करते हुए उन्हें पकड़कर जमीन पर पटक दिया और लात-घूसों से उनकी भी जमकर पिटाई कर दी। इस बीच घटना की सूचना पाकर धनघटा थाने पर तैनात इन्सपेक्टर जुबेर अली और उपनिरीक्षक अनुज यादव पुलिस बल के साथ अस्पताल पहुंचे और आक्रोशित ग्रामीणों को समझा-बुझाकर किसी तरह विवाद खत्म कराया लेकिन तब तक ग्रामीणों की पिटाई से आयुष चिकित्सक डा. नूर आलम और अधीक्षक डा. विनोद राव घायल हो चुके थे। घटना के 24 घंटे बाद भी अस्पताल के अधीक्षक द्वारा घटना के सम्बन्ध पुलिस को कोई लिखित तहरीर नहीं दी गई जिसके चलते पुलिस द्वारा घटना को लेकर कोई मुकदमा दर्ज नही किया गया था। प्रभारी निरीक्षक थाना धनघटा जयवर्धन सिंह ने कहा कि अस्पताल के अधीक्षक या घायल आयुष चिकित्सक नूर आलम की तरफ से अभी तक घटना के सम्बन्ध में कोई तहरीर नहीं मिली है जिसके चलते मुकदमा दर्ज नहीं किया जा सका है। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि जैसे ही तहरीर मिलेगी डाक्टरों के हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# अधीक्षक ने हमलावरों के खिलाफ दी तहरीर

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा थानान्तर्गत बन्हैती गांव निवासी 22 वर्षीय गणेश चौहान उर्फ अभिषेक पुत्र रामप्रसाद की बुधवार को विद्युत करंट की चपेट में आकर हुई मौत की घटना के बाद मृतक के सगे-सम्बन्धियों और ग्रामीणों द्वारा बुधवार को अपरान्ह सीएचसी हैंसर बाजार पहुंचकर हंगामा करने के साथ केन्द्र के अधीक्षक और आयुष चिकित्सक समेत अन्य कई स्वास्थ्यकर्मियों को मारपीट कर घायल करने की घटना में शुक्रवार को केन्द्र के अधीक्षक डा. विनोद राव ने धनघटा थाने पहुंचकर सैकड़ों अज्ञात हमलावरों के खिलाफ पुलिस को लिखित तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की जिसके आधार पर पुलिस ने सैकड़ों अज्ञात के विरूद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर घायल सीएचसी के अधीक्षक डा. विनोद राव, आयुष चिकित्सक डा. नूर आलम, फर्मासिस्ट राजकिशोर चौधरी तथा वार्ड व्वाय नूरूद्दीन को पुलिस अभिरक्षा में चिकित्सीय परीक्षण के लिए अस्पताल भेज दिया है।

तहरीर में सीएचसी हैंसर के अधीक्षक डा. विनोद राव ने बताया कि बीते बुधवार को सीएचसी हैंसर बाजार में वह आयुष चिकित्सक नूर आलम, फर्मासिस्ट राजकिशोर चौधरी तथा वार्ड व्वाय नुरूद्दीन के साथ इमरजेंसी ड्यूटी कर रहे थे। उसी दौरान करीब ढाई बजे दोपहर में क्षेत्र के बन्हैती गांव निवासी गणेश चौहान को विद्युत स्पर्शघात की शिकायत से मृत हाल में लेकर उसके 20 से 25 की संख्या में लोग अस्पताल पहुंचे। अस्पताल में गणेश चौहान का समुचित परीक्षण करने के बाद उसे मृत घोषित करके मेमो भेजकर थाने को सूचित कर दिया गया लेकिन साथ पहुंचे लोग काफी मना करने के बावजूद मृतक का शव लेकर बलपूर्वक चले गए। दुबारा आधे घंटे के बाद शव को जिन्दा कहकर इलाज कराने के लिए सैकड़ों की संख्या में लोग अस्पताल पहुंच गए तो भीड़ के दबाव में दुबारा परीक्षण किया गया तो परीक्षणोपरान्त मृत पाया गया लेकिन शव के साथ पहुंची भीड़ ने दबाव बनाकर मृत गणेश चौहान को जिला अस्पताल के लिए रेफर करवा लिया। रेफर करने के बाद बन्हैती गांव से शव लेकर पहुंचे ग्रामीण आक्रोशित होकर अस्पताल पर मौजूद डाक्टरों समेत स्वास्थ्यकर्मियों के उपर प्राणघातक हमला कर दिया जिससे अस्पताल के अधीक्षक डा. विनोद राव, डा. नूर आलम, फर्मासिस्ट राजकिशोर चौधरी तथा वार्ड व्वाय नूरूद्दीन को काफी चोटे आई है।

इतना ही नहीं उग्र ग्रामीणों ने सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए अस्पाताल में सरकारी सम्पत्ति को भी क्षति पहुंचाई है। घटना के बाद पूरे अस्पताल में भय का माहौल बन गया है। अधीक्षक की उक्त तहरीर के आधार पर पुलिस ने सैकड़ों अज्ञात हमलावरों के विरूद्ध प्राणघातक हमला करने, सरकारी कार्य में बाधा खड़ी करने, सरकारी सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाने सहित कई अन्य आरोपों के तहत गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी गई है। प्रभारी निरीक्षक धनघटा जयवर्धन सिंह ने कहा कि हमलावरों को चिन्हित कर जल्द ही सभी को गिरफ्त में लेते हुए कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# दो घंटे के भीतर चोरी की बाइक बरामद

**धनघटा (एसएनबी)।** धनघटा थानानतर्गत सुरैना चौराहे पर स्थित एक बाइक एजेन्सी के सामने खड़ी बाइक को गुरूवार की शाम अज्ञात चोरों ने उड़ा दिया। बाइक चोरी होने की जानकारी मिलते ही बाइक चालक धनघटा थाने पहुंच गया और अज्ञात चोर के विरूद्ध बाइक चोरी करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को लिखित प्रार्थनापत्र दे दिया जिसके आधार पर पुलिस ने आनन-फानन में मुकदमा दर्ज कर बाइक की तलाश शुरू कर दी थी। दो घंटे के भीतर पुलिस ने चोरी हुई बाइक को बरामद कर लिया जिसकी ग्रामीण प्रशंसा कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के छपिया गांव निवासी नूर आलम पुत्र मो. अयूब गांव निवासी मो. हसन की बाइक नम्बर यूपी 58 आर 0701 लेकर थाना क्षेत्र के सुरैना चौराहा स्थित बाइक एजेन्सी विशाल आटोसेल्स पर नई बाइक खरीदने के लिए गुरूवार की शाम को पहुंचा था। बाइक एजेन्सी के सामने उक्त बाइक को खड़ी कर नूर आलम एजेन्सी के भीतर चला गया जहां वार्ता करने के बाद जब वह बाइक एजेन्सी से बाहर निकला तो उसकी बाइक मौके से गायब हो चुकी थी। आस-पास काफी खोजबीन करने के बाद जब बाइक का कोई पता नहीं चला तो नूर मुहम्मद धनघटा थाने पहुंचकर पुलिस को बाइक चोरी की लिखित सूचना दे दी जिसके आधार पर पुलिस ने तत्काल अज्ञात चोर के विरूद्ध आईपीसी की धारा 379 के तहत मुकदमा दर्ज कर बाइक की तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने क्षेत्र के कई नामचीन बाइक चोरों की धर-पकड़ शुरू की तो कुछ ही घंटे के भीतर किसी अज्ञात व्यक्ति ने सुरैना चौराहा स्थित बाइक एजेन्सी के सामने ही बाइक को दुबारा खड़ी कर फरार हो गया। इस बीच जांच के लिए घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने चोरी हुई उक्त बाइक को बरामद कर लिया।

# मारपीट पर उतारू ग्यारह गिरफ्तार

**धनघटा (एसएनबी)।** धनघटा थानान्तर्गत अलग-अलग गांवों में शुक्रवार को मामूली बात को लेकर मारपीट पर उतारू तीन महिलाओं समेत कुल 11 लोगों को धनघटा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पहली विवाद की घटना थाना क्षेत्र के चोरांग गांव में हुई जहां होली के दिन हुए मामूली विवाद को लेकर शुक्रवार को गांव निवासी राधेश्याम पुत्र जोखन से गांव निवासी वकील पुत्र धर्मदेव के परिवार से विवाद शुरू हो गया तो सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर विवाद शान्त कराने का प्रयास किया तो दोनों पक्ष पुलिस के सामने ही एक दूसरे के उपर हमलावर हो गए तो पुलिस ने एक पक्ष से राधेश्याम को तथा दूसरे पक्ष से वकील पुत्र धर्मदेव तथा रोहित व शिवम पुत्रगण वकील को हिरासत में लेकर थाने पहुंचा दिया। इसी क्रम में थाना क्षेत्र के खेवसिया गांव निवासी आशाराम पुत्र रजलू और संतोष पुत्र अंगद यादव आदि के बीच पुरानी रंजिश को लेकर शुक्रवार को पहले नोक-झोंक शुरू हुई और देखते ही देखते दोनों पक्ष आक्रामक हो गए। इसी बीच किसी ने विवाद की सूचना पुलिस को दे दी तो नजदीकी पौली पुलिस चौकी के प्रभारी उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार मिश्र पुलिसबल के साथ मौके पर पहुंच गए और दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर विवाद को शान्त कराने का प्रयास किया तो दोनों पक्ष के लोग पुलिस के समक्ष ही मारपीट करना शुरू कर दिए तो पुलिस ने एक पक्ष से आशाराम पुत्र रजलू, बच्चाराम पुत्र रजलू, विजली पुत्र भूलन, मंजू पत्नी विजय तथा रंजना पुत्री आशाराम और दूसरे पक्ष से संतोष पुत्र अंगद यादव तथा मुनका देवी पत्नी अंगद यादव को गिरफ्तार कर थाने पहुंचा दिया। शाम को पुलिस ने गिरफ्तार उक्त सभी के विरूद्ध सीआरपीसी की धारा 107,116,151 के तहत कार्रवाई करते हुए सभी का एसडीएम धनघटा के न्यायालय में चालान भेज दिया है।




महुली थाने पर तैनात कांस्टेबल को उपनिरीक्षक बनने के बाद विदाई देते सहयोगी कर्मी। ● हिन्दुस्तान

# सिपाही अम्बरीश बने दरोगा, दी विदाई

नाथनगर। महुली थाने पर तैनात कांस्टेबल अम्बरीश कुमार पाण्डेय मेहनत करके यूपी एसआई की परीक्षा पास कर दरोगा बनने सफलता प्राप्त कर ली है। शुक्रवार को महुली थाने पर चौकी प्रभारी मुखलिसपुर विवेकानंद तिवारी के नेतृत्व में विदाई समारोह आयोजित किया गया। साथी कर्मियों ने मुंह मीठा कराया। फूल माला पहनाकर विदा करके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अम्बरीश मूलत: कुशीनगर जिले के रहने वाले है।

## शांतिभंग की आशंका में 28 लोगों का चालान

संतकबीर नगर : जनपद की विभिन्न थानों की पुलिस ने शांतिभंग की आशंका में शुक्रवार को 28 लोगों का चालान किया है। इसमें कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने छह, धनघटा पुलिस ने 14, महुली पुलिस ने एक, मेंहदावल पुलिस ने दो तथा धर्मसिंहवा पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। ये लोग आपसी विवाद में मारपीट करने पर उतारू थे। (जासं)

## वाहन चालकों से 13,500 रुपये समन शुल्क की वसूली

संतकबीर नगर : जनपद की विभिन्न थानों की पुलिस ने शुक्रवार को यातायात पुलिसकर्मियों के सहयोग से सरकारी अस्पताल, बैंक परिसर सहित अन्य स्थानों पर वाहनों की जांच की। मांगने पर ड्राइविंग लाइसेंस सहित अन्य जरूरी कागजात न दिखाने पर 19 वाहन चालकों से 13,500 रुपये समन शुल्क की वसूली की। (जासं)

# अज्ञात वाहन चालक पर गैर इरादतन हत्या का केस

जासं, बखिरा, संतकबीर नगर: मार्ग दुर्घटना में घायल व्यक्ति की कुछ दिन पूर्व मृत्यु के मामले में बखिरा पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

बखिरा थाने में दी गई तहरीर में उतरावल गांव निवासी सुनील कुमार मद्धेशिया पुत्र मिश्रीलाल ने यह उल्लेख किया है कि सात मार्च 2023 को शाम के करीब आठ बजे उनके 28 वर्षीय भाई जय प्रकाश मद्धेशिया इसी थाना के रेरुआ गांव निवासी राजेश कुमार पुत्र रामनयन के साथ अपनी बाइक से वापस अपने गांव आ रहे थे। ये दोनों भड़ारी चौराहे पर पहुंचे थे कि इसी दौरान तेज गति से आ रही बाइक ने इन्हें ठोकर मार दी। इसके बाद चालक मौके से बाइक लेकर भाग गया। इस घटना में उनके भाई जय प्रकाश व इनके साथ बैठे राजेश दोनों लोग घायल हो गए। सूचना मिलने पर चौकी प्रभारी जितेंद्र सिंह अपने सहयोगी पुलिसकर्मियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। इन्हें उपचार के लिए एंबुलेंस से जिला अस्पताल में दाखिल कराया। यहां के डाक्टरों ने हालत गंभीर देखकर उनके भाई को बीआरडी मेडिकल कालेज-गोरखपुर रेफर कर दिया। गोरखपुर ले जाते समय रास्ते में उनकी मृत्यु हो गई। थानाध्यक्ष श्याम मोहन ने बताया कि इस मामले में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में अज्ञात अधेड़ की मृत्यु

जासं, संतकबीर गनर : खलीलाबाद कोतवाली क्षेत्र के गौरापार में एक दुकान पर काम करने वाले एक अज्ञात अधेड़ की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। वह खुद को नेपाल का रहने वाला बताया था। पुलिस शव का पोस्टमार्टम करवाने के लिए भेज दिया है। गौरापार में एक दुकान पर पिछले कुछ महीनों से एक अधेड़ काम करता था। शुक्रवार की सुबह उसके पेट में दर्द हुआ तो वह दुकान के बगल में सो गया। बहुत देर बाद कुछ लोग उन्हें जगाने गए तो वह मृत मिले। कोतवाली प्रभारी सर्वेश राय ने बताया कि पुलिस शव का पोस्टमार्टम करवा रही है। रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# रायफल लेकर नृत्य करते युवकों का वीडियो वायरल

जासं, संतकबीर नगर: धनघटा थानाक्षेत्र के एक गांव में होली के अवसर पर रायफल लेकर युवकों के नृत्य का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस मामले की जानकारी होने के बाद पुलिस वीडियो की जांच में जुटी है।

एक गांव के कुछ युवकों का होली में रायफल लेकर नाचते हुए वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो की जब जांच की गई तो वह धनघटा थानाक्षेत्र के भरवल पर्वता गांव का मिला। इसमें सात-आठ की संख्या में युवा अपने हाथों में रायफल लेकर अबीर-गुलाल लगाए हुए डीजे की धुन पर नृत्य कर रहे थे। इनमें दो युवकों के हाथ में रायफल दिख रही है। इस बात की जानकारी के बाद पुलिस महकमा हरकत में आया। धनघटा की क्षेत्राधिकारी दीपांशी सिंह राठौर ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# शासन की रोक के बाद भी चल रहे अवैध टैक्सी स्टैंड

संवाद न्यूज एजेंसी

मेंहदावल। नगर क्षेत्र में अवैध टैक्सी स्टैंड की बाढ़ आ गई है। एक तरफ उत्तर प्रदेश शासन ने अवैध टैक्सी स्टैंड पर रोक लगाने के लिए निर्देश जारी कर रखा है तो दूसरी तरफ प्रशासन के नाक के नीचे ही नगर क्षेत्र में तीन अवैध टैक्सी स्टैंड चल रहे हैं। तहसील व पुलिस प्रशासन इस पर नकेल नहीं कस पा रहा है।

योगी सरकार ने अवैध टैक्सी स्टैंड पर लगाम कसने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। इसके बाद भी क्षेत्र में अवैध रूप से टैक्सी स्टैंड का संचालन हो रहा है। क्षेत्रीय निवासी देव प्रकाश पांडेय, सौरभ पांडे, आर्यांश पांडेय, अमित पांडेय, श्रवण कुमार गुप्ता, मल्लू यादव, कमलेश गुप्ता, अंगद कुमार,

## तहसील व पुलिस प्रशासन नकेल कसने में नाकाम लोगों को होती है परेशानी

विकास गुप्ता, उमाशंकर आदि का कहना है कि अवैध टैक्सी स्टैंड के संचालन से लोगों को दिक्कत हो रही है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खलीलाबाद तिराहे पर संचालित अवैध टैक्सी स्टैंड के कारण मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। अक्सर चालक सीएससी के मुख्य गेट के सामने वाहन खड़ा कर सवारी भरने का कार्य करते हैं। इससे एंबुलेंस सेवा भी प्रभावित होती है।

इस संबंध में एसडीएम योगेश्वर सिंह ने बताया कि इस मामले की जानकारी नहीं है। यदि ऐसा है तो कार्रवाई की जाएगी।

# कंबोडिया से घर के लिए चला युवक कोलकाता से लापता



पुलिस अधीक्षक से फरियाद करते पीड़ित पिता इंद्रजीत गुप्ता। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**संतकबीरनगर।** कंबोडिया से घर के लिए चला युवक कोलकाता पहुंच कर लापता हो गया। पीड़ित पिता कोलकाता पहुंच कर बेटे की काफी तलाश की, लेकिन उसका पता नहीं चला। पीड़ित पिता ने शुक्रवार को एसपी को प्रार्थना देकर बेटे की तलाश कराने की गुहार लगाई।

कोतवाली क्षेत्र के अमावा निवासी इंद्रजीत गुप्ता ने बताया कि उसका बेटा राजकिशोर गुप्ता कंबोडिया कमाने गया था।

बेटा कंबोडिया से घर के लिए निकला था। 15 फरवरी की रात करीब दो बजे कोलकाता एयरपोर्ट से बाहर गया। बेटे ने 14 फरवरी को फोन कर बताया था कि वह 17

## पीड़ित पिता ने कोलकाता पहुंच कर की बेटे की तलाश, नहीं चला पता

फरवरी को घर पहुंच जाएगा। बेटा जब घर नहीं पहुंचा तो वह 18 फरवरी को कोलकाता रवाना हुए। कोलकाता में बेटे की काफी तलाश की, लेकिन कुछ पता नहीं चला।

16 फरवरी को उसकी बेटी गंगोत्री ने बताया कि जयंत नाम का व्यक्ति ने फोन कर सूचना दी कि उसे एक पासपोर्ट, एक डायरी और कोविड प्रमाण पत्र सियालदा रोडवेज पर मिला है।

एसपी सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि कोलकाता कमिश्नर रेट को पत्र भेजा जाएगा। राजकिशोर को खोजने में कोलकाता पुलिस से मदद की मांग की जाएगी।

# GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 11-03-2023

# महिला की शिकायत पर हटवाया कब्जा

दुर्जनपुर घाट। थाना क्षेत्र तरबगंज अंतर्गत ग्राम सभा धौराहरा के मजरा बाबा पुरवा निवासिनी सीमा पत्नी अजय कुमार वर्मा ने थानाध्यक्ष को अपनी भूमि पर कब्जा करने संबंधी प्रार्थना पत्र दिया है। जिस पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर अवैध कब्जा हटवा दिया है। महिला का आरोप है कि गांव के दबंग बैनामे की जमीन पर जबरन कब्जा कर टीन शेड रख रहे हैं। मना करने पर अपशब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। थानाध्यक्ष मनोज पाठक ने पुलिस बल के साथ अवैध तरीके से रखे गए टीन शेड को तत्काल हटवा कर दबंगों को कड़ी चेतावनी दी है।

## गोण्डा और धानेपुर मार्ग पर सिसऊर अंदूपुर पुल के पास किराना व्यापारी से लूट

# बदमाशों ने लूटे साढ़े चार लाख

**वारदात**

गोण्डा( अलावल देवरिया) संवाददाता। देहात कोतवाली क्षेत्र में बदमाशों ने एक किराना दुकानदार से साढ़े चार लाख रुपए लूट लिए। लूट की घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। लूट की सूचना पर पुलिस ने नाकेबंदी की लेकिन बदमाश हाथ नहीं लगे। दुकानदार की तहरीर पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुटी हुई है। उधर, एसपी आकाश तोमर ने भी मौके का मुआयना करके घटना के जल्द खुलासे के निर्देश दिए हैं।

बताया जाता है कि इटियाथोक थाना क्षेत्र के तीतगांव का निवासी चंद्र प्रकाश पांडेय धानेपुर थाना क्षेत्र के कस्बे पांडेय बाजार में किराना की दुकान करता है। शुक्रवार को वह टैम्पों से एक बैग में साढ़े चार लाख की नकदी लेकर जिला मुख्यालय थोक दुकानदार को देने आ रहा था। वह गोण्डा-धानेपुर मार्ग पर सिसउर अंदूपुर पुल के पास पहुंचा ही था कि कार सवार बदमाशों ने टैम्पो ओवरटेक करके रोक लिया। इसके बाद बदमाश दुकानदार से रुपयों से भरा बैग लूटकर रफूचक्कर हो गए। छीनाछपटी में दुकानदार के चेहरे पर चोटें आई हैं। लूट की घटना के बाद पीड़ित दुकानदार कोतवाली देहात पहुंचा और घटना की जानकारी दी। सूचना पर देहात कोतवाली, धानेपुर सहित कई थानों की पुलिस ने नाकेबंदी की लेकिन बदमाश हाथ नहीं लगे। लूट की इस घटना के बारे में लोग तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे हैं। कोतवाल देहात महेंद्र सिंह ने बताया कि घटना की प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जल्द ही लूट की घटना का खुलासा किया जाएगा।



सालपुर के पास लूट की घटना के बाद व्यापारी के साथ जांच-पड़ताल करती पुलिस।

### कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंची

गोंडा-धानेपुर रोड शुक्रवार को किराना व्यापारी के साथ लूट की सूचना मिलते ही पुलिस महमके में हड़कंप मच गया। जानकारी होते ही एसपी ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। सिटी सिटी लक्ष्मीकांत गौतम के साथ नगर कोतवाल राकेश सिंह, धानेपुर के थाना प्रभारी ब्रह्मानंद सिंह भी मौके पर पहुंचे। उधर, एएसपी शिवराज भी देरशाम तक सालपुर पुलिस चौकी में घटना के खुलासे को लेकर अधीनस्थों को निर्देश देने में जुटे रहे। एसपी ने एसओजी और सर्विलांस टीम को भी घटना के खुलासे के निर्देश हैं।

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

कटरा बाजार (गोंडा)। घर में घुसकर महिला से दुष्कर्म करने के आरोपी युवक को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कटरा बाजार के खिंदूरी गांव की एक महिला ने अक्तूबर 2022 में थाने में तहरीर देकर निंदूरा गांव के मंगल पुरवा निवासी गुलफान (38) पर घर में जबरन घुसकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। रिपोर्ट दर्ज न होने पर कोर्ट की शरण में गई। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने 15 फरवरी को आरोपी के विरुद्ध दुष्कर्म की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। इंस्पेक्टर मनोज कुमार राय ने बताया कि काफी दिन से फरार चल रहे निंदूरा निवासी गुलफान को शुक्रवार को पहाड़ापुर चौकी प्रभारी अभिषेक मिश्र ने गिरफ्तार कर लिया। गुलफान को कोर्ट में पेश करके जेल भेजा गया है। (संवाद)

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार हुआ

कटरा बाजार। शुक्रवार को कटरा बाजार पुलिस ने दुष्कर्म के वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने कुछ दिन पूर्व निंदुरा के एक युवक पर घर में घुसकर दुष्कर्म करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया था। लेकिन स्थानीय पुलिस ने उस पर कोई कार्यवाही नही की। पीड़िता ने न्यायालय की शरण ली तब जाकर पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया था।

प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर आरोपी युवक पर घर में घुसकर मारपीट करने के साथ साथ बलात्कार करने का मुकदमा पंजीकृत किया गया था। आरोपी की तलाश कई दिनों से की जा रही थी। शुक्रवार को चौकी प्रभारी पहाडापुर अभिषेक मिश्र ने आरोपी गुलफाम पुत्र छोटकउ निवासी निंदूरा मंगलपुरवा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# पिता-पुत्र सहित तीन पर हमला

परसपुर। ग्राम खैरा के पूरे विम्भा वैश में दबंगों ने होलीकोत्सव के दौरान अकेला पाकर एक युवक को छिपा लिया, बाद में धमकी देते हुए लाठी डंडे उसकी जमकर पिटाई की। परिवारजनों ने हालत बिगड़ने पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। भाई के तहरीर पर पुलिस ने तीन व्यक्ति पर जानलेवा हमला करने, एससीएसटी ऐक्ट सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है।

रंजीत भारती ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि होली दिवस को घर के सामने मंदिर पर गांव के लोग होलीकोत्सव मना रहे थे। जब घर के सारे लोग वहां चले गए तो तीन लोगों ने अकेला पाकर उसके तकरीबन बाईस वर्षीय छोटे भाई सुरजीत भारती को पहले छिपा लिया फिर उसकी पिटाई की। गंभीर चोट लगने से घर पहुंचते ही वह अचेत हो गया। इतना ही नही आरोप है कि दबंगों ने कार के साथ उसे फूंक देने की भी धमकी दी है। इंसपेक्टर संतोष कुमार सरोज ने बताया कि गांव के ही राजकुमार सिंह, करन सिंह व सूरज सिंह पर विभिन्न धाराओं केस दर्ज हुआ है।

# आवास देने की शिकायत करना महंगा पड़ा, केस

परसपुर, संवाददाता। ग्राम लोहंगपुर में एक व्यक्ति ने मृतक पिता के नाम प्रधान द्वारा पीएम आवास दिए जाने की मुख्यमंत्री हेल्प लाइन पर झूठी शिकायत की। आहत बेटे के पूछने पर शिकायतकर्ता ने अपशब्द कहते हुए उसकी पिटाई कर दी। थाना पर कार्रवाई नही हुई। एसपी के हस्तक्षेप पर पुलिस ने पीड़ित बेटे के तहरीर पर एक व्यक्ति के खिलाफ मारपीट, अनुसूचित एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है।

पीड़ित मुनीस कुमार पुत्र रामरुप रैदास ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा वर्ष 2014 में उसके पिता का देहावसान हो चुका है। आरोप है कि गांव के एक व्यक्ति ने वर्तमान प्रधान द्वारा उसके मृतक पिता के नाम पीएम आवास दिए जाने की झूठी सूचना मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर दर्ज करा दी। आहत बेटे ने जब उनसे इस बाबत जब पूछताछ की शिकायतकर्ता ने जानमाल धमकी देते हुए उसकी पिटाई कर दी। पीड़ित ने एसपी आकाश तोमर से तथ्य विहीन शिकायत की जांच कराकर आरोपी पर कार्रवाई कराए जाने की गुहार लगाई है। इंस्पेक्टर संतोष सरोज ने बताया कि मृतक के बेटे के तहरीर पर गांव के सुखदेव कुमार के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज हुआ है।

# दहेज हत्या के आरोपी पति को दस वर्ष का कारावास

- शादी के 10 माह बाद हुई थी विवाहिता की हत्या
- कोर्ट ने दोषी पति पर 25 हजार का जुर्माना ठोंका

गोण्डा, विधि संवाददाता। अपर सत्र न्यायाधीश (एफटीसी) डॉ. दीनानाथ ने दहेज हत्या के आरोपी पति को दस वर्ष की कैद व अर्थदंड की सजा सुनाई।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अभिनव चतुर्वेदी के अनुसार थाना खरगूपुर अंतर्गत ग्राम ग्राम इमिलिया निवासी दुर्गा प्रसाद यादव पुत्र कृपा राम यादव के विरुद्ध थाना इटियाथोक अंतर्गत ग्राम सरहरा निवासी काशीराम ने इस आशय की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके मुताबिक उसने अपनी पुत्री की शादी घटना के दस माह पूर्व आरोपी के साथ की थी। शादी में हैसियत के मुताबिक उसने दान दहेज दिया। लेकिन उसका पति व ससुरालवाले दान दहेज से संतुष्ट नहीं थे। चार दिसंबर 2018 को उसे जान से मार डाला। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर प्रकरण की विवेचना करने के बाद आरोप पत्र अदालत पर भेज दिया। सुनवाई के बाद सजा सुनाई गई।

# विवाहिता के परिवार को युवक को पीटा, मुकदमा

गोण्डा। नगर कोतवाली क्षेत्र के आसरा आवास में घरेलू विवाद सुलझाने पहुंचे विवाहिता के परिवार वालों की पति ने पिटाई कर दी। पीड़िता की तहरीर पर मामले में नगर पुलिस ने एक आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। आसरा आवास निवासनी सायबा ने बताया पति से कहासुनी हो गई थी। इस पर पिता बरसाती, माता व बहनोई सोहराब को बुला लिया। घरवाले जब पति को समझने लगे तो उसने महिला के बहनोई सोहराब व माता-पिता से अभद्रता शुरू कर दी।हथियार से हमले में बहनोई घायल गया। पुलिस ने आरोपी पति अंसार पर केस दर्ज कर लिया है।

## मारपीट के मामले में दो के खिलाफ केस दर्ज

इटियाथोक। मारपीट करने में दो लोगों के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है। कोतवाल अभिषेक सिंह ने बताया कि अजीज निवासी ग्राम बेलवा बहुता लोहारनपुरवा ने सूचना दी है कि शिवचरन पुत्र राजित ट्रैक्टर से घर आ रहा था। रास्ते में नशे की हालत में मायाराम पुत्र प्रेम नाथ और मंशाराम मिले, दोनों अपशब्द कहने लगे। मां बीच बचाव करने आयी तो उनकी विपक्षियों ने पिटाई कर दी।

# दहेज हत्या में एक को दस वर्ष का कठोर कारावास

**संसू, गोंडा :** दहेज हत्या के मामले में द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश डा दीनानाथ तृतीय ने दुर्गा प्रसाद निवासी इमलिया थाना खरगूपुर को दस वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दस हजार के अर्थदंड से भी दंडित किया है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अभिनव चतुर्वेदी ने बताया कि वर्ष 2018 में कांशीराम यादव निवासी सरहरा थाना इटियाथोक ने दामाद दुर्गा प्रसाद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप लगाया था कि उसने अपनी बेटी मीना देवी का विवाह दुर्गा प्रसाद के साथ किया था। शादी के बाद से ही उसकी बेटी को दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित किया जाने लगा। उसकी बेटी को चार दिसंबर 2018 को मार दिया गया। पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। न्यायाधीश ने आरोप सिद्ध करते हुए सजा सुनाई।

## मारपीट में पांच पर मुकदमा

**संसू, परसपुर (गोंडा) :** दो गांव के पांच लोगों पर एससीएसटी एक्ट का मुकदमा लिखा गया है। लोहंगपुर गांव के रहने वाले अनुसूचित जाति के मुनीस कुमार ने दी गई तहरीर में कहा कि उसके पिता की मौत 2014 में हो चुकी है। गांव के रहने वाले सुखदेव कुमार मिश्र ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर झूठी शिकायत दर्ज कराई कि उसे इस वर्ष में प्रधानमंत्री आवास मुहैया करा दिया गया है। जब उसने पूछा तो लाठी डंडे से पिटाई कर दी। वहीं खैरा के भिंभा पुरवा गांव के रहने वाले रंजीत भारती ने कहा कि उसका भाई सुरजीत होली खेल रहा था। गांव के रहने वाले राजकुमार सिंह, करन सिंह व सूरज सिंह ने उसकी पिटाई कर दी। बकौल पुलिस दोनों गांव के पांच आरोपितों पर मुकदमा लिखा गया है।

# भूमि बैनामा और वसीयत के फर्जीवाड़ा मामले में प्रभारी उप निबंधक गिरफ्तार

**संसू, गोंडा** : भूमि बैनामा व वसीयत में फर्जीवाड़ा करने के आरोपित तत्कालीन प्रभारी उप निबंधक सौरभ सिंह को विशेष अनुसंधान दल (एसआइटी) ने गिरफ्तार किया है। सौरभ सिंह पर नगर, देहात कोतवाली, तरबगंज, मनकापुर, कर्नलगंज सहित अन्य थानों में फर्जीवाड़ा समेत अन्य धाराओं में 22 मुकदमे दर्ज हैं।

पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने कहा कि मनकापुर के धुसवा गांव के रहने वाले सौरभ सिंह जिले के विभिन्न तहसील में प्रभारी उप निब्रंधक पद पर तैनात रह चुके हैं। सौरभ सिंह ने अपने कार्यकाल में कूटरचना कर भूमि बैनामा व वसीयत में फर्जीवाड़ा किया था। आरोप है कि सौरभ सिंह ने अपने सहयोगी बृजेश अवस्थी के साथ मिलकर रजिस्ट्री कार्यालय के बजाए आरोपित के घर अभिलेख ले जाकर कूटरचना कर वसीयत के कागज तैयार किए थे।

सौरभ सिंह पर अयोध्या स्टेट की भूमि का बैनामा फर्जीवाड़ा करने का भी मुकदमा है। कई कूटरचित वसीयत में पाया गया कि मृतक दूसरे जिले का रहने वाला है, लेकिन कूटरचना कर दस्तावेज तैयार कर नियम विरुद्ध यहीं वसीयत करा लिया गया। ऐसे ही भूमि बैनामा में फर्जीवाड़ा के कई अन्य मामले में भी प्रभारी उप निब्रंधक सौरभ सिंह पर मुकदमा है। पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र उपेंद्र कुमार अग्रवाल ने विवेचक व गिरफ्तारी करने वाली टीम को 25 हजार रुपये पुरस्कार देने की घोषणा की है।

**फर्जी दस्तावेज के दो आरोपित गिरफ्तार**

नगर कोतवाली पुलिस ने नजूल की भूमि का कूटरचित दस्तावेज तैयार कर उसे बेचने व खरीदने वाले दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक नगर कोतवाली राकेश कुमार सिंह ने बताया कि आरोपितों ने कूटरचित दस्तावेज तैयार कर नजूल की भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया था। आरोपित जगदीश प्रसाद व जगदेव प्रसाद निवासी दरियापुर हरदोपट्टी को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में नजूल निरीक्षक की तहरीर पर सांसद के भतीजे मेसर्स दक्षायनी इंटरप्राइजेज के सुमित सिंह समेत नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा किया गया था। अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस कार्रवाई कर रही है।

## एसआईटी के हत्थे चढा निलंबित सब रजिस्ट्रार, कार्यालय के बजाय घर में ही कर दी थी रजिस्ट्री


# भूमि घोटाले में सब-रजिस्ट्रार गिरफ्तार

**शिकंजा**

**गोण्डा, संवाददाता।** फर्जी बैनामा व वसीयत करने के आरोपी सब-रजिस्ट्रार सौरभ सिंह को एसआईटी ने गिरफ्तार कर लिया है। सब रजिस्ट्रार पर रजिस्ट्री कार्यालय के बजाय आरोपियों के घर पर विलेख के निबंधन का आरोप है। उसके खिलाफ जिले के विभिन्न थानों में धोखाधड़ी के 22 मुकदमे भी दर्ज हैं। एसपी आकाश तोमर ने सब रजिस्ट्रार के गिरफ्तारी की पुष्टि की है।

एसपी ने बताया कि शुक्रवार को पुलिस टीम ने मुखबिर खास की सूचना पर अम्बेडकर चौराहा के पास से धोखाधड़ी के आरोपी निलंबित सब रजिस्ट्रार सौरभ सिंह पुत्र दयाशंकर सिंह निवासी धुसवा मनकापुर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने अपने साथी बृजेश कुमार अवस्थी से मिलकर वादी से जबरन बैनामा रजिस्ट्रेशन की कार्यवाही रजिस्ट्री कार्यालय के बजाय आरोपी के घर में की थी।

गिरफ्तार आरोपी ने अपने कार्यकाल में कई फर्जी वसीयतें जो अन्य जनपदों से सम्बन्धित थीं। उनको गलत तरीके से यहां रजिस्टर किया। उन वसीयतों में मृतक अन्य जनपदों के थे लेकिन वसीयत स्थानीय अधिवक्ता द्वारा तैयार की गयी व रजिस्टर करायी गई। सभी वसीयतें मृत्यु के एक-दो दिन पूर्व करायी गईं। इस प्रकार अभियुक्तों के साथ अपराधिक षडयंत्र रचते हुये गलत तरीके से यहां रजिस्ट्रेशन की कार्यवाही की गई। लोगों की जमीनें उनकी जानकारी के बिना ही आरोपियों द्वारा हड़प लीं गईं।



पुलिस की गिरफ्तर में निलंबित सब रजिस्ट्रार सौरभ सिंह।

### धोखाधड़ी के 22 मुकदमों में नामजद है सब रजिस्ट्रार

गिरफ्तार निलंबित सब रजिस्ट्रार सौरभ सिंह जिले के विभिन्न थानों में दर्ज 22 मुकदमों में नामजद है। उसके विरुद्ध कोतवाली नगर, तरबगंज, मनकापुर, कटराबाजार, मोतीगंज, करनैलगंज व उमरीबेगमगंज थानों में मुकदमें दर्ज हैं।

### इनको मिली सफलता

निलंबित सब रजिस्ट्रार को गिरफ्तार करने वाली टीम में दरोगा डिग्री प्रसाद गौतम, हेड कांस्टेबल अफजल और कांस्टेबल पीयूष गोस्वामी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

### फर्जी बैनामों की जांच कर रही है एसआईटी

एसआईटी द्वारा मुख्य रूप से फर्जी बैनामे व फर्जी वसीयतों से सम्बन्धित मुकदमों की विवेचनाएं की जा रहीं हैं। वहीं इसके अलावा थाना स्तर पर भी कई फर्जी वसीयत से सम्बन्धित मुकदमें दर्ज किये गये जिनमें यह अभियुक्त नामजद हैं। पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र उपेंद्र कुमार अग्रवाल ने विवेचक व गिरफ्तारकर्ता टीम को 25000/ रुपये की धनराशि से पुरस्कृत करने की घोषणा की है।

## नजूल की भूमि के फर्जीवाड़े में दो आरोपी गिरफ्तार किए

**गोण्डा, संवाददाता।** नजूल की करीब तीन एकड़ भूमि को फर्जी तरीके से क्रय-विक्रय करने के दो और आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़े हैं। दोनों आरोपी हरदोपट्टी गांव के निवासी बताए जा रहे हैं। काफी लंबी जांच-पड़ताल के बाद नगर पालिका के एक कर्मचारी की तहरीर पर पुलिस ने भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के भतीजे सुमित भूषण सिंह समेत नौ लोगों के विरुद्ध धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया था।

थाना कोतवाली नगर पुलिस ने मुखबिर खास की सूचना पर जगदीश प्रसाद पुत्र साधु व जगदेव प्रसाद पुत्र साधु निवासी गण दरियापुर हरदोपट्टी थाना को गिरफ्तार किया है। आरोपियों पर नजूल की जमीन को कूटरचित दस्तावेज तैयार कराकर फर्जी तरीके से क्रय विक्रय कर कब्जा करने के आरोप हैं। कोतवाल नगर राकेश सिंह ने बताया कि थाना कोतवाली नगर में मुकदमा दर्ज कराया गया था। गिरफ्तारी में दरोगा नागेश्वरनाथ पटेल व उनकी टीम का सहयोग रहा।



नजूल भूमि फर्जीवाड़े में गिरफ्तार किए गए आरोपी।

### नजूल की भूमि पर चला था बुलडोजर

कचेहरी स्टेशन रोड पर स्थित नजूल की भूमि पर लोगों ने कब्जा कर बाउंड्रीवाल बना ली थी। सूचना पर प्रशासन ने बुलडोजर चलाकर बाउंड्रीवाल ढहा दी थी। बुलडोजर चलने के दौरान किसी ने भी इस भूमि पर अपनी दावेदारी नहीं पेश की थी। इसके 22 दिन बाद नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था।

# व्यापारी से दिनदहाड़े साढ़े चार लाख की लूट

## सिसऊर अंदूपुर के समीप कार सवार बदमाशों ने टेंपो को रोककर की वारदात

**संवादसूत्र, धानेपुर (गोंडा)** : शुक्रवार को दिनदहाड़े किराना व्यापारी से अल्टो कार सवार बदमाशों ने तमंचे के बल पर साढ़े चार लाख रुपये लूट लिए। व्यापारी टेंपो पर बैठकर सामान लाने मुख्यालय जा रहा था। रास्ते में देहात कोतवाली के सिसऊर अंदूपुर के समीप बदमाशों ने टेंपो रोककर घटना को अंजाम दिया।

इटियाथोक थाना के ग्राम तीते गांव के रहने वाले चंद्र प्रकाश पांडेय धानेपुर के पांडेय बाजार में किराना की दुकान करते हैं। साथ ही पान मसाला के थोक व्यापारी हैं। शुक्रवार की दोपहर चंद्रप्रकाश दुकान का सामान लेने मुख्यालय टेंपो पर बैठकर जा रहे थे।

देवरिया अलावल बाजार में एक बदमाश सवारी के तौर पर टेंपो में बैठ गया। रास्ते में देहात कोतवाली के गोंडा-उतरौला मार्ग पर सिसऊर अंदूपुर पुल के समीप अल्टो सवार बदमाशों ने पीछे से टेंपो को ओवरटेक करके रोक लिया। बदमाशों ने जैसे ही टेंपो को रोका तो पहले से बैठा बदमाश व्यापारी को धक्का देकर टेंपो से नीचे उतारने लगा। अल्टो सवार अन्य तीन बदमाशों ने व्यापारी को नीचे उतारकर रुपये की मांग की। व्यापारी के विरोध करने पर उसे मारा-पीटा। तमंचा दिखाकर व्यापारी के पास रखे साढ़े चार लाख का झोला लेकर बदमाश लेकर जिला मुख्यालय की तरफ भाग गए। घटना की सूचना टेंपो चालक ने सालपुर पुलिस चौकी पर दी। देहात कोतवाली व धानेपुर पुलिस ने व्यापारी से घटना की जानकारी ली।


लूट की घटना के बाद वाहनों की तलाशी लेते उपनिरीक्षक जयप्रकाश राय ● जागरण

प्रभारी निरीक्षक देहात कोतवाली महेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि घटना के राजफाश करने का प्रयास किया जा रहा है। मुकदमा कर जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उधर पुलिस ने गोंडा-उतरौला मार्ग पर जगह- जगह चेकिंग अभियान चलाया है। धानेपुर पुलिस ने भी चार पहिया व दो पहिया की तलाशी ली। उपनिरीक्षक जयप्रकाश राय ने कहा कि लूट की घटना के बाद तलाशी ली जा रही है।

# सरयू रेलवे क्रासिंग के पास मिला ससुराल गए युवक का शव

**संसू, कर्नलगंज (गोंडा)** : होली में ससुराल गए युवक का शव सरयू रेलवे क्रासिंग के पास पाया गया है। मृतक के पिता ने ससुरालीजनों पर बांधकर मारने-पीटने व हत्या करने का आरोप लगाया है। चार लोगों पर नामजद मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

बहराइच जिले के फखरपुर तिंगाई अवस्थी पुरवा निवासी मुकेश वाजपेयी ससुरालीजनों के बुलावे पर कर्नलगंज के कटरा शाहबाज़पुर में होली पर आया था। उसकी शादी शिवकुमार की पुत्री ममता के साथ तीन वर्ष पूर्व हुई थी। होली के पहले सोमवार को ही ममता ससुराल से मायके आई थी। मुकेश के पिता लल्लन व भाई सर्वेश का कहना है कि सबकुछ ठीक था। पति-पत्नी में भी ऐसा कुछ नहीं था, लेकिन होली की दूसरी रात 11 बजे मुकेश ने फोन कर अपने भाई जितेंद्र को बचाव की गुहार लगाई थी। उसने बांधकर मारने पीटने की भी बात बताई थी। शुक्रवार की सुबह घर वाले जब तक मुकेश के पास पहुचंते तब तक रेलवे ट्रैक पर उसका शव पड़े होने की सूचना मिली। मृतक के पिता लल्लन ने कहा कि मुकेश को मारकर रेलवे लाइन पर फेंक दिया गया है। पुलिस को तहरीर दी है। कोतवाल सुधीर सिंह का कहना है कि मामले में हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर मिली है। पूरे मामले की पड़ताल की जा रही है।

**जान से मारने की धमकी** : बेलसर सीएचसी में तैनात एंबुलेंस चालक रामजी यादव ने तहरीर दी है। कहा कि एक गांव के रहने दबंग ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी है। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि मामले की जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

# व्यापारी से दिनदहाड़े 4.50 लाख लूटे

## गोंडा-उतरौला मार्ग पर सिसउर अंदूपुर के पास तमंचे के बल पर अंजाम दी वारदात

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। देहात कोतवाली क्षेत्र में गोंडा-उतरौला मार्ग पर सिसउर अंदूपुर के पास शुक्रवार दोपहर कार सवार बदमाशों ने किराना व्यवसायी से तमंचे के बल पर 4.50 लाख रुपये लूट लिए। सूचना पर पुलिस ने बदमाशों की धरपकड़ के लिए वाहन चेकिंग की मगर सफलता नहीं मिली। पुलिस ने चार अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू की है।



गोंडा में लूट के शिकार व्यापारी से जानकारी लेती पुलिस। संवाद

इटियाथोक थाना क्षेत्र के तीतगांव निवासी चंद्रप्रकाश पांडेय की धानेपुर थाना क्षेत्र के पांडेय बाजार में किराना की दुकान है। चंद्रप्रकाश के मुताबिक शुक्रवार दोपहर वह 4.50 लाख रुपये की नकदी लेकर टेंपो से गोंडा जा रहे थे। गोंडा-उतरौला मार्ग पर देहात कोतवाली क्षेत्र के सिसऊर अंदूपुर के पास कार सवार बदमाशों ने ओवरटेक कर टेंपो को रोक लिया। फिर तमंचे के बल पर चंद्रप्रकाश से रुपयों से भरा बैग लूट लिया। बदमाशों की छीनाझपटी में चंदप्रकाश टेंपो से गिरकर घायल हो गए। इसी बीच बदमाश भाग निकले।

सूचना पर सीओ सिटी लक्ष्मीकांत गौतम, नगर कोतवाल राकेश सिंह, देहात कोतवाल महेंद्र प्रताप सिंह, एसओजी प्रभारी संतोष कुमार सिंह, धानेपुर एसओ ब्रह्मानंद सिंह आदि मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल शुरू की। पुलिस ने जिलेभर के थानों को अलर्ट भेजकर बदमाशों की धरपकड़ के लिए नाकेबंदी कराकर सघन वाहन चेकिंग कराई मगर बदमाशों का कोई सुराग नहीं लग सका। पीड़ित व्यापारी की तहरीर पर चार अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने पड़ताल शुरू की है। घटनास्थल व आसपास के सीसीटीवी की फुटेज खंगालकर बदमाशों का सुराग लगाया जा रहा है।

### ...तो टेंपो में सवार था बदमाशों का सहयोगी

दिनदहाड़े लूट की साजिश बदमाशों ने पहले से ही तैयार कर रखी थी। व्यापारी का दुकान से ही पीछा किया जा रहा था। जिस टेंपो में चंद्रप्रकाश सवार थे, उसमें भी बदमाशों का कोई साथी सवार होने की आशंका जताई जा रही है। वही कार सवार बदमाशों को लोकेशन दे रहा था। टेंपो जैसे ही सुनसान स्थान पर पहुंचा कार सवार बदमाशों ने ओवरटेक कर रुकवा लिया और लूट करके भाग गए। टेंपो में सवार लोगों के बारे में भी पुलिस छानबीन कर रही है।

> लूट की सूचना मिलते ही कई थाना क्षेत्रों की पुलिस को लगाकर नाकेबंदी कराई गई। वारदात के खुलासे के लिए सीओ के पर्यवेक्षण में एसओजी को भी लगाया गया है। घटनास्थल के आसपास सर्च अभियान जारी है। बदमाशों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी। -आकाश तोमर, एसपी

# यातायात नियमों की अनेदखी, रफ्तार बन रही हादसों का कारण

संसू, गोंडा : बाइक पर फर्राटा भर तेज रफ्तार दिखावे का प्रदर्शन करना हो या फिर वाहन चालकों की जल्दबाजी....। हो कुछ भी यातायात नियमों की अनदेखी से जहां लोग अपनी जान गवां रहे हैं, वहीं चालकों में रफ्तार का शौक लोगों के लिए महंगा साबित हो रहा है। हादसों के बाद स्वजन ही हादसों का सबब भुगत रहे हैं। किसी की मांग सूनी हो रही तो किसी की गोद। बीते दस दिनों की घटनाओं पर गौर करें तो सड़क हादसों में 12 की मौत हो चुकी है और 37 लोग घायल हो चुके हैं। हादसों का कारण कहीं रफ्तार तो कहीं जल्दबाजी सामने आ रही है।



एलबीएस चौराहा पर जाते हुए एक बाइक पर बैठे तीन लोग● जागरण



आंबेडकर चौराहा पर बिना हेलमेट के जाते दिखे बाइक सवार ● जागरण

### नियमों की अनदेखी करने वालों पर होगी कार्रवाई

पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने कहा कि यातायात नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी। सड़क व पटरी पर वाहन खड़ा करने वालो व यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले पुलिस कर्मियों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

दूसरी तरफ यातायात नियमों का पालन करना तो यहां के वाहन चालक अपनी तौहीन समझते हैं। इसकी गवाही बाइक पर तीन सवारी, हेलमेट सिर के बजाए बाइक की हैंडिल पर टांग कर फर्राटा भरना दे रही है। अहम बात तो यह है कि जिस खाकी पर यातायात नियमों का पाठ पढ़ाकर उसके पालन कराने की जिम्मेदारी है वही कानून को तोड़ता नजर आ रहा है। बिना हेलमेट के बाइक चलाना यहां की पुलिस की कार्यप्रणाली में शामिल हो गया है। दूसरी तरफ वाहनों को बेतरतीब सड़क व पटरियों पर खड़ा करना यहां के चालकों की आदत में शुमार हो गया। यह भी हादसों का कारण बन रहे हैं।

गत 26 फरवरी की रात गोंडा-अयोध्या हाईवे पर नवाबगंज के दुल्लापुर गांव के पास सड़क के किनारे एक डंपर खड़ा था। डंपर में रेडियम व संकेत चिन्ह न लगे होने के कारण एक बोलेरो पीछे से भिड़ गई। बोलेरो सवार दो लोगों की मौत हो गई। इसे सवार दो अन्य घायल हो गए। इसी के दो दिन बाद गत मंगलवार की रात भी कुछ ऐसी ही घटना हो गई। कर्नलगंज-हुजूरपुर मार्ग स्थित खिंदूरी गांव के पास सड़क की पटरी पर खड़े ट्रक से कार टकरा गई। कार में सवार तीन लोगों की मौत हो गई। इसके पूर्व भी गोंडा-अयोध्या हाईवे पर परसागांव के पास सड़क के किनारे खड़ी डीसीएम से कार टकरा गई थी। इसमें भी दो लोगों की मौत हो चुकी है।

ऐसे ही सड़क व पटरी पर खड़े वाहन हादसों के कारण बन चुके हैं। वहीं अधिक रफ्तार व जल्दबाजी भी हादसों का कारण बन रहे हैं। दस दिन पूर्व दो मोटर साइकिल में हुई भिड़ंत में दो की मौत हो चुकी है। सड़क हादसे इस बात की गवाही दे रही कि यातायात नियमों के प्रति वाहन चालक जागरूक नहीं होना चाहता हैं। वहीं सड़क व पटरी पर पार्किंग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई न होना भी मुख्य कारण माना जा रहा है।

# नजूल की जमीन का बैनामा करने में दो गिरफ्तार

गोंडा। सिविल लाइंस में नजूल की जमीन का बैनामा करने के मामले में दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों ने कैसरगंज सांसद के भतीजे सुमित भूषण सिंह को तीन एकड़ जमीन बेची थी। मामले में नजूल निरीक्षक रघुनाथ तिवारी ने एफआईआर दर्ज कराई थी।

## सिविल लाइंस की तीन एकड़ नजूल की जमीन बेचने का मामला

सुमित भूषण सिंह ने हाईकोर्ट में एफआईआर को चुनौती दी थी, मगर वहां से उन्हें कोई राहत नहीं मिली। इसके बाद पुलिस ने मामले में विवेचना तेज कर दी थी। मुकदमे सुमित भूषण सिंह के साथ ही बैनामा करने वाले आठ लोग आरोपी हैं। जिनकी गिरफ्तारी के लिए एसपी आकाश तोमर ने पुलिस टीम को कड़े निर्देश दिए थे।

पुलिस ने शुक्रवार को जगदीश प्रसाद व जगदेव प्रसाद निवासी दरियापुर हरदोपट्टी को गिरफ्तार किया है। एसपी ने बताया कि इन लोगों ने नजूल की जमीन के कूटरचित दस्तावेज तैयार कराकर फर्जी तरीके से क्रय-विक्रय कर जमीन पर कब्जा कर लिया था। प्रशासन ने कब्जा हटवाकर जांच करायी और नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था।

एसपी ने बताया कि नगर कोतवाली के उपनिरीक्षक नागेश्वर नाथ पटेल ने टीम के साथ जगदीश प्रसाद व जगदेव प्रसाद को गिरफ्तार किया है। दोनों को कोर्ट में पेश करके जेल भेजा गया है। एसपी ने बताया कि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगाई गई हैं।

# BALRAMPUR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 11-03-2023

# लकड़ी लदी ट्रैक्टर ट्राली बरामद, अभियुक्त गिरफ्तार

**बलरामपुर।** थाना सादुल्लाह नगर पुलिस टीम ने ट्रैक्टर ट्राली पर लोड 19 बोटा लकड़ी बरामद कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक बृजानंद सिंह ने बताया कि गुरुवार को नेवादा पंचायत भवन के पास एक व्यक्ति अवैध कटान कर ट्रैक्टर ट्राली पर लकड़ी लादकर जा रहा है। ट्रैक्टर चालक सईद अहमद से लकड़ी का कागजात मांगा, जिसे वह नहीं दिखा सका तो लकड़ी व व्यक्ति को गिरफ्तार कर केस दर्ज कर लिया है।

# एसपी ने कराया शकायतों का निस्तारण

**बलरामपुर।** एसपी केशव कुमार ने शुक्रवार को लगभग एक दर्जन प्रार्थना-पत्रों का निस्तारण कराया। लोगों की शिकायतें सुनकर संबंधित थाना प्रभारियों को फोन किया। एसपी के निर्देश पर समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया गया।

# वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

**पचपेड़वा।** स्थानीय थाना क्षेत्र की पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि वारंटी अभियुक्त कृष्ण के खिलाफ न्यायालय ने वारंट जारी किया था, जिसे गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया है।

---

# 19 बोटा सागौन के साथ आरोपित गिरफ्तार, मुकदमा दर्ज

**संसू, सादुल्लाहनगर (बलरामपुर) :** 19 बोटा सागौन की लकड़ी के साथ आरोपित को गिरफ्तार किया गया है। प्रभारी निरीक्षक बृजानन्द सिंह ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम नेवादा पंचायत भवन के पास एक व्यक्ति अवैध लकड़ी ट्रैक्टर ट्राली पर लाद कर ला रहा है। ट्रैक्टर ट्राली को रोककर लकड़ी के संबंध में कागजात मांगने पर वह दिखा नहीं सका। ट्रैक्टर चालक नेवादा निवासी सईद अहमद को गिरफ्तार कर लिया गया है। मुकदमा पंजीकृत कर उप निरीक्षक ज्ञानेश्वर सिंह को विवेचना सौंपी गई है। ट्रैक्टर-ट्राली को सीज कर दिया गया है। लकड़ी जब्त कर ली गई है।

# गौ हत्या के मामले में तीन गिरफ्तार, दो की तलाश

बलरामपुर, संवाददाता। गैसड़ी पुलिस टीम ने गौ हत्या निवारण अधिनियम के तीन वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। उनके पास प्रतिबंधित पशु की हत्या में प्रयुक्त औजार भी बरामद हुए हैं। दो वांछित अभियुक्तों की तलाश चल रही है। धरपकड़ व बरामदगी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बस स्टॉप के निकट शुक्रवार सुबह हुई है।

पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने बताया कि सात मार्च को गैसड़ी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में प्रतिबंधित पशु का सिर कटा शव पाया गया। मौके पर अवशेष भी मिले थे। घटना अनावरण के लिए एएसपी नम्रता श्रीवास्तव, तुलसीपुर के सीईओ राघवेंद्र सिंह व प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश चौहान को विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई थी। विवेचना के दौरान पांच लोगों का नाम घटना में प्रकाश में आया। शुक्रवार को घटना में शामिल गैसड़ी कोतवाली क्षेत्र निवासी रिजवान, मोतीन व अताउल्लाह को गिरफ्तार कर लिया गया। उनके बताने पर घटना में प्रयुक्त धारदार व अन्य औजार बरामद कर लिए गए हैं।

फरार अभियुक्त गुलाम वारिस व मकसूद की तलाश की जा रही है। गिरफ्तार रिजवान के विरुद्ध पहले भी कई अभियोग पंजीकृत हैं। अभियुक्तों की गिरफ्तारी में प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश चौहान, उपनिरीक्षक रामकुमार, हेड कांस्टेबल राजेश यादव, कांस्टेबल मंगलम विश्वकर्मा, राजन यादव, सुरेंद्र व विपिन कुमार सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# अतिक्रमण से दिक्कत

**सादुल्लाहनगर :** रेहरा बाजार को जाने वाले मार्ग पर अतिक्रमण होने से लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। घिराऊ, नंदलाल, हनुमान प्रसाद, गंगाराम व कंसराम ने उपजिलाधिकारी उतरौला से सडक़ की पटरियों को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है। (संसू)

# फर्जी ऋण लेने वाले पर कार्रवाई की मांग

**संवादसूत्र, श्रीदत्तगंज (बलरामपुर) :** श्रीनगर जुवाथान निवासी दिनेश मिश्र ने अपनी मां के नाम से 10 लाख का फर्जी ऋण लेने वाले के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है। जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित ने पंजाब नेशनल बैंक बलरामपुर की शाखा से फर्जी ऋण लेने का आरोप लगाया है।

कहा कि फर्जी तरीके से उनकी मां कांती देवी के नाम से 2017 में फर्म बनवाया गया। इसी फर्म पर बैंक ने 10 लाख रुपये का ऋण स्वीकृत कर दिया। फर्म से ऋण का पैसा निकाल लिया गया। वसूली के लिए मार्च 2023 में जब बैंक के प्रबंधक व कर्मी घर पहुंचे तो हम लोगों को ऋण लेने की बात पता चली। फाइल में उनकी मां का कोई फोटो नहीं लगा है। न ही उनका अंगूठा व अन्य दस्तावेज लगे हैं। इसके बाद भी बैंक से ऋण स्वीकृत कर दिया गया। पंजाब नेशनल बैंक में उनकी मां के नाम से कोई खाता भी नहीं है। बैंक में फाइल देखा तो उसमें एक व्यक्ति से खाते का संचालन किया जा रहा है। पीड़ित ने जिलाधिकारी से मामले की जांच कराकर ऋण का खाता बंद किए जाने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# पीआरडी 31 मार्च तक कराएं रजिस्ट्रेशन

**संसू, बलरामपुर:** प्रांतीय रक्षक दल (पीआरडी) को 31 मार्च तक रजिस्ट्रेशन कराने का अंतिम मौका दिया गया है। जिला युवा कल्याण अधिकारी प्रदीप कुमार त्रिपाठी ने बताया कि अभी तक जिन पीआरडी स्वयंसेवकों का आनलाइन रजिस्ट्रेशन नहीं हो सका है। उन्हें मौका दिया है। आनलाइन रजिस्ट्रेशन के लिए विकास भवन स्थित कार्यालय से रजिस्ट्रेशन फार्म लेकर सभी अभिलेखों की छायाप्रति को प्रमाणित करा लें। फार्म के साथ समस्त अभिलेख मूल रूप से अवश्य ले जाएं जिससे उनका आनलाइन रजिस्ट्रेशन समय से किया जा सके।



# धुएं का गुबार न बन जाए दुर्घटना का सबब

नेशनल हाईवे 730 पर पेयरा गांव के पास सड़क किनारे की नगर पालिका कूड़ा फेंक देती है। इसके बाद रोजाना कूड़े में आग लगा दी जाती है। इससे आसपास वातावरण भी दूषित होता है। इस धुएं के कारण सड़क पर वाहन चालकों को भी आवागमन में परेशानी होती है, यह कभी भी दुर्घटना का सबब बन सकती है, लेकिन प्रशासन आंखे मूंदे है ● मुकेश चौहान

# वारंटी को भेजा जेल

**बलरामपुर** : पचपेड़वा थाने की पुलिस ने वारंटी को जेल भेज दिया है। उप निरीक्षक सुभाष विश्वकर्मा ने बताया कि नारायनपुर थुम्हवा निवासी कृष्ण कुमार उर्फ पुराहे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।(संसू)

# हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज होने पर वकीलों ने किया विरोध प्रदर्शन

**संसू, बलरामपुर :** वरिष्ठ अधिवक्ता शत्रुघन यादव के ऊपर हत्या के प्रयास का मुकदमा देहात कोतवाली में दर्ज किए जाने पर वकीलों ने विरोध प्रदर्शन किया। वकीलों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मांगपत्र दिया। कलेक्ट्रेट बार संघ के महामंत्री कमलेश्वर सिंह ने बताया कि अधिवक्ता शत्रुघन यादव सहित उनके परिवार पर हत्या सहित अनुसूचित जाति अत्याचार अधिनियम में रंजिशन मुकदमा दर्ज कराया गया है। बताया कि 13 मार्च को अधिवक्ताओं की आम सभा की बैठक बुलाई गई है। यदि इस बीच कोतवाली देहात की पुलिस अधिवक्ता की ओर से प्राथमिकी नहीं दर्ज करती है तो अधिवक्ता आंदोलन शुरू करेंगे, जिसकी सारी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## मारपीट के मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

**हरैया सतघरवा :** ललिया थाना की पुलिस ने मारपीट करने वाले दो आरोपितों को जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक जयहरी मिश्र ने बताया कि आरोपितों मनजीत सिंह उर्फ गुड्डू सिंह व मानवेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। (संसू)

## वारंटी को भेजा जेल

टीम के साथ लौट आए। नगर

# गन्ने की ट्रैक्टर-ट्राली से सड़क जाम, आवागमन में परेशानी



उतरौला- मनकापुर मार्ग पर दतौली गांव के पास लगा जाम ● जागरण

**संवादसूत्र, रेहरा बाजार (बलरामपुर) :** उतरौला-मनकापुर मार्ग पर दतौली गांव के पास सड़क पर गन्ने की ट्रैक्टर-ट्राली खड़ी करने से जाम लगा रहता है। इससे लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जाम में काफी देर से फंसे राहगीरों ने जिलाधिकारी से समस्या का निराकरण कराने की मांग की है।

मुकेश सिंह, जुनेद, मनोज, संतोष कुमार, रमेश कुमार, वीपत, राम लौटन व संतोष कुमार ने बताया कि सड़क जाम होने से भारी संख्या में लोग फंस जाते हैं। सड़क पर राहगीरों को निकलने का कोई रास्ता नहीं है। ट्रैक्टर-ट्रालियां सड़क पर बेतरतीब खंड़ी कर दी जाती हैं। इसके चलते आवागमन में परेशानी होती है। यह समस्या कई दिनों से है। सड़क पर जाम की समस्या उत्पन्न करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए और लोगों को जाम से मुक्ति दिलाई जाए। उपजिलाधिकारी उतरौला संतोष कुमार ओझा ने रेहरा बाजार थाने की पुलिस को तत्काल समस्या का निराकरण कराने का निर्देश दिया है।

## संरक्षित पशु की हत्या के मामले में तीन गिरफ्तार

**गैसड़ी।** क्षेत्र के बभनपुरवा में 7 मार्च को संरक्षित पशु के अवशेष खेत में मिले थे। इसे लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी थी। कोतवाल ओपी सिंह चौहान ने बताया कि संरक्षित पशु की हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। इस मामले में पांच लोगों के नाम प्रकाश में आए हैं। इसमें से रिजवान, मोतीम व अताउल्ला को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया गया है। शेष आरोपियों की गिरफ्तारी की कोशिश हो रही है। (संवाद)

## 19 बोटा सागौन की लकड़ी समेत एक गिरफ्तार

**सादुल्लाहनगर।** चोरी से सागौन की लकड़ी काटकर ले जा रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उपनिरीक्षक परमानंद चौहान ने नेवादा पंचायत भवन के पास से ट्रैक्टर-ट्राली से ले जाए जा रहे 19 बोटा सागौन बरामद किया है। इस मामले में शहीद अहमद निवासी नेवादा को शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के खिलाफ पहले से ही 12 मुकदमे दर्ज हैं। वहीं पचपेड़वा पुलिस ने धमकाने के आरोप में कृष्णकुमार निवासी थुम्हवा को पकड़ा है। (संवाद)

## बैंकों की सुरक्षा की हुई जांच

**बलरामपुर।** एसपी केशव कुमार ने बताया कि शुक्रवार को जिले के बैंकों की सुरक्षा की जांच कराई गई। बैंक प्रबंधकों से पुलिस अधिकारियों ने संवाद किया। साथ ही सुरक्षा प्रबंधों की स्थिति की समीक्षा की गई। (संवाद)

## बेटियों व महिलाओं को किया जागरूक

**बलरामपुर।** देहात कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार को एंटी रोमियो टीम ने भ्रमण कर बेटियों व महिलाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। बेटियों व महिलाओं को टीम की तरफ से सड़क सुरक्षा का पाठ पढ़ाया गया। एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव ने बताया कि मिशन शक्ति के तहत एंटी रोमियो टीम ने जागरूकता अभियान चलाया। इसके तहत बेटियों व महिलाओं को आत्मरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। 1090, 181, 1076, 112, 1098, 102, 108 व 1930 आदि हेल्पलाइन नंबरों के बारे में भी उन्हें जानकारी दी गई। इस दौरान सड़क सुरक्षा का भी पाठ पढ़ाया गया। (संवाद)

# आंदोलन की चेतावनी

**बलरामपुर।** कलेक्ट्रेट बार संघ के महामंत्री कमलेश्वर सिंह ने बताया कि बुधवार को कोतवाली देहात के गंगापुर लखना गांव के कुछ लोगों ने अधिवक्ता शत्रुहन यादव के साथ मारपीट की। पुलिस ने अधिवक्ता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज न कर दूसरे पक्ष से अधिवक्ता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। उन्होंने बताया कि एसपी से मिलकर शिकायत की गई है। कार्रवाई न होने पर आंदोलन किया जाएगा। (संवाद)

# 31 मार्च तक कराएं ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन

**बलरामपुर।** पीआरडी जवानों का पंजीकरण कराना अनिवार्य है। 31 मार्च तक सभी जवान निर्धारित प्रारूप पर रजिस्ट्रेशन करवा लें। यह कहना है जिला युवा कल्याण अधिकारी प्रदीप कुमार त्रिपाठी का। शुक्रवार को उन्होंने बताया कि जिन पीआरडी जवानों ने अब तक पंजीकरण नहीं कराया वह विकास भवन स्थित कार्यालय से निर्धारित प्रारूप पर आवेदन जमा कर दें। (संवाद)

# गांव की बदहाली को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

संवाद न्यूज एजेंसी

## हरैया ब्लॉक के लंबीकोहल गांव में मूलभूत सुविधाओं का अभाव

हरैया सतघरवा (बलरामपुर)। स्थानीय ब्लॉक के लंबीकोहल गांव में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। बिजली, पानी व सड़क जैसी मूलभूत समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों ने शुक्रवार को विरोध-प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने डीएम को मांग पत्र भेजकर समस्या दूर कराने की मांग की है।



लंबीकोहल गांव में प्रदर्शन करते ग्रामीण। संवाद

ग्रामप्रधान प्रानपति, माता प्रसाद तिवारी, नरेंद्र कुमार, राघवेंद्र कुमार, मनोज कुमार, हरिशंकर, राजवंती, सोहनलाल, सियाराम, बनवारी, फौजदार, रीना, रामपाल, बेलदार, नानबाबू, रामसागर, रविकुमार, मीना, पीयूष कुमार, साहबलाल, सियाराम व शांति प्रसाद आदि ने प्रदर्शन करते हुए कहा कि आजादी के बाद से ही गांव उपेक्षित है।

यहां बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में कोई काम नहीं हुआ है। गांव जाने के लिए कोई पक्की सड़क नहीं है। गांव तक एंबुलेंस न पहुंचने से मरीजों व प्रसूताओं को अस्पताल पहुंचाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जंगल से सटा होने के कारण गांव में जंगली जानवरों का खतरा भी बना रहता है।

गांव में बिजली न होने के कारण ग्रामीणों को रात ढिबरी की रोशनी में काटनी पड़ती है। इन लोगों ने डीएम को प्रार्थना पत्र भेजकर समस्या दूर कराने की मांग की है। बीडीओ अनूप कुमार सिंह ने बताया कि गांव में विकास की कार्य योजना तैयार की गई है। जल्द ही ग्रामीणों को समस्या से निजात मिलेगी।

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 11-03-2023

# मंदिर में तोड़फोड़ से ग्रामीणों में आक्रोश



खैरीघाट के थैलिया गांव में शिव मंदिर के पास मौजूद पुलिसकर्मी ● जागरण

**संसू, शिवपुर (बहराइच):** थैलिया गांव स्थित भगवान शंकर के मंदिर में कुछ शरारती तत्वों ने तोड़फोड़ की, जिससे आक्रोश फैल गया। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी।

मौके पर क्षेत्राधिकारी महसी जयप्रकाश त्रिपाठी, प्रभारी निरीक्षक खैरीघाट सत्येंद्र बहादुर सिंह भारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए सीओ महसी ने लोगों को समझा कर स्थिति को सामान्य किया। उन्होंने बताया कि मंदिर के टूटे अवशेष को स्थानीय लोगों की मदद से सही करवाने का प्रयास किया जा रहा है। थाना प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि किसी शरारती तत्व ने मंदिर में छेड़छाड़ की थी। मौके पर पुलिस बल तैनात है। स्थिति सामान्य है। प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# अज्ञात पर अग्निकांड की एफआइआर दर्ज

**जासं, बहराइच** : जिलाधिकारी आवास के बगल मंगलवार को जल निगम के कार्यालय में हुए भीषण अग्निकांड में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। यह प्राथमिकी अधिशाषी अभियंता राकेश कुमार ने कोतवाली देहात में दर्ज कराई है।

उनके मुताबिक डीएम चौराहे पर खंडीय भंडार भवन है। सात मार्च को दोपहर ढाई बजे के आसपास अज्ञात कारणों से आग लग गई। सार्वजनिक अवकाश होने के कारण कार्यालय बंद था। कार्यालय की

## दस्तावेजों के साथ खंडीय भंडार गृह में रखी सामग्री खाक, रायपुर राजा चौकी इंचार्ज करेंगे जांच

सुरक्षा के लिए गयाप्रसाद पंप अटेंडेंट व स्टोर चौकीदार ड्यूटी पर थे।

आग लगने की सूचना वरिष्ठ सहायक अभियंता रवि प्रताप सिंह को दी गई। सूचना मिलते ही सहायक अभियंता ने जिला प्रशासन, अधीक्षण अभियंता देवीपाटन मंडल गोंडा व मुख्य अभियंता गोरखपुर को दी गई। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मचारी मौके पर पहुंच गए।

अग्निशमन अधिकारी ने दमकल कर्मियों के साथ पहुंचकर आग पर काबू पाया। आग लगने से कार्यालय के महत्वपूर्ण दस्तावेजों के जलने के साथ ही खंडीय भंडार गृह के तमाम सामग्री जलकर खाक हो गई। इससे खंडीय कार्यालय को क्षति हुई है। मामले की जांच रायपुर राजा चौकी इंचार्ज सूरज कुमार को सौंपी गई है।

# चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार

बहराइच। विशेश्वरगंज थाने की पुलिस ने कुछ दिन पूर्व हुई चोरी का खुलासा करते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से चोरी का सामान भी बरामद किया है।

एसएचओ श्याम देव चौधरी ने बताया कि दरोगा शोभनाथ यादव, सिपाही अरुण मिश्रा, दिनेश चौधरी ने विशेश्वरगंज रेलवे स्टेशन के पास दबिश दी। पुलिस ने एक संदिग्ध को पकड़ा और तलाशी ली।

# चाइनीज माझे से गर्दन कटी

**बहराइच :** राम्मगांव इलाके के खैरटिया अमीनपुर निवासी 50 वर्षीय सलीम्म खां बाइक से दरगाह किसी कार्य से आए थे। भिनगा बस स्टैंड के पास चाइनीज माझे से उनकी गर्दन कटने गई। वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पूर्व में भी इस तरह की घटनाएं हो चुकी हैं, चाइनीज माझे की बिक्री पर रोक नहीं लग पा रही है। (जासं)

# 45 सिपाही बने उपनिरीक्षक

जासं, बहराइच : जिले में तैनात 45 सिपाही परीक्षा पास कर उपनिरीक्षक बन गए हैं। इन सभी का इस्तीफा एसपी ने स्वीकृत कर दिया है।

उत्तर प्रदेश पुलिस प्रोन्नति एवं भर्ती बोर्ड की ओर से बीते साल शासन के निर्देश पर उपनिरीक्षक भर्ती की परीक्षा कराई गई थी। परीक्षा में जिले के सिपाही भी बड़ी संख्या में शामिल हुए थे। इस परीक्षा में जिले के 45 सिपाहियों ने बाजी मारी है।

पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने बताया कि सिपाहियों की भर्ती अब उपनिरीक्षक के पद पर हो गई है। बीते दिनों सभी को नियुक्ति पत्र का वितरण भी मंडल मुख्यालयों पर कर दिया गया है। इन्होंने आरक्षी के पद से अपना इस्तीफा भेज दिया है। सभी के इस्तीफे मंजूर करते हुए शासन को सूचना भेज दी गई है।

Baljiwan

# शिव मंदिर में तोड़फोड़, ग्रामीणों में नाराजगी



थैलिया गांव में मंदिर में तोड़फोड़ के बाद इकट्ठा लोग। -संवाद

**द न्यूज एजेंसी**

**खैरीघाट (बहराइच)।** थाना क्षेत्र के ग्राम थैलिया स्थित भगवान शिव मंदिर में बृहस्पतिवार देर रात अराजक तत्वों ने तोड़फोड़ कर दी। शुक्रवार सुबह ग्रामीणों को इसकी जानकारी हुई तो आक्रोश फैल गया। मंदिर के पास ग्रामीणों का जमावड़ा होने लगा। घटना की सूचना मिलने पर स्थिति शांतिपूर्ण बनाए रखने के लिए भारी संख्या में पुलिस के जवानों की तैनाती की गई है। पुलिस क्षेत्राधिकारी की देखरेख में मरम्मत कार्य भी शुरू करा दिया गया है।

थाना खैरीघाट क्षेत्र के ग्राम थैलिया में गांव से कुछ दूरी पर भगवान शिव का मंदिर है। शाम होने के बाद मंदिर में सन्नाटा पसर जाता है। बृहस्पतिवार रात कुछ अराजक तत्वों ने मंदिर में तोड़फोड़ कर दी गई। सुबह जब ग्रामीण खेतों की ओर रवाना हुए तो मंदिर का कलश व अन्य हिस्से क्षतिग्रस्त मिले।

यह सूचना कुछ ही देर में पूरे गांव में फैल गई जिससे काफी संख्या में ग्रामीण मंदिर के पास एकत्रित होकरकार्रवाई की मांग करने लगे। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस क्षेत्राधिकारी महसी जयप्रकाश त्रिपाठी व प्रभारी निरीक्षक खैरीघाट सत्येंद्र बहादुर सिंह भारी संख्या में पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों को समझा बुझाकर शांत कराया। दोषियों का पता लगाकर कार्रवाई का आश्वासन भी दिया। सीओ की निगरानी में मंदिर मरम्मत का कार्य शुरू करा दिया गया है।

## थैलिया में पुलिस बल तैनात, मंदिर की मरम्मत शुरू



थैलिया गांव में जांच करती पुलिस। -संवाद

> किसी शरारती तत्व ने मंदिर में तोड़फोड़ की है। स्थानीय लोगों व पुलिस के सहयोग से मंदिर की मरम्मत का कार्य शुरू करा दिया गया है। घटना के संबंध में कोई तहरीर नहीं मिली है।
>
> **- जेपी त्रिपाठी,** सीओ महसी।

# SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 11-03-2023

# होली मिलन समारोह आयोजित हुआ

- फुटबाल में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का सम्मान
- जिला न्यायाधीश के साथ ही अन्य पुलिस अधिकारी शामिल हुए

**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक आवास में होली मिलन व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद न्यायाधीश के साथ ही अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी शामिल हुए। इस मौके पर लोगों ने एक दूसरे को अबीर लगाकर होली की बधाई दी। वहीं फुटबाल में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

पुलिस अधीक्षक आवास पर गुरुवार रात होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में जनपद न्यायाधीश गौरव श्रीवास्तव, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अनिल कुमार, पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव, क्षेत्राधिकारी भिनगा अतुल कुमार चौबे, क्षेत्राधिकारी इकौना सन्तोष कुमार के साथ ही सभी थाना प्रभारी निरीक्षक व कर्मचारी शामिल हुए। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह की ओर से सभी थाना प्रभारियों व ड्यूटीरत कर्मचारियों को होली व शबे बारात त्योहार को सकुशल सम्पन्न कराने पर बधाई दी गयी। इसके साथ ही जनपद न्यायाधीश गौरव श्रीवास्तव व पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने देवरिया जनपद में आयोजित हुई 71वीं अन्तर्जनपदीय उत्तर प्रदेश पुलिस फुटबाल प्रतियोगिता में उपविजेता रही श्रावस्ती जनपद की पुरुष टीम को बधाई दी गई साथ ही प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया।

# बिना परमिट काटे सागौन के पेड़

**जमुनहा(श्रावस्ती)।** हरदत्त नगर गिरंट थाना क्षेत्र के गौसपुर चौराहा के पास श्याम सुंदर आर्य खेत में सागौन के पेड़ लगे थे। जिसे बगैर परमिट लकड़ी माफियाओं ने बृहस्पतिवार रात काटकर गिरा दिया। इसकी सूचना ग्रामीणों ने वन विभाग को दी। मौके पर पहुंचे वन दरोगा अजय कश्यप व गिरंट पुलिस ने काटे गए पेड़ को कब्जे में लेकर जांच शुरु कर दी है। वन दरोगा ने बताया कि मौके पर सात पेड़ कटे मिले हैं। मामले की जांच की जा रही है। संवाद



## वाहनों का चालान काटा गया

श्रावस्ती। यातायात नियम का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध पुलिस की ओर से वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्र में अलग अलग चेकपोस्टों पर चेकिंग लगाकर वाहनों को चेक किया गया। इस दौरान पुलिस ने वाहन के पेपर, हेलमेट, तीन सवारी आदि की चेकिंग की।

# 10 वाहनों का ई-चालान

**भिनगा :** जिले की यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने व नियमों का पालन कराने के लिए वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस टीम ने बैरियर व चेक पोस्ट पर जांच कर 10 वाहनों का मोटर वाहन अधिनियम के तहत ई-चालान करते हुए 16 हजार 200 रुपये का सम्मन किया।(वि.)

# शांतिभंग में पांच पाबंद

**श्रावस्ती :** अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए विभिन्न थानों की पुलिस ने अभियान चलाकर शांतिभंग की आशंका में पांच आरोपितों को पाबंद किया। सभी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।(वि.)

# जनता दर्शन में आई 18 शिकायतें

**श्रावस्ती :** एसपी प्राची सिंह ने शुक्रवार को जनता दर्शन में आए फरियादियों की शिकायतें सुनी। इस दौरान कुल 18 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इसमें से पांच भूमि विवाद, सात पारिवारिक विवाद व छह शिकायतें अन्य विवाद से संबंधित थीं। प्राप्त शिकायतों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए। (वि.)

# प्रेम व सौहार्द का पर्व है होली



फुटबाल प्रतियोगिता में उपविजेता रही श्रावस्ती की टीम को ट्राफी व उपहार देते जिला जज गौरव श्रीवास्तव ( बाएं ) व एसपी प्राची सिंह ( बाएं से दूसरे ) ● जागरण

**जासं, श्रावस्ती** : पुलिस अधीक्षक आवास पर गुरुवार की शाम होली मिलन समारोह आयोजित हुआ। इस दौरान न्यायिक व पुलिस अधिकारियों ने एक-दूसरे को गले मिल अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी गईं। जिला जज गौरव श्रीवास्तव ने कहा कि होली प्रेम व सौहार्द का पर्व है। इसे मिल-जुलकर मनाने से खुशियां दोगुना हो जाती हैं।

पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने कहा कि होली मस्ती व उल्लास का पर्व है। इसे आपसी सौहार्द के साथ मनाने से प्रेम व भाईचारा कायम रहता है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अनिल कुमार, एएसपी प्रवीण कुमार यादव, भिनगा सीओ अतुल कुमार चौबे, इकौना सीओ संतोष कुमार के अलावा सभी थाने के प्रभारी निरीक्षक व कर्मचारी मौजूद रहे।

## फुटबाल टीम सम्मानित

जिला जज गौरव श्रीवास्तव व एसपी प्राची सिंह ने देवरिया जिले में आयोजित हुई 71वीं अंतरजनपदीय उप्र पुलिस फुटबाल प्रतियोगिता ( महिला व पुरुष ) में उपविजेता रही श्रावस्ती जिले की पुरुष टीम को प्रशस्ति पत्र, ट्राफी व उपहार देकर उत्साहवर्धन किया प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

# बिना परमिट काटे सागौन के पेड़

**संसू, जमुनहा( श्रावस्ती)** : हरदत्तनगर गिरंट क्षेत्र के गौसपुर चौराहे के पास खेत में लगे सागौन के लगभग छह पेड़ों को बिना परमिट के काट डाला गया। पुलिस व वन विभाग की टीम पहुंची। वन विभाग ने लकड़ी को कब्जे में लेकर मुकदमा दर्ज किया है। गौसपुर निवासी रामसुंदर का गौसपुर चौराहे के पास खेत है। इसमें लगभग 36 पेड़ सागौन के लगे हुए थे। गुरुवार की रात इसमें से छह पेड़ कुछ लोगों ने काट डाले। पुलिस व वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची तो आरोपित फरार हो गए। वन टीम ने मौके पर कटे पड़े सागौन के 40 बोटे को कब्जे में लिया है। वन दारोगा अजय कश्य ने बताया कि खेत मालिक रामसुंदर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

कार्यालय
No. : 1667 /

# एसपी आवास पर हुआ होली मिलन समारोह

**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक आवास पर बृहस्पतिवार शाम होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। न्यायिक, पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी।

रंगों के महापर्व होली के सकुशल संपन्न होने के बाद पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों व कर्मचारियों ने बृहस्पतिवार को जम कर होली खेली। इस दौरान देर शाम पुलिस अधीक्षक आवास पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें जिला जज गौरव कुमार श्रीवास्तव, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अनिल कुमार, एसपी प्राची सिंह, एएसपी प्रवीण कुमार यादव, सीओ सिटी अतुल कुमार चौबे, सीओ इकौना संतोष कुमार सहित कई अन्य पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी तथा सभी थाना प्रभारी व कर्मचारी शामिल हुए। एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।

इस दौरान एसपी ने सभी थाना प्रभारियों व ड्यूटी कर्मचारियों को होली व शब ए बारात को सकुशल संपन्न कराने के लिए बधाई देते हुए भविष्य में आने वाले त्योहारों व चुनौतियों से निपटने के लिए प्रोत्साहित किया। संवाद

# अभियान चलाकर महिलाओं को किया जागरूक

संवाद न्यूज एजेंसी



मोतीपुर के निकट महिलाओं व युवतियों को सुरक्षा के टिप्स देती पुलिस। -संवाद

**श्रावस्ती।** महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन के लिए मिशन शक्ति अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत शुक्रवार को सिरसिया के मोतीपुर कला, बनकटवा व इकौना देहात में कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं व युवतियों को जागरूक किया गया।

सिरसिया थाना क्षेत्र के मोतीपुर कला रानियापुर कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र पर आयोजित चौपाल के दौरान महिला आरक्षी संज्ञा भारती ने महिलाओं को कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, वृद्धा पेंशन योजना, दिव्यांग पेंशन योजना, मातृत्व वंदना योजना आदि के बारे में जानकारी दिया। महिला आरक्षी अर्जिता यादव ने बालिकाओं व ग्रामीण महिलाओं व बच्चियों को मिशन शक्ति अभियान के बारे में जानकारी देते हुए सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता के लिए बनाए गए कानून एवं नियमों के संबंध में जागरूक किया।

इकौना देहात में आयोजित चौपाल के दौरान महिला आरक्षी विनीता देवी ने मौजूद महिलाओं व युवतियों को हेल्पलाइन नंबर वीमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, पुलिस कंट्रोल 112 आदि के बारे में जानकारी देते हुए इसे महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा की गारंटी बताया। वहीं सिरसिया के बनकटवा में महिला आरक्षी सोनी देवी ने कहा कि आप लोगों को यदि किसी प्रकार की समस्या होती है या कहीं आने जाने पर कोई अनजान व्यक्ति परेशान करता है तो हेल्पलाइन नंबर फोन कर सहायता प्राप्त की जा सकती है। फोन करने वाली महिलाओं व बच्चियों का नाम पता गोपनीय रखा जाता है। इस दौरान महिलाओं को विभिन्न कानूनों, साइबर अपराध की जानकारी देते हुए पंपलेट वितरित किया गया। संवाद

# जनता दर्शन में एसपी ने सुनी समस्या

**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शुक्रवार को एसपी प्राची सिंह ने जनता दर्शन में आए फरियादियों की समस्या सुनी। इस दौरान कुल 18 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इसमें पांच भूमि विवाद, सात पारिवारिक विवाद व छह अन्य विवाद से संबंधित थे। इस पर एसपी ने संबंधित थाना व चौकी प्रभारियों को फोन कर शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने का निर्देश दिया है। संवाद

# दस वाहनों का चालान

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस की ओर से शुक्रवार को विभिन्न बैरियर व चेक पोस्ट पर वाहनों की जांच की गई। इस दौरान पुलिस ने 10 वाहनों का मोटर वाहन अधिनियम में ई चालान कर 16200 रुपये शमन भी किया। संवाद



# विजेता टीम को किया सम्मानित

**श्रावस्ती।** पुलिस विभाग की ओर से देवरिया जिले में 71वीं अंतरजनपदीय उत्तर प्रदेश पुलिस फुटबॉल प्रतियोगिता कराई गई। पुरुष वर्ग की अंतरजनपदीय फुटबॉल प्रतियोगिता में श्रावस्ती पुलिस उपविजेता रही। बृहस्पतिवार शाम एसपी आवास पर जिला जज गौरव कुमार श्रीवास्तव व एसपी प्राची सिंह ने उप विजेता श्रावस्ती की पुरुष टीम को शील्ड, प्रशस्ति पत्र व उपहार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। साथ ही भविष्य में होने वाली अन्य प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस मौके पर कई अन्य अधिकारी व पुलिसकर्मी मौजूद रहे। संवाद

# शांतिभंग के आरोप में पांच गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस की ओर से बृहस्पतिवार रात अभियान चलाकर पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया। इनके विरुद्ध शांतिभंग करने के आरोप में कार्रवाई कर संबंधित एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया है। संवाद